

// किसी भी क्लास में नहीं पढ़ाया जाता कि कैसे बोलना चाहिए, लेकिन जिस प्रकार से आप बोलते हैं, वह तय कर देता है कि आप किस क्लास के हैं। \\

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

**सुबल वाणी**


प्रसन्न व्यक्ति हमेशा स्वयं का मूल्यांकन करता है और दुःखी व्यक्ति वह है जो सदैव दूसरों का मूल्यांकन करता है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 22 अक्टूबर, 2025 | कार्तिक कृष्ण पक्ष: प्रतिपदा/द्वितीया विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 291 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### पूर्व डीजीपी, पत्नी, बेटी और बहू पर हत्या का केस दर्ज

**पंचकूला, 21 अक्टूबर।** पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक (मानवाधिकार) मोहम्मद मुस्तफा और उनकी पत्नी, पूर्व लोक निर्माण मंत्री रजिया सुल्ताना, उनकी बेटी और बहू पर कल उनके बेटे अकील अख्तर की हत्या का मामला दर्ज किया गया। पंचकूला के सेक्टर 4, मनसा देवी कॉम्प्लेक्स में रहने वाले अकील 16 अक्टूबर को अपने आवास पर मृत पाए गए थे। पंचकूला के एमडीसी पुलिस स्टेशन में उन पर बीएनएस की धारा 103(1) (हत्या) और 61 (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया गया।

उनका शव मिलने के बाद, परिवार के सदस्यों ने पुलिस को सूचित किया कि वह अपने कमरे में मृत पाए गए थे। चूंकि शुरुआत में किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं था, इसलिए पोस्टमार्टम किया गया और शव अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया गया।

...विस्तृत खबर पेज 10 पर

# हरियाणा-पंजाब की हवा में घुला जहर, चंडीगढ़ में सुधार

## कई शहरों में सांस लेना मुश्किल : दिल्ली में 38 में से 36 मॉनिटरिंग स्टेशनों का प्रदूषण का स्तर रेड जोन में दर्ज

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** दीपावली पर पंजाब-हरियाणा समेत दिल्ली-एनसीआर की हवा खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में तो सांस तक लेना मुश्किल हो गया। हालांकि चंडीगढ़ में इस बार दिवाली के बाद हर बार की तुलना में एक्यूआई में काफी सुधार देखा गया।

चंडीगढ़ प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार, इस बार केवल ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति दी गई थी, वो भी केवल रात्रि 8 से 10 बजे तक। यानि हवा की गुणवत्ता पहले से बेहतर रही और शहर के नागरिकों का सहयोग सराहनीय रहा। चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति और पर्यावरण विभाग ने नागरिकों को उनके जागरूक और जिम्मेदार व्यवहार के लिए धन्यवाद दिया।

**वहीं** राजधानी दिल्ली 'गैस चैंबर' बन गई है। आंखों में जलन महसूस होने लगी। 38 निगरानी स्टेशनों में से 34 ने सोमवार को प्रदूषण का स्तर 'रेड जोन' में दर्ज किया गया है। भले ही सुप्रीम कोर्ट ने रात 8 बजे से लेकर 10 बजे तक पटाखे फोड़ने का टाइम तय किया था लेकिन लोगों ने तय टाइम से अधिक समय तक आतिशबाजी की। इसने दिल्ली की एयर क्वालिटी को रेड जोन में पहुंचा दिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 38 में से 36 मॉनिटरिंग स्टेशनों ने प्रदूषण का स्तर रेड जोन में दर्ज किया। रेड जोन शहरभर में बहुत खराब से गंभीर एयर क्वालिटी को दर्शाता है।

दिल्ली के नरेला इलाके में एक्यूआई 551 तक पहुंच चुका है, जो सबसे ज़्यादा दर्ज किया गया। इसके अलावा, अशोक विहार में भी वायु गुणवत्ता 493 रही।

बवाना में एक्यूआई 418, जहांगीरपुरी में एक्यूआई 404 और वजीरपुर में 408 रिकॉर्ड किया गया। आनंद विहार का एक्यूआई 394 दर्ज किया गया है। दिल्ली से सटे नोएडा में एक्यूआई 369 और गाजियाबाद में 402 रहा, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। सिर्फ चंडीगढ़ में यह 158 रहा। यह डेटा बताता है कि एनसीआर में हवा की गुणवत्ता कितनी तेज़ी से गिरी है। सरकार और प्रशासन को इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' और 'गंभीर' श्रेणी में है।



### 150 एफआईआर दर्ज

दिल्ली पुलिस ने राजधानी में पटाखे फोड़ने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का कथित तौर पर उल्लंघन करने को लेकर 100 से अधिक मामले दर्ज किए हैं, जबकि अवैध तरीके से पटाखों की बिक्री के आरोप में करीब 50 मामले दर्ज किए गए हैं।

ओवरऑल दिल्ली - 531
नरेला - 551
अशोक विहार - 493
आनंद विहार - 394
गाजियाबाद - 402
नोएडा - 369
**चंडीगढ़ - 158**

### पंजाब में लुधियाना तो हरियाणा में सोनीपत सबसे प्रदूषित

पंजाब के लुधियाना में एक्यूआई 209, अमृतसर में 225, जालंधर में 198, बठिंडा में 242 और पटियाला में 233 रहा। वहीं हरियाणा एक गैस चैंबर में तब्दील हो गया। रात करीब 12 तक 15 जिलों में एयर क्वालिटी इंडेक्स खतरनाक स्तर यानी 500 तक पहुंच गया था। यह हवा इतनी जहरीली थी कि एक स्वस्थ व्यक्ति को भी बीमार कर सकती थी। मंगलवार सुबह हरियाणा के फरीदाबाद में एक्यूआई 247, सोनीपत में 343, रोहतक में 341, करनाल में 201, भिवानी में 328, जींद में 247, कैथल में 290, कुरुक्षेत्र में 234, पानीपत में 231 और सिरसा में 296 और चरखी दादरी में 279 दर्ज किया गया।

### दिल्ली सरकार ने पंजाब पर लगाया पराली जलाने का आरोप

दिल्ली की भाजपा सरकार ने मंगलवार को पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ाने का आरोप लगाया। दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पंजाब की आप सरकार ने किसानों को खेतों में पराली जलाने के लिए मजबूर किया। सिरसा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब में पराली जलाने के वीडियो भी दिखाए। उन्होंने कहा- दिवाली की रात पराली जलाने की सबसे ज्यादा घटनाएं पंजाब में हुईं। AAP नेताओं ने दिल्ली CM, भाजपा और सनातन धर्म के अनुयायियों के दिवाली पर पटाखे फोड़ने की निंदा की, लेकिन प्रदूषण बढ़ने का असली कारण पंजाब में पराली जलाना है।

# वृद्धजनों के साथ दीपोत्सव मनाना एक आनंददायक अनुभव : नायब



### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वृद्धाश्रम में मनाया दीपोत्सव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीपावली के पावन अवसर पर पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ दीपोत्सव मनाया।

उन्होंने कहा कि पंचकूला के वृद्धाश्रम में पहुंचकर सम्माननीय वृद्धजनों के साथ दीपोत्सव मनाना एक अत्यंत आत्मीय, प्रेरणादायी और आनंददायक अनुभव रहा। इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं, उन्हें मिठाइयां वितरित कीं और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों के साथ आतिशबाजी कर इस उत्सव की खुशियां सांझा की। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रेम, स्नेह और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है, जो हमें यह सिखाता है कि सच्चा उत्सव वही है, जिसमें हर चेहरे पर मुस्कान और हर हृदय में अपनत्व का प्रकाश झिलमिलाता हो।

इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी पंचकूला की सचिव सविता अग्रवाल, भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, पार्षद जय कौशिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।





# मुख्यमंत्री ने डीआईजी भुल्लर को किया निलंबित; भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति दोहराई

जनसेवा में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिए पंजाब सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है यह कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 21 अक्टूबर।** भ्रष्टाचार के प्रति अपनी सरकार की जीरो-टॉलरेंस नीति को दोहराते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आईपीएस अधिकारी हरचरण सिंह भुल्लर को निलंबित कर दिया है, जिन्हें हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था।

एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार-मुक्त शासन राज्य सरकार के नैतिक मूल्यों का आधार है, जो पिछले चार वर्षों में सरकार की कार्रवाइयों से स्पष्ट रूप से झलकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए किसी भी व्यक्ति को बख्शे बिना जीरो-टॉलरेंस नीति को बरकरार रखा है। भगवंत सिंह मान ने बताया कि इसी नीति के तहत हाल ही में एक केंद्रीय एजेंसी द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए आईपीएस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्रवाई जनसेवा में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिए पंजाब सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट गतिविधियों से जनता का विश्वास कमजोर होता है और देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है। इसलिए सरकार ने इस खतरे को खत्म करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि डिप्टी इंस्पैक्टर जनरल ऑफ पुलिस को 16 अक्टूबर 2025 से निलंबित माना जाएगा।

उन्होंने दोहराया कि कोई भी अधिकारी या राजनेता, चाहे उसका पद या प्रभाव कुछ भी हो, यदि समाज-विरोधी इस गंभीर अपराध में लिप्त पाया गया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में किसी भी दोषी को नहीं छोड़ा जाएगाः मान

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज की यह कार्रवाई एक बार फिर यह स्पष्ट संदेश देती है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में किसी भी दोषी को नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भ्रष्ट गतिविधियों में किसी भी प्रकार की संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे कार्यों में शामिल व्यक्तियों के प्रति कोई नरमी नहीं दिखाई जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 2022 में पदभार संभालने के बाद से उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ निरंतर मुहिम चलाई है, जिससे पंजाब में स्वच्छ और पारदर्शी शासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

# पंजाब की यूनिवर्सिटियों और कॉलेजों में श्री गुरु तेग बहादुर जी की विरासत और शहादत पर आयोजित किए जाएंगे सेमिनार

इस पहल का उद्देश्य धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए शहादत देने वाले नौवें पातशाह और उनके निःस्वार्थ सेवकों के जीवन से युवाओं को प्रेरित करना हैः बैंस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 अक्तूबर।** राज्य के युवाओं में सत्य के मार्ग पर चलने, बलिदान की भावना और धार्मिक स्वतंत्रता के मूल्यों को संजोने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब के शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों (वी.सी.) और कॉलेज प्रिंसिपलों – जिनमें निजी और सहायता प्राप्त संस्थान भी शामिल हैं – को निर्देश दिए हैं कि वे नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन, शिक्षाओं और शहादत पर व्यापक सेमिनार आयोजित करें।

निःस्वार्थता, समानता और मानवाधिकारों पर गुरु साहिब जी के दर्शन को रेखांकित करते हुए श्री हरजोत सिंह बैंस ने सभी वी.सी. और प्रिंसिपलों को पत्र लिखकर 27 अक्तूबर 2025 से 30 नवंबर 2025 तक अपने संस्थानों में इस विषय पर सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

शैक्षणिक संस्थानों में इन कार्यक्रमों के दौरान धार्मिक मर्यादा बनाए रखने के निर्देश देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि वी.सी. और प्रिंसिपल सेमिनारों में प्रमुख सिख विद्वानों को आमंत्रित करें, ताकि विद्यार्थियों को नौवें पातशाह की महान शहादत – जिन्होंने धर्म की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बलिदान दिया – के बारे में जागरूक किया जा सके। ये सत्र उनके निःस्वार्थ सेवकों – भाई सती दास जी, भाई मती दास जी, भाई दयाला जी और भाई जैता जी (बाबा जीवन सिंह जी) – के अद्वितीय साहस, वीरता और अटूट विश्वास पर भी प्रकाश डालेंगे, जिनकी गुरु जी के प्रति भक्ति की गाथाएं इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज हैं।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राज्य की समृद्ध विरासत और इसके आधुनिक शैक्षणिक ढांचे के बीच सेतु बनाते हुए यह सुनिश्चित करना है कि इन महान नायकों की विरासत आने वाली पीढ़ियों को न्याय, सत्य और नैतिक मूल्यों के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित करती रहे।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध': 234वें दिन पंजाब पुलिस ने 11 नशा तस्करों को 4.2 किलोग्राम हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

'नशा छुड़ाने' के तहत, पंजाब पुलिस ने 23 व्यक्तियों को नशा मुक्ति उपचार के लिए किया राज़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए चलाई जा रही मुहिम ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ के 234वें दिन, पंजाब पुलिस ने मंगलवार को 248 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राज्यभर में 11 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया और 11 एफआईआर दर्ज की गई। इस प्रकार, 234 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या बढ़कर 33,500 हो गई है।

छापेमारियों के दौरान गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 4.2 किलोग्राम हेरोइन, 338 नशीली गोलियां/कैप्सूल, और 23,220 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। नशों के खिलाफ इस जंग की निगरानी के लिए पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

59 गजटेड अधिकारियों की देखरेख में, 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 248 स्थानों पर छापेमारियां कीं। दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 254 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

राज्य सरकार ने नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति ङ्क प्रवर्तन, नशा मुक्ति और रोकथाम लागू की है। 'नशा मुक्ति' अभियान के हिस्से के रूप में, आज पंजाब पुलिस ने 23 व्यक्तियों को नशा मुक्ति और पुनर्वास उपचार के लिए राज़ी किया है।

# संभावित आतंकी हमला टला; अमृतसर में आरपीजी और लांचर सहित दो गिरफ्तार

## खेप भेजने वाले पाकिस्तानी आई. एस. आई. गुर्गे के संपर्क में थे गिरफ़्तार किये दोषीः डी. जी. पी. गौरव

फिरोज़पुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया जाएगा आरोपी हरप्रीत उर्फ विक्कीः एस.एस.पी. मनिंदर सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**अमृतसर, 21 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के अभियान के दौरान, खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से एक आतंकी मॉड्यूल के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आर.पी.जी.) सहित लांचर बरामद किया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डी.जी.पी.) गौरव यादव ने आज दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान महकदीप सिंह उर्फ महक, निवासी वडाली (अमृतसर) और आदित्य उर्फ अधी, निवासी गांव भागा छीना, अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने आर.पी.जी. बरामद करने के अलावा उनका मोटरसाइकिल, जिस पर वे सवार थे, भी जब्त किया है।

डी.जी.पी. गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी पाकिस्तान के आई.एस.आई. के एक गुर्गे के संपर्क में थे, जिसने सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से यह खेप भेजी थी, और हरप्रीत सिंह उर्फ विक्की, जो इस समय फिरोज़पुर जेल में बंद है, के भी संपर्क में थे।

उन्होंने कहा, ''यह आर.पी.जी. एक योजनाबद्ध आतंकी हमले के लिए इस्तेमाल किया जाना था।'' डीजीपी ने कहा कि अगले-पिछले सम्बन्ध स्थापित करने के लिए और जांच की जा रही है जिससे पूरे नैटवर्क का पता लगाया जा सके।

ऑपरेशन से संबंधित विवरण साझा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस.एस.पी.) अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह ने बताया कि पुख्ता सूचना मिली थी कि दोनों संदिग्ध व्यक्ति - महकदीप और आदित्य - ने हरप्रीत उर्फ विक्की के निर्देशों पर आर.पी.जी.-22 नेटो एंटी-टैंक रॉकेट लांचर की खेप प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि इस पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीमों ने दोनों संदिग्धों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे खेप पहुंचाने जा रहे थे।

एस.एस.पी. ने बताया कि उन व्यक्तियों की पहचान के लिए जांच जारी है, जिन्हें यह खेप डिलीवर की जानी थी। उन्होंने कहा कि आगे पूछताछ के लिए आरोपी हरप्रीत उर्फ विक्की को भी फिरोज़पुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया जाएगा।

इस संबंध में अमृतसर ग्रामीण के थाना घरिंडा में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3, 4 और 5 तथा भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धारा 113 के तहत एफआईआर नंबर 331, दिनांक 21/10/2025 को केस दर्ज किया गया है।

### तरन तारन उप चुनावः नामांकन के अंतिम दिन 11 नामांकन पत्र दाखिल

**चंडीगढ़, 21 अक्टूबर (अप्रस)।** पंजाब विधानसभा की 21-तरन तारन सीट के उप चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन कुल 11 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि तरन तारन सीट से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार करणबीर सिंह ने आज एक और नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा, मनदीप सिंह पुत्र महिंदर पाल सिंह ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में दो नामांकन दाखिल किए हैं। वहीं, लक्खा सिंह, गुरमीत कौर, जसवंत सिंह, हरप्रीत सिंह, सारिका जोड़ा, हरपाल सिंह, मनदीप सिंह पुत्र नरिंदर सिंह और संजीव सिंह ने भी स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि आज नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि थी और नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्टूबर को की जाएगी, जबकि नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है।

# आग की मिली चार सूचनाएं, फायर ब्रिगेड ने समय पर संभाला मोर्चा

पटाखों में बारूद भरते समय अचानक हुआ भीषण धमाका, एक युवक बुरी तरह झुलसा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 21 अक्तूबर।** दिवाली के दिन जीरकपुर की चौधरी कॉलोनी में एक गंभीर हादसा हो गया, जब पटाखों में बारूद भरते समय अचानक एक भीषण धमाका हुआ। इस हादसे में एक युवक बुरी तरह झुलस गया, जिसकी पहचान सूरज के रूप में हुई है। धमाके के बाद गंभीर रूप से घायल सूरज को तत्काल जीएमसीएच-32 अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। उसके पश्चात उसे वहां से पीजीआई भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, बारूद के धमाके की भयावहता इतनी थी कि सूरज के कपड़ों में तुरंत आग लग गई और उसका हाथ-मुंह बुरी तरह से झुलस गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि विस्फोट के बाद सूरज के शरीर से खून बहने लगा था। स्थानीय निवासियों ने यह भी बताया कि युवक लगभग 60 प्रतिशत तक झुलस गया था और उसकी हालत काफी नाजुक थी। इस हादसे के अलावा, ढकोली सीएचसी में पटाखों से मामूली रूप से जख्मी हुए 6 अन्य लोग भी उपचार के लिए आए थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

पटाखों के कारण हुई आगजनी की घटनाओं को लेकर जीरकपुर के फायर ऑफिसर राजीव ने जानकारी देते हुए बताया कि दिवाली के दिन उन्हें जीरकपुर में कुल चार स्थानों पर आग लगने की सूचनाएं मिली थीं। उन्होंने बताया कि सैनी विहार फेज-1 में आग लगी थी, लेकिन दिवाली के कारण पहले से ही दो फायर टेंडर वहां तैनात थे, जिन्होंने तुरंत आग पर काबू पा लिया। इसके अलावा, लोहगढ़ दशहरा ग्राउंड में भी आग लगी थी, जहां पहले से ही मौजूद फायर टेंडर ने मात्र 10 मिनट के भीतर आग बुझा दी। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य आग लोहगढ़ में एक बैटरी शॉप पर लगी थी। वहीं, बलटाना में एक छोटा सिलेंडर भी आग की चपेट में आ गया था और पभात में एक मीटर बॉक्स को आग लगने की सूचना मिली थी। राजीव ने आश्वस्त किया कि सभी जगहों पर आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि बनूड राइस मिल में भी आग लगने की सूचना मिली थी, लेकिन डेराबस्सी फायर टेंडर ने वहां आग पर नियंत्रण कर लिया था। फायर विभाग की तत्परता से दिवाली के दिन बड़े नुकसान होने से बच गए।

### सनौली के बुजुर्ग से ठगी–चार व्यक्तियों और एक वकील द्वारा जमीन हड़पने की साजिश

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 21 अक्तूबर।** सनौली के 76 वर्षीय बुजुर्ग सुहीरद सिंह ने पुलिस के पास बयान दिया है कि कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें शादी के नाम पर ठग कर अगवा किया और उनकी जायदाद हड़पने की कोशिश की।बुजुर्ग के अनुसार, दो व्यक्ति पहले उनके पास आए और कहने लगे कि ÷बाबा, हम आपकी शादी करवा देते हैं।÷ इनकार करने पर 26 सितंबर की शाम चार व्यक्ति उनके फार्म हाउस आए, उनके हाथ-पैर बांधकर, मुंह पर टेप लगाकर ब्रीजा कार (नंबर एचआर-85-5713) में बिठाकर पानीपत ले गए। उन्हें वहाँ तीन दिन एक घर में रखा गया, जहां कप्तान सिंह, दीपक, मनीष, टिंकू उर्फ सोनू और एक महिला वकील सहित कुछ अन्य लोग मौजूद थे।

बुजुर्ग ने बताया कि कप्तान सिंह ने खुद को 302 के केस में दोषी बताते हुए कहा कि सेशन जज को एक करोड़ रुपये देने हैं और उनकी जमीन का एग्रीमेंट टू सेल या जी.पी.ए करवाने के लिए दबाव बनाया। बुजुर्ग ने कहा कि उन्हें धमकाकर दस्तखत करने के लिए मजबूर किया गया, लेकिन उन्होंने साइन नहीं किए।

13 अक्टूबर की सुबह वह महिला वकील के घर से निकलकर भागने में कामयाब हो गए और ट्रक से अपने फार्म हाउस वापस आ गए। 16 अक्टूबर को वही चार व्यक्ति दोबारा उनके पास आए, लेकिन उनके साथ किसी और व्यक्ति को देखकर भाग गए। घर पहुंचकर उन्होंने देखा कि उनका कमरा ताला बंद था, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और कागजात गायब थे, जबकि सीसीटीवी कैमरे की तार कटी हुई थी।

बुजुर्ग ने पुलिस से उक्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जैन मंदिर ज़ीरकपुर में भगवान महावीर स्वामी का 2552वां मोक्ष निर्वाण पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 21 अक्तूबर।** श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, ज़ीरकपुर में 21 सितंबर 2025 को 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2552वां मोक्ष निर्वाण पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। यह पावन पर्व दीपावली के दिन ही पड़ता है, जिसका जैन धर्म में अत्यंत विशेष महत्व है। इस अवसर पर जैन मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। सुबह भगवान का अभिषेक और शांति धारा की गई। इसके उपरांत, भगवान महावीर स्वामी के कैवल्य ज्ञान प्राप्त करने और मोक्षगमन के शुभ अवसर पर निर्वाण लड्डू अर्पित किए गए। सबसे पहले, 11 किलोग्राम का %मोक्ष निर्वाण लड्डू% श्री अतुल कुमार जैन, श्रीमती शालिनी जैन, अनमोल जैन एवं कुमारी शगुन जैन ने सहपरिवार चढ़ाया। इसके अतिरिक्त, एक-एक किलोग्राम के लड्डू राकेश जैन सहपरिवार, रिशु जैन सहपरिवार, राजकुमार जैन सहपरिवार, उज्जवल जैन एवं श्रीमती अनीता जैन सहपरिवार द्वारा अर्पित किए गए। सकल जैन समाज के सदस्यों ने भी श्रद्धापूर्वक लड्डू अर्पित किए।

कार्यक्रम के समापन पर, समाज के सदस्यों ने एक-दूसरे को निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। इस धार्मिक आयोजन में शेखर जैन, अमोल जैन एडवोकेट, आरव जैन, अशोक जैन, मोहित जैन, निखिल जैन, अरुण कुमार जैन, हिमांशु जैन एडवोकेट, सुशील कुमार जैन, अंजे जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डेराबस्सी में एक फर्नीचर गोदाम समेत छह जगहों पर लगी आग

फर्नीचर गोदाम में लाखों का सामान जलकर राख

गुलमोहर सिटी में दो कारों में लगी आग

फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

अर्थ प्रकाश/चौहान





**डेराबस्सी, 21 अक्तूबर।** डेराबस्सी के तहत त्रिवेदी कैंप गाँव में दोपहर बाद एक फर्नीचर गोदाम में भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और आग पर काबू पाया। इसके अलावा, कल दिवाली की रात डेराबस्सी में छह अलग-अलग जगहों पर आग लग गई, जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन आग में दो कारें जलकर राख हो गईं।

मौके से मिली जानकारी अनुसार, डीडी फर्नीचर का त्रिवेदी कैंप में एक बहुत बड़ा शोरूम है और एक गोदाम भी है जहाँ वह तैयार, कच्चा माल और पुराना फर्नीचर रखता है। वहाँ आज शाम करीब 4.15 बजे भीषण आग लग गई। गोदाम में ज़्यादातर फ़र्नीचर पुराना होने के कारण आग ने कुछ ही देर में गोदाम में रखे फ़र्नीचर को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि गोदाम के पीछे खेत में पराली में आग लगी हुई थी, जिससे निकली चिंगारियाँ गोदाम में घुस गईं और अंदर भीषण आग लग गई। लकड़ी का फ़र्नीचर सूखा होने के कारण आग की लपटें काफ़ी ऊँची उठ रही थीं। आग पर काबू पाने के लिए डेराबस्सी दमकल विभाग को सूचना दी गई, जिसकी गाड़ियों ने मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया।

घटनास्थल पर लोगों ने अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल करते हुए गोदाम से काफ़ी फ़र्नीचर बाहर निकाला। डीडी फ़र्नीचर के मालिक डिंपल नरूला ने बताया कि आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि इस गोदाम में 80 प्रतिशत तक फ़र्नीचर पुराना और 20 प्रतिशत नया फ़र्नीचर था।

इसके अलावा, दमकल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, कल दिवाली के दिन गोल्डन पाम सोसाइटी के पास एक बंद पड़ी फ़ैक्टरी में आग लग गई, जिस पर तुरंत काबू पा लिया गया। इसी तरह, हैबतपुर रोड स्थित गुलमोहर सिटी में दो अलग-अलग हादसों में दो कारों में आग लग गई, जिससे कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि निवासियों ने स्वयं ही संज्ञान लेते समय रहते सोसायटी में लगे आग बुझाने के लिए लगे सिलेंडर से आग पर काबू पा लिया।इसके अलावा बस स्टैंड के पीछे कबाड़ के ढेर में आग लग गई। धनौनी गाँव में एक झोपड़ी में आग लग गई। कल रात लालडू के सरसिणी में एक कार में आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने सभी जगह मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया।

# कोटला-बड़ोग नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में उपलब्ध करवाई जाएंगी अत्याधुनिक सुविधाएं : सीएम सुक्खू

मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 21 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सिरमौर जिला के कोटला-बड़ोग में आधुनिक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के निर्माण को लेकर आज यहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केन्द्र में कुल 100 बिस्तरों की क्षमता होगी तथा पुस्तकालय, व्यायामशाला, खेल गतिविधियों, योग साधना और कौशल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधा भी होगी। इसके अलावा चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए चिकित्सकों और नर्सों एवं अन्य स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने 534.36 लाख रूपये स्वीकृत किए हैं और अगर आवश्यकता हुई तो अतिरिक्त धनराशि भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

बैठक में उपायुक्त सोलन और सिरमौर वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उन्हें निर्देश दिए कि इस केन्द्र की स्थापना के लिए पशु पालन विभाग की भूमि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को स्थानान्तरित की जाए।

बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्याम भगत नेगी, प्रधान सचिव विधि राजीव बाली, निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सुमित किमटा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

### मुख्यमंत्री ने श्री गुरू तेग बहादुर के शहीदी दिवस समारोह की समीक्षा की



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर शिमला में आयोजित होने वाले समारोह के लिए समुचित प्रबन्ध किए जाएं। यह समारोह 1 व 2 नवम्बर, 2025 को रिज और पदमदेव परिसर शिमला में आयोजित किया जाएगा। गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा और शिमला जिला प्रशासन के साथ आज यहां एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समारोह में शामिल होने वाले लोगों के लिए परिवहन व ठहरने की की सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने नगर निगम शिमला को निर्देश दिए कि स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता और आयोजन स्थल पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में विधायक हरीश जनारथा, महापौर शिमला नगर निगम सुरेन्द्र चौहान, सचिव सामान्य प्रशासन राजेश शर्मा, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी, निदेशक भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग रीमा कश्यप, सिंह सभा शिमला के अध्यक्ष जसविन्द्र सिंह और प्रदेश के सभी गुरूद्वारों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने बालिका आश्रम और नारी सेवा सदन में मिठाई और उपहार बांटे

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 21 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को शिमला के समीप बालिका आश्रम का दौरा कर वहां रह रहे बच्चों के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने आश्रम की बालिकाओं को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं और उनके सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं को मिठाई और उपहार भी वितरित किए।

श्री सुक्खू ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश सरकार ने अनाथ बच्चों कर शिक्षा और देखभाल के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत 27 वर्ष की आयु पूरा होने तक इन बच्चों की पढ़ाई समेत अन्य सभी खर्चों को एक अभिभावक के रूप में सरकार पूरा कर रही है। ये बच्चे हमारे समाज का हिस्सा हैं और प्रदेश के संसाधनों पर उनका पूरा अधिकार है इसलिए उनके लिए यह योजना लाका सरकार ने कोई एहसान नहीं किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 12वीं कक्षा की पढ़ाई पूरा होने के बाद भी सरकार इन बच्चों की उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा का पूरा खर्च उठाएगी। उनकी फीस के साथ-साथ हॉस्टल व वस्त्रों का खर्च सरकार वहन करेगी तथा उन्हें 4 हजार रुपये हर माह भत्ते के रूप में भी प्रदान किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार हर संभव कोशिश कर रही है कि अपने माता-पिता को खोने वाले ये बच्चे आत्मनिर्भर बन सकें और आत्मसम्मान के साथ अपना जीवन व्यतीत करें।

श्री सुक्खू ने कहा कि आश्रम की बालिकाओं को देश भ्रमण का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है। 16 बालिकाओं को कुछ समय पूर्व भ्रमण पर भेजा गया था और अब अन्य बालिकाओं को भेजा जाएगा ताकि भ्रमण के साथ-साथ उनके ज्ञान और आत्मविश्वास की वृद्धि हो सके।

उन्होंने कहा कि इन बच्चों के विवाह के लिए राज्य सरकार ने दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया है। इसके अलावा, जिनके पास अपनी जमीन है लेकिन मकान नहीं है, उन्हें भी तीन लाख रुपये की मदद देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इन बच्चों को और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

आश्रम की बालिकाओं ने इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

मुख्यमंत्री ने बाद में मशोबरा स्थित नारी सेवा सदन भी गए और वहां रह रहीं महिलाओं को मिठाइयां व उपहार बांटे तथा दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक पंकज ललित और उपायुक्त अनुपम कश्यप भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# भाजपा जिला पदाधिकारियों ने धूमल व अनुराग ठाकुर को दिवाली की दी शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 21 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के पदाधिकारियों ने, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में, आज हिमाचल प्रदेश के दो बार के पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को उनके समीरपुर स्थित आवास पर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर बड़सर से भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल भी उपस्थित थे, जिन्होंने वरिष्ठ नेताओं से मिलकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएँ दीं और पूरे प्रदेश तथा हमीरपुर जिले में पार्टी की निरंतर मजबूती, एकता और सफलता के लिए उनका आशीर्वाद लिया।

प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और हिमाचल प्रदेश की जनता को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा, 'दीपावली प्रकाश और सद्भाव का पर्व है। यह हमें याद दिलाता है कि सामूहिक प्रयास, अनुशासन और समर्पण से सत्य और सुशासन के प्रकाश से अंधकार पर विजय प्राप्त की जा सकती है। मैं भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता से कामना करता हूँ कि वे समाज के प्रति इसी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते रहें।'

अनुराग सिंह ठाकुर ने भी प्रदेशवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी शुभकामनाएँ दीं, और जिला पदाधिकारियों के आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ÷यह दीपावली न केवल प्रकाश का उत्सव है, बल्कि प्रगति और एकता का भी उत्सव है। विकास और आत्मनिर्भरता की भावना को हिमाचल प्रदेश में निरंतर प्रसारित करने में प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का योगदान महत्वपूर्ण है। आइए, हम सभी अपने निरंतर प्रयासों और सामूहिक दृष्टिकोण से अपने राज्य और राष्ट्र को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लें।'

अपने वक्तव्य में जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि इस पावन पर्व पर वरिष्ठ नेताओं से मिलना सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा, 'प्रो. धूमल और अनुराग ठाकुर सदैव हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश भाजपा परिवार के मार्गदर्शक रहे हैं। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता प्रत्येक कार्यकर्ता को ईमानदारी और ऊर्जा के साथ जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहती है।'

मुलाकात का समापन बधाई, मिठाइयों और उत्सवी खुशियों के आदान-प्रदान के साथ हुआ, जिससे हमीरपुर जिले के भाजपा परिवार में दीपावली उत्सव की एक गर्मजोशी भरी शुरुआत हुई।

# शिमला में 25 मिनट तक पत्थरबाजी

## हाथ में चोट लगा, खून निकला, उसी से मां भद्रकाली का तिलक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 21 अक्तूबर।** हिमाचल के शिमला के धामी गांव में 'पत्थर मेले' में आज (मंगलवार) लोगों ने एक-दूसरे पर जमकर पत्थर बरसाए। दो समुदायों के लोगों के बीच करीब 25 मिनट तक पत्थरबाजी होती रही। इसके बाद, धामी के रिटायर साह्र सुभाष (60) को एक पत्थर हाथ पर लगा, जिससे उनके खून निकला। फिर इन्हीं के खून से मां भद्रकाली के चबूतरे पर तिलक लगाया गया।

शिमला से करीब 30 किलोमीटर दूर धामी गांव में हर साल दिवाली के दूसरे दिन 2 अलग-अलग परगना (एरिया) के लोग एक-दूसरे पर पत्थरों की बरसात करते हैं। यह सिलसिला तब तक चलता है, जब तक किसी पक्ष के किसी एक व्यक्ति का रक्त नहीं निकल जाता।

### 4 प्वाइंट में समझे कैसे और कब से चली आ रही यह परंपरा

मानव बलि रोकने के लिए सती हुई रानी- यह प्रथा कब शुरू हुई, किसने शुरू की, इस बारे में आज कोई नहीं जानता। क्षेत्र के लोगों के अनुसार, 'धामी राज परिवार की एक रानी थीं, जो कि शारड़ा चौराहे (जहां आज चबूतरा है) पर सती हो गई थीं। रानी इस बात से आहत रहती थीं कि मां भद्रकाली को नर बलि दी जाती है। राज परिवार पर संकट न आए, इसलिए निभाई जा रही परंपरा- उस जमाने में इलाके में सुख-शांति और राज परिवार के सुनहरे भविष्य के लिए नर बलि देने का रिवाज था। रानी इसके सख्त खिलाफ थीं। रानी तब तक राजमाता बन चुकी थीं। राजमाता का कहना था कि नर बलि की जगह भैंस की बलि दी जाए। राजा ने राजमाता की बात मान ली।

### भैंस की बलि बंद करके शुरू हुआ पत्थर मेला

मां भद्रकाली को भैंस की बलि दी जाने लगी, लेकिन क्षेत्र में आपदा आई और शाही परिवार पर कई खतरे भी आते रहे। राजमाता से निवेदन किया गया कि हमें भैंस की बलि देनी बंद कर नर बलि देना फिर से शुरू करना होगा। इस बात पर राजमाता नहीं मानीं।

### बीच का रास्ता निकालकर पत्थरबाजी शुरू

इसके बाद, बीच का रास्ता निकाला गया कि एक ऐसा खेल करवाया जाए, जिसमें दोनों तरफ अलग-अलग समुदाय के लोग हों। एक राजा की तरफ से हो और दूसरा भी उसी राजपूत वंश से हो। दोनों ही समुदाय के लोग एक दूसरे को पत्थर मारेंगे। पत्थर लगने से जिस व्यक्ति का खून निकलेगा, उसके खून से राजा मां भद्रकाली का तिलक करेगा। इस प्रकार से नर बलि से भी बचा जा सकता है और इलाके व राजवंश में सुख-शांति भी बनी रहेगी। तब से लोग एक-दूसरे पर पत्थरबाजी करते हैं।

### बीच का रास्ता निकालकर पत्थरबाजी शुरू

इसके बाद, बीच का रास्ता निकाला गया कि एक ऐसा खेल करवाया जाए, जिसमें दोनों तरफ अलग-अलग समुदाय के लोग हों। एक राजा की तरफ से हो और दूसरा भी उसी राजपूत वंश से हो। दोनों ही समुदाय के लोग एक दूसरे को पत्थर मारेंगे। पत्थर लगने से जिस व्यक्ति का खून निकलेगा, उसके खून से राजा मां भद्रकाली का तिलक करेगा। इस प्रकार से नर बलि से भी बचा जा सकता है और इलाके व राजवंश में सुख-शांति भी बनी रहेगी। तब से लोग एक-दूसरे पर पत्थरबाजी करते हैं।

# टीबी उन्मूलन अभियान के तहत डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा का सराहनीय प्रयास

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 21 अक्तूबर।** टीवी (तपेदिक) उन्मूलन अभियान के अंतर्गत आज डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने पाँच तपेदिक रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रोटीन युक्त पोषण किट वितरित की। डॉ. वर्मा पिछले एक वर्ष से लगातार इस मानवीय और सामाजिक पहल के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता कर रहे हैं।

इस अवसर पर डॉ. वर्मा ने कहा 'टीबी जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। मैं सभी सक्षम लोगों से अपील करता हूँ कि वे भी एक-एक तपेदिक रोगी को गोद लें और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ाने में योगदान दें। मिलजुलकर ही हम 'टीवी मुक्त भारत' के संकल्प को साकार कर सकते हैं।' इस अवसर पर डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने रोगियों को भी समझाया के दवाई एक भी दिन आपने छोड़नी नहीं है क्योंकि एक भी दिन छूट जाए दवाई तो कोर्स को फिर से शुरू करना पड़ता है और ऐसा करने से तपेदिक जैसा रोग रेजिस्टेंट हो जाता है जो न केवल रोगी के लिए घातक है बल्कि समाज के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्र पर्यवेक्षक, टीबी प्रोग्राम टेक्नीशियन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं इलाके की आशा वर्कर विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. वर्मा के साथ इस अवसर पर अमित पठानिया, अमित रजत, शुभम शर्मा, सुरेश बग्गा, महेंद्र कुमार सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# पत्नी से बहस के बाद व्यक्ति ने की आत्महत्या

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 21 अक्तूबर।** पुराना बस अड्डा के पास एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि यह कदम उठाने से पहले उसका अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। मृतक की पहचान ठियोग निवासी श्याम सिंह (38) के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को कंट्रोल रूम पर आत्महत्या की सूचना मिली। शहर पुलिस चौकी की टीम जब मौके पर पहुंची, तो व्यक्ति का शव एक मकान के छज्जे की रेलिंग से लटका हुआ पाया गया।

मौके पर मौजूद परिजनों ने बताया कि श्याम सिंह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ सोलन में ही किराए पर रहता था और 18 अक्टूबर को अपने गांव से वापस लौटा था। इस दौरान उसकी पत्नी अपने भाई के क्वार्टर में रह रही थी। जांच में सामने आया कि रविवार को खाना खाने को लेकर पति-पत्नी के बीच बहस हो गई थी। इसके बाद जब पत्नी कपड़े सुखाने के लिए रेलिंग पर गई, तो पीछे से श्याम सिंह ने प्लास्टिक की तार से फंदा लगा लिया। परिजनों ने यह भी बताया कि दोनों के बीच कुछ समय से अनबन चल रही थी।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए बिसरा को जांच के लिए जुन्गा स्थित फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हरित ऊना की ओर से कल्पवृक्ष फाउंडेशन का पर्यावरणीय नेतृत्व, युवाओं की भागीदारी

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 21 अक्तूबर।** जैसे-जैसे ऊना नई औद्योगिक और नागरिक परियोजनाओं के साथ तेज़ी से शहरी विस्तार से गुज़र रहा है, कलापवृक्ष फाउंडेशन निरंतर वृक्षारोपण ड्राइव के माध्यम से पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के प्रयासों का नेतृत्व कर रहा है। अपनी नवीनतम पहल में, फाउंडेशन ने शहर के विकासशील क्षेत्रों में 50 पौधे लगाए, जो टिकाऊ शहरी विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करते हैं।

पिछले एक साल में, कलापवृक्ष फाउंडेशन निर्माण से संबंधित भूमि व्यवधान और मिट्टी के कटाव के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से ऊना के औद्योगिक और आवासीय बेल्ट में आवधिक हरित अभियान चला रहा है। स्वयंसेवकों, स्थानीय निवासियों और छात्रों ने कार्यक्रम के लिए हाथ मिलाया, बुनियादी ढांचे के विकास के बीच हरियाली बनाए रखने में छोटे सामुदायिक कार्यों की भूमिका को रेखांकित किया। यह पहल उनके चल रहे समुदाय-संचालित कार्यक्रमों के साथ सरेखित है, कलाप।वृक्ष फाउंडेशन का उद्देश्य आधुनिक विकास के साथ पारिस्थितिक संरक्षण को जोड़ना है - दीर्घकालिक पर्यावरणीय नेतृत्व में निहित एक हरियाली, अधिक लचीला ऊना को बढ़ावा देना है। इसी शृंखला में कल्प वृक्ष फाउंडेशन के युवा सदस्य रोमिल देहल के नेतृत्व में ऊना नगर में पुनः पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसमें उनके साथ उनके युवा साथी पार्थ शर्मा,रेनिया देहल, मेगल देहल, सात्विक ठाकुर,संकेत शर्मा और फाउंडेशन के उप अध्यक्ष डॉ जीएस देहल, सचिव राजिंदर चौधरी व हॉर्टिकल्चर विशेषज्ञ चंदेल सदस्य डॉ संजीव कौशल व् त्रिलोक सिंह उपस्थित रहे।

रोमिल देहल जो हर बार की तरह नोएडा से विशेष रूप से इसी अभियान के लिए आए थे ने सभी युवा साथियों से अपील किया की सभी इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिये अपना सहयोग दें ताकि अपना भविष्य सुरक्षित कर सकें।

# क्योंथल क्षेत्र में दवालठा जलाकर पारंपरिक ढंग से मनाई दिवाली

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा





**शिमला 21 अक्तूबर।** इस वर्ष दिवाली पर्व को लेकर काफी भ्रम की स्थिति बनी रही । क्योंथल के कुछ गांव में लोगों ने 20 अक्तूबर को अमावस्या की रात्रि होने पर अपने घरों में लक्ष्मी पूजा की गई । जबकि जिन गांव में देवता के प्राचीन मंदिर विद्यमान है वहां पर मंगलवार को देवस्थान में पारंपरिक ढंग से मक्की के टांडे का अलाव, जिसे स्थानीय भाषा में दवालठा कहा जाता है , जलाकर दिवाली मनाई गई । तदोंपरांत लोगों ने अपने घरों में दीपमाला करके और पारंपरिक व्यंजन पटाड़े और खीर बनाकर दीपों का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया । जबकि बीते रोज लोगों ने अस्कलियां बनाकर छोटी दिवाली मनाई ।

वरिष्ठ नागरिक दौलत राम मेहता और पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा सहित अनेक लोगों ने बताया कि क्षेत्र में दीवाली को पंचपर्व के रूप में मनाते हैं जिसमें दिवाली से दो दिन पूर्व धनतेरस को मूड़ी को त्यौहार मनाया जाता है । इस दिन लोग गेंहू, काले चने और राजमाह की मूड़ी बनाते हैं जिसे अखरोट के साथ खाया जाता है । इसी प्रकार छोटी दिवाली की रात्रि को लोग अपने घरों में अस्कलियां बनाते हैं जिसे घी, शक्कर, शहद के साथ खाते हैं । इसी प्रकार दिवाली के दिन लोग विशेष तौर पर पटांडे और खीर बनाते हैं और रात्रि को अपने घरों व स्थानीय मंदिर में दीपमाला करने के उपरांत गांव में चौपाल में अलाव जलाते है जिसे जिसमें सभी जति के लोग शामिल होकर नृत्य करते हैं ।

इन्होने बताया कि इसके उपरांत देवालयों में घैना लगाकर जागरण किया जाता है । इस दौरान देवताओं के सम्मान में लोग अपने घरों में भूमि पर बिस्तर लगाकर सोते हैं और स्त्रियां अपने बालों को नहीं धोती है । दौलत राम मेहता ने बताया कि क्योंथल के समूचे क्षेत्र में दिवाली पर्व पर देव जुन्गा की विशेष पूजा अर्चना की जाती है । कहा कि दिवाली के अगले दिन पड़वा अर्थात गोवर्धन पूजा के अवसर पर लोग अपने पशुओं को माला पहनकर उन्हें आटे की पेड़ियां देते हैं । भैयादूज को लोग देवता के नाम पर जातर निकालने का विधान है ताकि क्षेत्र में किसी महामारी का प्रकोप न होकर सुख व समृद्धि का सूत्रपात हो।

# उपायुक्त जतिन लाल ने वरिष्ठ नागरिकों और प्रवासी बच्चों संग मनाई खुशियों की दिवाली

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 21 अक्तूबर।** दीपावली के पावन पर्व पर उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर खुशियां साझा कीं और मानवीय करुणा, संवेदनशील प्रशासन और साझे उल्लास का सुंदर संदेश दिया।

उपायुक्त ने चड़तगढ़ स्थित वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र में पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों से स्नेहपूर्वक भेंट की, उन्हें कंबल और मिठाई भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनकी माता श्रीमती कमलेश लाल, पत्नी डॉ. रेणु शेरावत और सुपुत्र विहान लाल भी साथ रहे।

उन्होंने केंद्र की स्वास्थ्य, भोजन एवं आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया और प्रबंधन को सभी जरूरतों का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 2 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन सेल एंड वेलफेयर सोसाइटी चड़तगढ़ के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश कुमार ऐरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इसके उपरांत, उपायुक्त परिवार सहित शिक्षा सुधार समिति, ईसपुर द्वारा नौण मंदिर प्रांगण में आयोजित दीपावली उत्सव में शामिल हुए।

समिति के गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के प्रवासी बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों, गीतों और सुंदर रंगोलियों से माहौल को उल्लासमय बना दिया। उपायुक्त ने बच्चों की प्रस्तुतियों और उत्साह की सराहना करते हुए उनके साथ खेलों में सहभागिता की और उपहार व मिठाइयां भेंट कीं। इस दौरान म्यूजिकल चेयर, लेमन रेस, सैक रेस का भी आयोजन किया गया । म्यूजिकल चेयर में विहान लाल, सैक रेस में अंजली तथा लेमन रेस में कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर सभी गैर-आवासीय केंद्रों के बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई, जबकि समिति की छात्रा अर्शदीप को राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सम्मानित किया गया। समिति के महासचिव सुच्चा सिंह कंग ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं, जबकि प्रधान चित विलास पाठक ने आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर सतीश शर्मा, मोहन लाल, सखा कुमार खत्रा, अश्वनी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शिव कुमार, कैप्टन हरमेश, रामकृष्ण भट्टी, सुरेश कुमार, तारा सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 'आधा सत्र बीतने के बाद भी नहीं जारी हुई फीस की राशि'

## सरकार समय पर फीस अदायगी करे तो शत प्रतिशत बच्चों को देंगे मुफ्त शिक्षा

**आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि देने की बजाय शिक्षा विभाग निजी स्कूलों पर लगा रहा है जुर्माना**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 अक्तूबर।** प्राइवेट स्कूल संघ ने कहा है कि अगर सरकार निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित फीस की अदायगी समय पर करे तो निजी स्कूल संचालक आरटीई के तहत 25 प्रतिशत की बजाय शत प्रतिशत बच्चों को फ्री पढ़ाने के लिए तैयार हैं। आधा सत्र बीत जाने के बाद भी अभी तक दाखिला देने वाले स्कूलों की प्रतिपूर्ति राशि जारी नहीं की गई है।

प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि हरियाणा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत प्रारंभिक कक्षा में सभी मान्यता प्राप्त प्राईवेट विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटे गरीब बच्चों के दाखिले के लिए अनिवार्य की गई है। छह महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक आरटीई के तहत दाखिले देने वाले स्कूलों को प्रतिपूर्ति राशि जारी नहीं की गई है और सीट दिखाने के बाद भी स्कूलों पर जुर्माना लगाया जा रहा है।

प्रांतीय महासचिव पवन राणा सालवन व रणधीर पूनिया टोहाना ने कहा कि 1680 अप्रकाशित सीटों वाले मान्यता प्राप्त स्कूल जिनकी मंथली फीस एक हजार रुपए तक है उन स्कूलों पर 30000 रुपए जुर्माना, तीन हजार तक फीस लेने वाले स्कूलों पर 70000 हजार जुर्माना, छह हजार तक फीस लेने पर 100000 रुपए जुर्माना तथा छह हजार से अधिक फीस लेने वाले स्कूल की सूची बनाकर प्रमाण पत्रों सहित सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निदेशालय भेजनी होगी ताकि महानिदेशक मौलिक शिक्षा महोदय द्वारा उन्हें निजी सुनवाई का अवसर मिल सके।

प्रेस सचिव सलिंदर शास्त्री जयसिंगपुरा व राजबीर ढाका रोहतक व ने कहा कि 1128 मान्यता प्राप्त स्कूल जिन्हें डीईईओ द्वारा मान्यता व अन्य स्थिति के आधार पर अस्वीकृत किया गया ऐसे एक हजार रुपए तक फीस लेने वाले स्कूलों पर 5000 रुपए जुर्माना, एक हजार से दो हजार रुपए तक फीस लेने वाले स्कूलों पर 10000 रुपए जुर्माना, तीन हजार रुपए तक फीस लेने पर 15000 हजार रुपए जुर्माना तथा पांच हजार रुपए तक फीस लेने वाले स्कूलों की सूची बनाकर प्रमाण पत्रों सहित सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निदेशालय भेजनी होगी ताकि महानिदेशक मौलिक शिक्षा विभाग इन्हें भी निजी सुनवाई का अवसर दे सके।

प्रदेश वरिष्ठ उप प्रधान संजय धतरवाल डीसीएम बिठमरा व अशोक कुमार रोहतक ने कहा कि इसके अलावा जो मान्यता प्राप्त या गैर मान्यता प्राप्त स्कूल बंद हो चुके हैं, जो गैर मान्यता प्राप्त स्कूल अभी भी चल रहे हैं और जिन स्कूलों की मान्यता 31 मार्च 2025 तक ही थी। इन सभी की सूची 23 अक्टूबर 2025 यानी कल तक सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निदेशालय की मेल पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश सचिव प्रदीप पूनिया चानोत व कुलदीप यादव ढाना खुर्द ने कहा कि ये टोटल 2808 प्राईवेट स्कूल ऐसे हैं जिनका एमएमएस पोर्टल कई महीने से बंद पड़ा है जिस कारण इनके बच्चो के ऑनलाइन दाखिले नहीं हो पा रहे हैं और इनमे से बहुत से स्कूलों ने आरटीई की सीटे भी दिखाई हुई हैं इसमें स्कूलों के साथ ही कई जिला व ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों की भी कमी रही है जो समय रहते स्कूलों को सूचना नहीं दे पाए।

# डीएमसी फायरिंग मामले में तीन आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 21 अक्तूबर।** यूटी पुलिस ने फायरिंग मामले में तीन आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हाल ही में डीएमसी में युवक पर फायरिंग कर फरार हो गए थे।पता चला कि पकड़े गए आरोपियो के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज पाए गए हैं। जानकारी के अनुसार पता चला कि बीते दिन देर रात बाइक सवार आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते डीएमसी में विकास नामक युवक पर फायरिंग कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। जिसके चलते आसपास के लोग इकट्ठे हो गए थे। जिसे तुरंत इलाज के लिए सेक्टर 16 के अस्पताल में ले जाया गया था। यहां उसकी हालात को गंभीर देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया था। यहां उसका इलाज चल रहा है।

# गौरव पाडला ने की सीएम सैनी से भेंट कर दी दीपावली की शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 21 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हिंदी सलाहकार समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य एवं भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने उनके कुरुक्षेत्र स्थित आवास पर भेंट की और उन्हें दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके नेतृत्व में प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए आभार जताया। दीपावली के इस शुभ अवसर पर हुई यह भेंट न केवल सौजन्य मुलाकात थी, बल्कि प्रदेश की सेवा में जुटे जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रतीक भी बनी। इस अवसर पर गौरव मितल ने कहा कि दीपों का यह पर्व हम सभी को एकजुट होकर समाज और राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों के उज्जवल भविष्य, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हरियाणा सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां आमजन के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए केंद्रित हैं। गौरव पाडला ने कहा कि नायब सरकार द्वारा राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण और युवा विकास के क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है।


## स्टोर्स ई-प्रॉक्योरमेन्ट

**निविदा सूचना संख्या : S/22/2025-26, दिनांक : 15-10-2025.** निम्नवर्णित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**क्र.सं.:1; निविदा संख्या: 61/25/5484/OT/158/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 24-11-2025.**

**संक्षिप्त विवरण :** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या 8751 के अनुसार हाई विस्कोस नायलॉन-66 इंसुलेटिंग लाइनर (एनवीएन लाइनर) का विनिर्माण और आपूर्ति, आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी/8746 के अनुसार विस्तृत पीएससी स्लीपर के साथ उपयोग के लिए, नवीनतम परिवर्तनों, ऑल्ट-3 के साथ 60 केजी (यूआईसी)/60ईआई के लिए उपयुक्त। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम: 3100587, हाई विस्कोस नायलॉन (एनवीएन) - 66 इंसुलेटिंग लाइनर सब आइटम:- आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगांव, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 1500000 संख्या, पी.एल. संख्या-60110612.

**क्र.सं.:2; निविदा संख्या: 30/24/5110D/OT/159/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 31-10-2025.**

**संक्षिप्त विवरण :** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या- आरडीएसओ/सीजी/डीआरजी/2434 (हार्डवेयर आइटम एमटी हेक्स हेड बोल्ट एम16x45, हेक्सागोनल कैसल नट एम 16 और स्प्लिट पिन 4x40 के साथ) के अनुसार बैलेंस ड्राफ्ट गियर के लिए फ्रंट सपोर्ट प्लेट का स्टिफनर प्लेट भाग और ड्राइंग संख्या- आरडीएसओ/सीजी/डीआरजी/24034 और आरडीएसओ/2011/सीजी-03 (रेव. 03) या नवीनतम के अनुसार आरडीएसओ विनिर्देश के अनुरूप। (सीबीसी के लिए आरडीएसओ स्रोत से प्राप्त किया जाना है) "आईएस 3885: पार्ट II, जीआर. V, स्ट्रैस रिलीव्ड स्थिति में, अधिकतम हार्डनेस 245 बीएचएन, ताप उपचारित के स्थान पर, हार्डनेस - 35 एचआरसी (न्यूनतम) - ड्राइंग संख्या आरडीएसओ/सीजी/डीआरजी/24034 का नोट 5। अन्य सभी पैरामीटर इस ड्राइंग के अनुसार समान हैं। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 84 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/सीएलएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 4678 संख्या, पी.एल. संख्या-336703190012.

**क्र.सं.:3; निविदा संख्या: 20/25/0405/OT/160/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 12-11-2025.**

**संक्षिप्त विवरण :** सीएलडब्ल्यू निर्देश संख्या सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0088, ऑल्ट-सी के अनुसार कॉन्टैक्टर फ्लिटर ऑन/ऑफ और एहतियान (कॉन्टैक्टर प्रकार-1)। एचबीसी आईडेंटिफिकेशन नं. : HSBA433609R1384। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग: आइटम : 2100398, कॉन्टैक्टर फिल्टर ऑन/ऑफ और एहतियान) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। i) मालदा टाउन/डिपो, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए मात्रा - 5 संख्या, ii) न्यू गुवाहाटी/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 5 संख्या, iii) सिलीगुड़ी जं./डीजल डिपो, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए मात्रा - 5 संख्या। पी.एल. संख्या-29960022.

**क्र.सं.:4; निविदा संख्या: 61/25/5483/OT/161/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 26-11-2025.**

**संक्षिप्त विवरण :** 10 मिमी मोटाई वाली कंपोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट, जो विस्तृत बेस पीएससी स्लीपरों के लिए आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-8747 के अनुरूप है, और 52 केजी तथा 60 केजी (यूआईसी) रेल के लिए उपयुक्त विस्तृत पीएससी स्लीपरों के साथ उपयोग हेतु है, जिसमें निविदा बंद होने की तिथि तक के सभी नवीनतम संशोधन शामिल हैं। विनिर्देश: आईआरएस विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एम एंड सी/आरपी-200/2007 (अनंतिम) 2018 के संशोधन संख्या 1 के साथ और ई-निविदा बंद होने की तिथि तक नवीनतम संशोधन यदि कोई हो। यह एक सुरक्षा आइटम है। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम: 3100584, रेल पैड सब आइटम: सीजीआरएसपी आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगांव, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 1500000 संख्या, पी.एल. संख्या-60110831.

**क्र.सं.:5; निविदा संख्या: 61/25/5243A/OT/162/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 24-11-2025.**

**संक्षिप्त विवरण :** 52/60 केजी रेलों के एच-बीम स्लीपरों के लिए जीरो टो लोड फिटिंग्स की आपूर्ति, जो आरडीएसओ द्वारा स्वीकृत फर्म से आरडीएसओ अनुमोदित ड्राइंग (सभी नवीनतम संशोधन सहित) एवं विनिर्देशन के अनुसार प्राप्त की जाए, तथा इसमें सभी ठेकेदार के लेड, लिफ्ट, श्रम, औजार, संयंत्र, परिवहन आदि शामिल हों — यह कार्य इंजीनियर-इन-चार्ज के निर्देशानुसार पूर्ण किया जाएगा। एक स्लीपर के लिए संपूर्ण फिटिंग एक सेट के रूप में मानी जाएगी। (जहाँ भी "नवीनतम संशोधन" शब्द का उपयोग किया गया है, उसका अर्थ निविदा खोलने की वास्तविक तिथि से 5 दिन पूर्व तक किए गए संशोधनों से होगा।) (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम: 3100515, जीरो टो लोड फास्टनिंग (जेडटीएलएफ) सिस्टम आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगांव, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 5000 सेट, पी.एल. संख्या - 600400470191.

**क्र.सं.:6; निविदा संख्या: 61/25/5502/OT/163/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 24-11-2025.**

**संक्षिप्त विवरण :** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-5849 (ऑल्ट-01) के अनुसार 60 केजी की जॉगल फिश प्लेटें, प्रत्येक सेट में आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-5854 के अनुसार दो फिश प्लेटें, दो क्लैम्प्स, आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-5854/1 के अनुसार दो क्लैम्प्स, तथा ड्राइंग संख्या टी -11525 के अनुसार दो बोल्ट और नट्स, साथ ही ड्राइंग संख्या टी -107733 के अनुसार सिंगल कॉइल स्प्रिंग वाशर। फिशप्लेट के लिए आईआरएस विनिर्देशन नवीनतम संशोधन (यदि कोई हो) सहित लागू होगा। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग: आइटम: 3100466, फिश प्लेटें सब आइटम: फिश प्लेट) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगांव, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 8126 सेट, पी.एल. संख्या - 60090110.

**क्र.सं.:7; निविदा संख्या: 61/25/5493/OT/164/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 26-11-2025.**

**संक्षिप्त विवरण :** आरडीएसओ के जनरल लेआउट ड्राइंग संख्या टी-9841, एनटीएस ड्राइंग संख्या टी-8719 और स्लीपर के ड्राइंग संख्या टी-9682 से 9688, टी-9867 से 9918 और टी-9770 से 9773 के अनुसार बीजी (1673 मिमी) के लिए 8.5 टर्न आउट स्लीपर में पीएससी 1 का निर्माण और आपूर्ति, 25टी एक्सल लोड के लिए पीएससी स्लीपर पर आर260/आर350एचटी पेड रेल के साथ 6400 मिमी 60E1A1 मोटी वेब स्विच (घुमावदार) के साथ 60E1 टर्न आउट के अनुरूप नवीनतम परिवर्तन के साथ वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग के साथ और आईआरएस विनिर्देश टी-45 (चौथा संशोधन - मार्च 2021) के अनुरूप। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसआर डीईएन/सी/कटिहार, एनएफआर (बिहार) के लिए मात्रा - 21 सेट, पी.एल. संख्या - 600301350018. (2) आरडीएसओ के जनरल लेआउट ड्राइंग संख्या टी-9841, एनटीएस ड्राइंग संख्या टी-8719 और स्लीपर के ड्राइंग संख्या टी-9682 से 9688, टी-9867 से 9918 और टी-9770 से 9773 के अनुसार बीजी (1673 मिमी) के लिए 8.5 टर्न आउट स्लीपर में पीएससी 1 का निर्माण और आपूर्ति, 25टी एक्सल लोड के लिए पीएससी स्लीपर पर आर260/आर350एचटी पेड रेल के साथ 6400 मिमी 60E1A1 मोटी वेब स्विच (घुमावदार) के साथ 60E1 टर्न आउट के अनुरूप नवीनतम परिवर्तन के साथ वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग के साथ और आईआरएस विनिर्देश टी-45 (चौथा संशोधन - मार्च 2021) के अनुरूप। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। सीएच.ओएस/सी/ईएनजीजी/रंगिया, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 2 सेट, पी.एल. संख्या - 60030135001. (3) आरडीएसओ के जनरल लेआउट ड्राइंग संख्या टी-9841, एनटीएस ड्राइंग संख्या टी-8719 और स्लीपर के ड्राइंग संख्या टी-9682 से 9688, टी-9867 से 9918 और टी-9770 से 9773 के अनुसार बीजी (1673 मिमी) के लिए 8.5 टर्न आउट स्लीपर में पीएससी 1 का निर्माण और आपूर्ति, 25टी एक्सल लोड के लिए पीएससी स्लीपर पर आर260/आर350एचटी पेड रेल के साथ 6400 मिमी 60E1A1 मोटी वेब स्विच (घुमावदार) के साथ 60E1 टर्न आउट के अनुरूप नवीनतम परिवर्तन के साथ वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग के साथ और आईआरएस विनिर्देश टी-45 (चौथा संशोधन - मार्च 2021) के अनुरूप। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/पी.वे/लामडिंग, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 27 सेट, पी.एल. संख्या - 6003013500. (4) आरडीएसओ के जनरल लेआउट ड्राइंग संख्या टी-9841, एनटीएस ड्राइंग संख्या टी-8719 और स्लीपर के ड्राइंग संख्या टी-9682 से 9688, टी-9867 से 9918 और टी-9770 से 9773 के अनुसार बीजी (1673 मिमी) के लिए 8.5 टर्न आउट स्लीपर में पीएससी 1 का निर्माण और आपूर्ति, 25टी एक्सल लोड के लिए पीएससी स्लीपर पर आर260/आर350एचटी पेड रेल के साथ 6400 मिमी 60E1A1 मोटी वेब स्विच (घुमावदार) के साथ 60E1 टर्न आउट के अनुरूप नवीनतम परिवर्तन के साथ वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग के साथ और आईआरएस विनिर्देश टी-45 (चौथा संशोधन - मार्च 2021) के अनुरूप। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। डीआरएम/डब्ल्यू/अलीपुरद्वार जं., एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए मात्रा - 10 सेट, पी.एल. संख्या - 6003013500180.

**क्र.सं.:8; निविदा संख्या: 61/25/5131A/OT/165/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 12-11-2025.**

**संक्षिप्त विवरण :** 60 केजी यूआईसी/52 केजी रेल खंडों के लिए फ्लैट टो के साथ इलास्टिक रेल क्लिप एमके-V, ड्राइंग संख्या आरडीएसओ टी-5919, आईआरएस-टी-31-2021 के अनुरूप विनिर्देश के साथ, नवीनतम संशोधन के साथ, यदि कोई हो, ऑल्ट संख्या 2 के साथ, नवीनतम परिवर्तन के साथ, यदि कोई हो, (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : राइट्स नॉन-टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : लागू नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग: आइटम: 3100558, इलास्टिक रेल क्लिप्स) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। जितेंद्र कुमार, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 348718 संख्या। पी.एल. संख्या - 60110028. (2) 60 केजी यूआईसी/52 केजी रेल खंडों के लिए फ्लैट टो के साथ इलास्टिक रेल क्लिप एमके-V, ड्राइंग संख्या आरडीएसओ टी-5919, आईआरएस-टी-31-2021 के अनुरूप विनिर्देश के साथ, ऑल्ट संख्या 2 के साथ, या निविदा खुलने की तिथि तक नवीनतम संशोधन, यदि कोई हो। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : राइट्स नॉन-टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : लागू नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग: आइटम: 3100558, इलास्टिक रेल क्लिप्स) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगांव, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 451282 संख्या। पी.एल. संख्या - 60110557.

**टिप्पणी:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के पूर्ण विवरण के लिए, निविदाकर्ता वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर लॉग ऑन कर सकते हैं। संभावित बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने का इरादा रखते है, उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर स्वयं लॉग इन करना होगा और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के तहत पंजीकृत हैं। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी अधिनियम 2000 के अधीन प्रमाणन एजेंसियों से श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और निविदाओं में भाग लें।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मालीगांव

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### COURT NOTICE

**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Abhimanyu Rajput
**Additional Civil Judge (Senior Division), Kalka**

**CNR No. HRPKA0-000296-2023**
**Next Date:-20-12-2025**

**Punjab National Bank**
**Vs.**
**Astha Crockery and Others**

**Sult for a recovery**
**PUBLICATION ISSUED TO:**

1. Astha Crockery, House No. 281, B-3, Shiv Shakti Colony, Nalagarh Road, Pinjore, Tehsil Kalka, District Panchkula through its proprietor Vikas Sharma
2. Vikash Sharma, Prop. Astha Crockery, House No. 281, B-3, Shiv Shakti Colony, Nalagarh Road, Pinjore, Tehsil Kalka, District Panchkula
3. Mahavir Sharma son of Shri Babu Ram Sharma, Resident of House No. 281, B-3, Shiv Shakti Colony, Nalagarh Road, Pinjore, Tehsil Kalka, District Panchkula

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 20-12-2025 at 10:00 a.m.

For details logon to https:/high-coutchd.gov.in/?mod=district notice&&district=Panchkula

**Additional Civil Judge (Senior Division), Kalka**

**Dated, this day of 14-10-2025**



### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, पूजा शर्मा C/o दिनेश शर्मा, 140-141-142, unit no. G-02, ground floor nirman nagar - E, jaipur, rajasthan 302019 ने अपना विक्रय विलेख संख्या 4542 दिनांक 10/10/2016, को जींद ओल्ड बस स्टैंड में कहीं खो दिया है। इस संबंध में, मैंने ऑनलाइन पोर्टल पर खोई संपत्ति रिपोर्ट संख्या 132300112502186 भी दर्ज कराई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त पंजीकरण प्रमाण पत्र मिलता है या उसके संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह मुझे तुरंत मेरे उपरोक्त पते पर सूचित कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद, किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और ऐसे किसी भी दावे को झूठा, तुच्छ, धोखाधड़ी और निराधार माना जाएगा, जिसका कानून की नजर में कोई मूल्य नहीं है।



### सार्वजनिक सूचना

**श्री नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष।**

**विषय:** स्व. श्री बृज भूषण की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर 16.67% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3313, सेक्टर 19-डी, चंडीगढ़ (आरपी 10932) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री बृज भूषण 50.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3313, सेक्टर 19-डी, चंडीगढ़ के स्वामी हैं।

नीरू अग्रवाल द्वारा सूचित किया गया है कि श्री बृज भूषण की 25.09.2008 को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) सीता चौधरी-पत्नी (मृतक), (2) नीरू अग्रवाल-पुत्री, (3) सुनील कुमार चौधरी-पुत्र

अब, नीरू अग्रवाल ने बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्री बृज भूषण द्वारा आयोजित 16.67% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3313, सेक्टर 19-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी,यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**



## त्योहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025

**पहले से ही घोषित अनेक त्योहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्योहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

**रेलगाड़ी सं. 04229/04230 लखनऊ जं.-चण्डीगढ़ जं.-लखनऊ जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04229 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04230 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21.00 | लखनऊ जं. | 21.30 | ---- |
| 08.00 | ---- | चण्डीगढ़ जं. | ---- | 09.50 |

**चलने के दिन :** 04229 लखनऊ जं. से दिनांक 22.10.2025 को एवं 04230 चण्डीगढ़ जं. से दिनांक 23.10.2025 को।
**ठहराव :** बरेली जं., मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी एवं अम्बाला छावनी जं. स्टेशन
**स्थान :** 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04231/04232 लखनऊ जं.-चण्डीगढ़ जं.-लखनऊ जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04231 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04232 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21.00 | लखनऊ जं. | 21.30 | ---- |
| 08.00 | ---- | चण्डीगढ़ जं. | ---- | 09.50 |

**चलने के दिन :** 04231 लखनऊ जं. से दिनांक 23.10.2025 को एवं 04232 चण्डीगढ़ जं. से दिनांक 24.10.2025 को।
**ठहराव :** बरेली जं., मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी एवं अम्बाला छावनी जं. स्टेशन
**स्थान :** 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04233/04234 लखनऊ जं.-शकूरबस्ती-लखनऊ जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04233 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04234 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20.50 | लखनऊ जं. | 20.00 | ---- |
| 07.30 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 09.45 |

**चलने के दिन :** 04233 लखनऊ जं. से दिनांक 22.10.25, 24.10.25 और 26.10.25 को एवं 04234 शकूरबस्ती से दिनांक 23.10.25, 25.10.25 और 27.10.25 को।
**ठहराव :** शाहजहांपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., गाजियाबाद जं., हज़रत निज़ामुद्दीन एवं दिल्ली सफदरजंग स्टेशन
**स्थान :** प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04235/04236 लखनऊ जं.-शकूरबस्ती-लखनऊ जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04235 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04236 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20.50 | लखनऊ जं. | 20.00 | ---- |
| 07.30 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 09.45 |

**चलने के दिन :** 04235 लखनऊ जं. से दिनांक 23.10.25, 25.10.25 और 27.10.25 को एवं 04236 शकूरबस्ती से दिनांक 24.10.25, 26.10.25 और 28.10.25 को।
**ठहराव :** शाहजहांपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., गाजियाबाद जं., हज़रत निज़ामुद्दीन एवं दिल्ली सफदरजंग स्टेशन
**स्थान :** 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, द्वितीय सह तृतीय वाता, शयनयान एवं सामान्य

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3264/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### लेवेल क्रासिंग के विलोपन हेतु व्यवहार्यता का अध्ययन एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

**ई-निविदा सूचना संख्या. 92/W-2/APDJ तारीख: 16-10-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया है। **निविदा संख्या. 22-AP-II-2025। कार्य का नाम:** अलीपुरद्वार मंडल के अधीन एडीईएन/एचक्यू/अलीपुरद्वार जंक्शन अधिक्षेत्र के अधीन एल-ज़िंग संख्या, एबी/1 (2/6-7 किलोमीटर, अलीपुरद्वार जंक्शन-एपीडी), एबी/3 (4/9-5/0 किलोमीटर, एपीडीसी-एपीडी), एबी/13 (14/1-2 किलोमीटर, एपीडी-बीएसडब्ल्यू), एबी/22 (26/1-2 किलोमीटर न्यू कोचबिहार-कोचबिहार), एबी/26 (ए) 30/0-1 किलोमीटर, (कोचबिहार-देवानहाट), एबी/32 (37/5-6 किलोमीटर, देवानहाट-भेटागुड़ी) एवं एल-ज़िंग संख्या. एबी/47 (49/5-6 किलोमीटर, भेटागुड़ी-दिनहाटा) (कुल 7 संख्यक) पर स्थित रोड ओवर ब्रीज सहित लेवेल क्रासिंग का विलोपन हेतु व्यवहार्यता का अध्ययन एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट। **निविदा राशि:** ₹37,21,467.68/-। **धरोहर राशि:** ₹74,400/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 06-11-2025 तारीख के 15.00 बजे मे **एवं खुलेगी:** 15.30 बजे मे। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

डीआरएम (डब्ल्यू), अलीपुरद्वार जंक्शन
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में



### सार्वजनिक सूचना

**विषय:** मकान नं. 44SF, HBC, सैक्टर-3-4-4A, पिंजौर, कालका, पंचकूला का श्री रवि कान्त पुत्र श्री सोहन लाल निवासी मकान नं. 1395, सैक्टर-26, पंचकूला के नाम पर सामान्य हस्तांतरण के आधार पर श्री किशन पाल पुत्र श्री राम सिंह निवासी गांव-मतरेहड़ी, तहसील-नारायणगढ़, जिला-अम्बाला में रहने वाले निर्वसीयत संपत्ति के रूप में हस्तांतरण।

सामान्य जनता एवं सभी संबद्ध व्यक्तियों की जानकारी के लिये अधिसूचित किया जाता है कि संपत्ति मकान नं. 44SF, HBC, सैक्टर-3-4-4A, पिंजौर, कालका, पंचकूला जो कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री किशन पाल पुत्र श्री राम सिंह निवासी गांव-मतरेहड़ी, तहसील-नारायणगढ़, जिला-अम्बाला के नाम पर दर्ज है।

आवेदक द्वारा यह बताया गया है कि श्री किशन पाल पुत्र श्री राम सिंह निवासी गांव-मतरेहड़ी, तहसील-नारायणगढ़, जिला-अम्बाला इस संपत्ति के मालिक है। श्री रवि कान्त पुत्र श्री सोहन लाल निवासी मकान नं. 1395, सैक्टर-26, पंचकूला के आधार पर सामान्य हस्तांतरण की नीति के अंतर्गत 19-08-2025 को अपने नाम मे हस्तांतरित करने के लिये दावा/आवेदन किया है

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पत्ति को श्री रवि कान्त पुत्र श्री सोहन लाल निवासी मकान नं. 1395, सैक्टर-26, पंचकूला के पक्ष में हस्तांतरण सम्बन्धी कोई एतराज है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पत्ति को आवेदक के पक्ष मे हस्तांतरित कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। **सम्पदा प्रबंधक**
**हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला**



### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ
ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ
(ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)

LOI No.52450 Dated 21.12.2020, LP82A/83A/0641/200, 200 Sq. Yard, Sector-82A/83A, SAS Nagar ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Nidhi Gaba W/o Dinesh Gaba R/o H.No.1496, Sector-7, Urban Estate Karnal, PO: Karnal, Distt Karnal, Haryana-132001 ਅਤੇ Dinesh Gaba S/o Jagdish Lal Gaba R/o H.No.1496, Sector-7, Urban Estate Karnal, PO: Karnal, Distt Karnal, Haryana-132001 ਨੂੰ ਅਲਾਟਮੈਂਟ ... ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ... 552 ... 4, ... 62 ਮਿਤੀ 20.02.2025 ... ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।

ਇਸ ਜੀ.ਪੀ.ਏ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Dinesh Gaba S/o Jagdish Lal Gaba ਨੇ ਉਕਤ ਐਸ.ਓ.ਆਈ. ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਨੂੰ Jatinder Kumar Sangari S/o Joginder Singh Sangari # 1014-15, Sector-4, Panchkula, Haryana-134112 ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ... ਆਈ.ਡੀ. ਨੰ: 458312 ਮਿਤੀ 26.09.2025 ਰਾਹੀਂ ... ਅਰਜ਼ੀ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ... LOI No.52450 Dated 21.12.2020, LP82A/83A/0641/200, 200 Sq. Yard, Sector-82A/83A, SAS Nagar ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਨੂੰ ... 15 ਦਿਨਾਂ ... ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ... LOI No.52450 Dated 21.12.2020, LP82A/83A/0641/200, 200 Sq. Yard, Sector-82A/83A, SAS Nagar ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਨੂੰ ... Jatinder Kumar Sangari S/o Joginder Singh Sangari ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।



### COURT NOTICE

(U/O 5 Rule 20 CPC)
**IN THE COURT OF**
**Sh. Abhimanyu Rajput**
**Additional Civil Judge (Senior Division) Kalka**

**Punjab National Bank**
**Vs**
**Innamul Huq and Another**

CNR No. HRPKA0-000294-2023
Next Date:- 20-12-2025

Suit for a recovery
**PUBLICATION ISSUED TO:**

**1. Innamul Huq son of Itawal Huq, resident of House No. 1906, B-2, Chona Chowk, Pinjore Tehsil Kalka District Panchkula**
**2. Yusaf Khan son of Shri Itawal Khan, resident of Bakshiwala, Tehsil Kalka, District Panchkula**

In above titled case, the defendant could not be served. It is ordered that defendant should appear in person or through counsel on 20-12-2025 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Panchkula.

**Additional Civil Judge (Senior Division) Kalka**
**Dated, this day of 14-10-2025**



### COURT NOTICE

**(U/o 5 Rule 20.CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Abhimanyu Rajput
**Additional Civil Judge (Senior Division), Kalka**

**CNR No. HRPKA0-000300-2023**
**Next Date: 20-12-2025**

**Punjab National Bank**
**Vs.**
**Harjeet Singh**

**PUBLICATION ISSUED TO:**

Harjeet Singh Son of Shri Gurdeep Singh, House No. 1506, B-1, Rattpur Colony, Pinjore, Tehsil kalka, Distt. Panchkula

In above titled case, the defendant(s) respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 20-12-2025 at 10:00 a.m.

For details logon to https://high-courtchd.gov.in/?mod=district_notice& district=Panchkula

**Additional Civil Judge (Senior Division) Kalka**

**Dated, this day of 14-10-2025**



### COURT NOTICE

**(U/0 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Abhimanyu Rajput
**Additional Civil Judge (Senior Division), Kalka**

**CNR No. HRPKA0-000295-2023**
**Next Date: 20-12-2025**

**Punjab National Bank**
**Vs.**
**Hardeep Singh**

**Suit for a recovery**
PUBLICATION ISSUED TO:

Hardeep Singh Son of Shri Lakhwant Singh, resident of House No. 1162, B-1. Rathpur Colony, Pinjore, Tehsil Kalka, District Panchkula

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s/respondent(s) should appear in person or through counsel on 20-12-2025 at 10:00 a.m

For details logo to https://high-courtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Panchkula

**Additional Civil Judge (Senior Division) Kalka**

**Dated, this day of 14-10-2025**

# एडवांस स्किल सेंटर से मिलेगा युवाओं को रोजगार : सांसद जिंदल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 21 अक्तूबर।** सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हारट्रोन द्वारा युवाओं को तकनीकी शिक्षा के लिए खोले जा रहे एडवांस स्किल सेंटर रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। ऐसे एडवांस सेंटर जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी सहित कई तरह के कंप्यूटर के अत्याधुनिक कोर्स करवाए जा रहे हैं। इन कोर्स को करने के बाद युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है। अब हारट्रोन द्वारा विदेशों में भी सेंटर खोलने की योजना है जो सराहनीय कार्य है। इसके लिए वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित पूरी हारट्रोन मैनेजमेंट को बधाई देते हैं और उनका आभार प्रकट करते हैं। सांसद नवीन जिंदल मंगलवार को अंबाला रोड स्थित हारट्रोन के एडवांस स्किल सेंटर का दौरा करने पहुंचे थे। जहां पहुंचने पर सेंटर हेड बलविंद्र ढुल व पंकज आत्रेय ने सांसद नवीन जिंदल, भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी व पूंडरी से विधायक सतपाल जांबा का स्वागत किया। इसके बाद सांसद नवीन जिंदल ने सेंटर का निरीक्षण करते हुए कंप्यूटर लैब व स्मार्ट कक्षा कक्षों के बारे में बलविंद्र ढुल से आवश्यक जानकारी हासिल की। इसके बाद उन्होंने यहां ट्रेनिंग दे रहे ट्रेनर व बच्चों के साथ सीधी बातचीत की। जिसमें उन्होंने बच्चों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि केवल फैसला ले लेना ही पर्याप्त नहीं होता। फैसला लेकर उस पर ईमानदारी से मेहनत कर उस फैसले को सही साबित करना होता है। अपनी तिरंगे के लिए लड़ी गई दस साल की लड़ाई का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल यह नहीं सोचा था कि तिरंगा हर घर में फहराने का अधिकार आम आदमी को हो, बल्कि इसके लिए दस साल तक प्रयास किए और माननीय सुप्रीम कोर्ट से ऐतिहासिक फैसला हुआ कि देश के आम आदमी को अपने राष्ट्रीय ध्वज को फहराने का अधिकार है। इसीलिए बच्चे भी समय-समय पर खुद की योग्यता को बढ़ाने के लिए फैसले लें और फिर उन फैसलों पर मेहनत करें तो राष्ट्र स्वयं मजबूत होगा।

# खेल मंत्री गौरव गौतम ने आगरा चौक के सौंदर्यकरण का किया शिलान्यास

6 महीने में एक करोड़ 60 लाख की लागत से होगा चौक का सौंदर्यकरण

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल, 21 अक्तूबर।** खेल मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को पलवल में 1 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से आगरा चौक के सौंदर्यीकरण के कार्य का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर नगरपरिषद चेयरमैन डॉ यशपाल, जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, मार्किट कमेटी चेयरमैन पंकज विरमानी एवं डीएमसी मनीषा के अलावा अन्य लोग भी मौजूद थे।

खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि आगरा चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसमें करीब 6 महीने का समय लगेगा उसके बाद आगरा चौक



भव्य और एक दर्शनीय चौक में परिवर्तित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पलवल को सुंदर व स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया है। पलवल में विकास का पहिया लगातार चलता रहेगा।

गौरव गौतम ने कहा कि पलवल में 100 बैंड का सरकारी अस्पताल बनाया जा रहा है। यह अस्पताल प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। पलवल में नगर परिषद एवं पीडल्ब्यूडी विभाग द्वारा मॉडल रोड़ बनाए जा रहे है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से मंजूरी मिलने के बाद पलवल शहर में एंट्री पाइंट पर दो सुंदर गेट बनाए जाएगें। रेलवे लाइन पार क्षेत्र में लोगों को बिजली, पानी, सड़क जैसे मूलभूत सुविधाऐं प्रदान की जाएगी। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएगा।

इस दौरान खेल राज्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष में अब जान नहीं है उनकी आपस की लड़ाई कुछ दिन बाद सड़कों पर नजर आएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष सदमे में है जैसे उनका दिमाग संतुलन डगमगा गया है जिससे वो उलूल जलूल बातें करते हैं।



# करनाल की आबो हवा पर भारी पड़ा आतिशबाजी का शौक

एक रात में तीन सौ करोड़ की आतिशवाजी जली, प्रदूषण का स्तर 184 तक पहुंचा

आतिशवाजी भारी पड़ी दिल और अस्थमा रोगियों पर

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 21 अक्तूबर।** दीपावली के मौके पर जहां खुशियां सांझी की गईं। उपहारों का आदान प्रदान किया गया। इसके साथ दीपावली पर आतिशवाजी का शोक करनाल पर भारी पड़ा। एक रात में 100 से 300 करोड़ रुपए के आतिशवाजी पर करनाल ने फूंक दिए। रात भर में धमाके की आवाज से हृदय रोगी सहमते रहे। वहीं पर रात भर आसामान में विषेला काला धुंआ छाता रहा जिससे अस्थमा रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करनाल में प्रदूषण का स्तर 184 तक पहुंच गया। डाक्टरों ने आने वाले दिनों में बुजुर्गो को सुबह सैर नहीं करने की सलाह दी हैं। वहीं पर अस्थमा रोगियों को मास्क लगाकर बाहर निकलने की सलाह दी हैं। करनाल में रा भी पटाखे चलते रहे। ग्रीन पटाखें की आढ़ में तेज धमाके और जहर उगलने वाले पटाखों की तेज बिक्री हुई। सुप्रीम कोर्ट ने केवल दो घंटे तक ही आतिशवाजी चलाने की अनुमति दी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश की कहीं कोई अनुपालना दिख नहीं रही थीं। लगभग 25 साल से आतिशवाजी और प्रदूषण का मर्सिया पढा जाता रहा हैं। हर साल ग्रीन ट्रिव्यूनल और सुप्रीम कोर्ट प्रदूषण का राग अलापता रहा है लेकिन इसका असर दिखता नहीं हैं। इस साल भी लगभग आठ लाख करोड़ के पटाखे देश में बैचे गए। करनाल में भी प्रशासनिक आदेशों के बाद भी प्रतिबंधित पटाखे बिकते रहे। करनाल में रात भर आतिशवाजी चलती रही। एक अनुमान के अनुसार कार्वन मोनो आक्साइड सल्फ र आक्साइड लेड आक्साइड, ओजोन तथा अन्य गैसों का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। आज दिन भर आसमान में स्मोग छाया रहा। सुबह से ही स्मोग का आवरण छाया था।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों ने दिवाली की रात जलाया एक दिया स्कूल के नाम

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** शहर के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीपावली पर प्राचार्य रघुभूषण लाल के आह्वान पर 'एक दिया स्कूल के नामफ्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों ने स्कूल प्रांगण में दीप प्रज्वलित कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। दीपावली से पूर्व स्कूल में पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें धनतेरस, छोटी दिवाली, दीपावली, महर्षि दयानंद निर्वाण दिवस, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के इतिहास, महत्व और संदेश पर विस्तार से चर्चा की गई। प्राचार्य ने बताया कि धनतेरस स्वास्थ्य और धन की देवी लक्ष्मी से जुड़ा पर्व है, छोटी दिवाली पर भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर 16,000 बंदिनियों को मुक्त कराया, दीपावली पर श्रीराम अयोध्या लौटे, गोवर्धन पूजा पर श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को गोवर्धन पर्वत की पूजा की प्रेरणा दी और भैया दूज भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। कार्यक्रम में कक्षा 12 के विशाल, 11 के लक्ष्य और 10 के योगेश ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन और योगदान पर आलेख प्रस्तुत किए। छात्रों ने दीपावली ग्रीटिंग कार्ड बनाए, रंगोली सजाई और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य रघुभूषण लाल ने सभी विद्यार्थियों से इन त्यौहारों के संदेशों को अपनाने और उन्हें जीवन में उतारने का आह्वान किया।

### पटाखे गिरने से घर में खड़ी कार जलकर स्वाह



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** दीवाली के पटाखे गिरने से घर में खड़ी एक कार जलकर स्वाह हो गई। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। कार के मालिक भानु हरित ने बताया कि दिवाली की रात करीब 11 बजे वह अपने घर के अंदर था। इस बीच बाहर से पटाखे गिरने की आवाज आई और बाहर खड़ी उसकी होंडा इमेज गाड़ी नंबर एचआर 08 एए-6720 से धुंआ निकालने लगा। उन्होंने आकर देखा तब तक गाड़ी धू-धू करके जल रही थी। उस समय गाड़ी के आसपास कोई नहीं था। पड़ोस के लोगों ने अपने घरों से पानी लाकर आग बुझानी शुरू की। इस बीच दमकल कार्यालय में सूचना दी गई और कुछ देर बाद दमकल कर्मियों ने आकर काफी देर के बाद आग पर काबू पाया। कार मलिक के अनुसार उसका करीब 3 लाख का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने 3 सौ बच्चों के साथ मनाई दिवाली

**पानीपत (अप्रस/मनदीप कुमार)।** गांव सनौली खुर्द मदरसे में हिंदू-मुस्लिम समुदाय ने मिलजुल कर आपस में मिठाई खिलाकर दीपावली पर्व मनाया गया। यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष समाजसेवी रत्तन सिंह रावल, समाजसेवी रामधन रावल, पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच अमजद मजिदी के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने दीपावली पर्व पर गांव सनौली खुर्द स्थित सबिलु रिसाद मदरसे में पिछले 25 सालो से सर्व धर्म सभा कार्यक्रम का आयोजन जा रहा हैं। इसमें दीपावली पर्व के अवसर पर हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोगो ने सनौली में मदरसे में पढ़ रहे बच्चों के साथ दीपावली पर्व एक साथ मनाया गया । इस पर्व पर हिदू समुदाय के लोगो ने यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट रत्तन सिंह रावल के साथ मुस्लिम समुदाय के मदरसे में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मिठाईयां खिलाई और दीप जलाएं ।


# भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने हैफेड खरीद केंद्र कार्यालय पर ताला जड़कर प्रदर्शन किया

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** कलायत अनाज मंडी में एक बार फिर से भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने हैफड़ खरीद केंद्र कार्यालय पर ताला जड़कर प्रदर्शन किया। यूनियन नेता नमी की मात्रा 17 होने पर भी धान की खरीद न करने से नाराज थे। गुस्साए किसानों ने पहले तो खरीद केंद्र कार्यालय पर ताला लगा दिया उपरांत वे धरने पर बैठे गए। हैफड़ प्रबंधक सुखदीप सिंह द्वारा किसानों को दिए गए आश्वासन के बाद कार्यालय का ताला खुला। भाकियू नेता महावीर चहल ने बताया कि 17 माउचर धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा। इस समस्या को लेकर उन्होंने कई बार इंस्पेक्टर को फोन किया। लेकिन न तो वे मौके पर पहुंचे और न खरीद शुरू की गई। विवश होकर किसानों ने हैफड़ खरीद केंद्र कार्यालय पर ताला लगाना पड़ा। नरेंद्र मागो माजरी, सुंदर गिल, दीपक चहल, लक्ष्य मौण, किशन खेड़ी शेरखा, सतीश कमालपुर, सोनू सजूमा, जोगेंद्र सिंह, सोनू सिंगवाल, वीरेंद्र सिंह व अन्य किसानों ने कहा कि मेहनत से तैयार धान को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा। किसानों पर सरकार द्वारा तय एमएसपी से 150-200 रुपए प्रति क्विंटल कम भाव पर धान बेचने का दबाव बनाया जा रहा है। इसलिए उन्हें परेशान किया जा रहा है। जबकि किसानो के खाते में सरकार द्वारा निर्धारित राशि के हिसाब से पैसे आना जरूरी है। कलायत के हैफड़ प्रबंधक सुखदीप सिंह ने कहा कि मिलरों की धान खरीद क्षमता पूरी हो चुकी है। इसके चलते खरीद कार्य प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने मिलरों की खरीद क्षमता बढ़ाने का भरोसा दिलाया है। इसके तहत किसानों का दाना-दाना खरीदा जाएगा। इस आश्वासन पर किसानों ने खरीद केंद्र कार्यालय से ताला खोल दिया।

# गांव हथो में दिवाली की रात अज्ञात युवकों ने बाइक को लगाई आग मचा हड़कंप

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 21 अक्टूबर।** दिवाली की रात गांव हथो में उस समय हड़कंप मच गया अज्ञात युवक शराब के नशे में धुत होकर आपसी बहस व हाथापाई के बाद बाइकआग लगा दी। ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए और आग बुझाने में जुट गए। जब आग लगी उस समय पास ही दो बैलगाड़ियां खड़ी थीं, जिनमें आग लगने का खतरा था। हालांकि स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए पहले बैलगाड़ियों को सुरक्षित स्थान पर हटाया और फिर मिलजुलकर आग पर काबू पाया। जली हुई बाइक का नंबर एचआर 08 एफ 6204 बताया गया है जो कैथल आरटीओ में रजिस्टर्ड है। ग्रामीणों के अनुसार आग बुझने के बाद बाइक पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। हैरानी की बात यह रही कि घटना के बाद किसी ने भी पुलिस या प्रशासन को इसकी सूचना नहीं दी। दिवाली की रात इस घटना को लेकर गांव में देर तक चर्चा बनी रही और लोग तरह-तरह की बातें करते रहे कि आखिरकार युवकों ने किस वजह से बाइक को आग के हवाले कर दिया। फिलहाल इस घटना की जानकारी न तो पुलिस के पास पहुंची है और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई की गई है लेकिन दिवाली की रात हुई यह घटना पूरे गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है।




# करनाल के बासमती की खुशबू एक सौ सत्तर देशों तक पहुंची

## पांच महीनों में देश ने 2.7 मिलियन टन बासमती चावल एक्सपोर्ट किया भारत ने

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 21 अक्तूबर।** भारत ने बासमती एक्सपोर्ट के क्षेत्र में नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस साल अप्रैल से अगस्त तक के सिर्फ पांच महीनों में देश ने 2.7 मिलियन टन बासमती चावल एक्सपोर्ट किया, जो पिछले साल के मुकाबले चार लाख टन ज्यादा है। जहां पाकिस्तान महज एक मिलियन टन बासमती एक्सपोर्ट करता है, वहीं भारत छह मिलियन टन से अधिक एक्सपोर्ट कर रहा है। इस बार एक्सपोर्टर्स ने 6.5 मिलियन टन का लक्ष्य रखा है। विश्वभर में बासमती के उत्पादन और एक्सपोर्ट की बात करें तो यह केवल दो देशों- भारत और पाकिस्तान तक सीमित है। लेकिन एक्सपोर्ट की मात्रा में भारत, पाकिस्तान से छह गुना आगे निकल चुका है। पाकिस्तान हर साल केवल एक मिलियन टन बासमती चावल एक्सपोर्ट करता है, जबकि भारत 6



मिलियन टन तक का निर्यात कर चुका है। अब इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 6.5 मिलियन टन तक पहुंचने का रखा गया है।हरियाणा का कितना और करनाल का कितना योगदान सतीश गोयल ने बताया कि एक्सपोर्ट में 35-40प्रतिशत योगदान हरियाणा का है। इसमें अगर करनाल जिले की बात की जाये तो वह करीब 70 प्रतिशत है। वही अमेरिका को टोटल वॉल्यूम का 5 प्रतिशत भी एक्सपोर्ट नहीं होता। जैसा कि अमेरिका ने जबरदस्ती हमारे ऊपर 50त्र का टेरिफ लगा दिया, अगर अमेरिका चावल नहीं भी लेगा तो भी हमारे एक्सपोर्टर्स को या फार्मर को चिंता करने की जरूरत नहीं है। अगर अमेरिका को 2 या अढ़ाई लाख टन माल नहीं जाएगा तो भी कोई असर नहीं। .टेरिफ़ के बाद हमने नई नई कंट्रीज की तलाश शुरू कर दी है। हाल ही में भारत सरकार के साथ हमारी एसोसिएशन जापान गई थी और उम्मीद है कि जापान के लोगों को भी हमारे बासमती चावल की महक पसंद आएगी। हमारा जितना भी टारगेट है उसको हम अचीव करेंगे। बासमती सिर्फ 2 ही देशों के पास है-हिंदुस्तान और पाकिस्तान। पाकिस्तान हमारे सामने बच्चा है। अगर सरकार की भूमिका की बात करे तो बीते दस सालों में हमारा एक्सपोर्ट दोगुना हो चुका है-क़ीमत वाइज भी और कवांटिटी वाइज भी। बासमती फ़सल का हर साल होता है सेटेलाइट सर्वे करनाल के नूर महल में राइस एक्सपोटर्स एसोसिएशन की जरनल बॉडी की मीटिंग हुई थी। जिसकी अध्यक्षता अपेडा के चेयरमैन की मीटिंग हुई थी।

सम्पादकीय

# इस दिवाली पर भी पटाखों के प्रदूषण से सांसें हुई दूषित

आखिर देश ने धूमधाम से रोशनी का पर्व दीपावली मना लिया। कई हजार करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। जीएसटी की दरों में कटौती ने दिवाली की खुशियों को कई गुणा बढ़ा दिया। लेकिन क्या एक बात पर गौर करेंगे कि पटाखे फोड़ने की तय समय सीमा के बावजूद लोगों ने जमकर आतिशबाजी की है, जिससे दिल्ली एनसीआर समेत पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में इतना प्रदूषण हुआ है कि सांसें बदबू से भर गई। दम घुटने लगा और खांस-खांस कर लोग बेदम हो गए। क्या नियम इसलिए बनाए जाते हैं कि उन्हें तोड़ा जाए, क्या पर्यावरण को बचाना केवल मात्र अदालत और सरकार की जिम्मेदारी भर है? दिवाली पर देर रात तक आतिशबाजी के कारण दिल्ली-एनसीआर के अलावा चंडीगढ़, पंचकूला, पटियाला जैसे शहरों में भी प्रदूषण बढ़ गया। अभी छठ पूजा भी बाकी है, क्या त्यौहार की खुशी हम शांति और वातावरण को नुकसान पहुंचाए बगैर नहीं मना सकते? दिल्ली एनसीआर में एक्यूआई 500 के पार चला गया, जोकि बेहद गंभीर है। मालूम हो सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली व एनसीआर में महज ग्रीन पटाखे और वह भी तय समय सीमा में चलाने की इजाजत दी थी, लेकिन इसके बावजूद लगभग रातभर लोगों ने पटाखे फोड़े।

**चंडीगढ़ में प्रशासन की ओर से दिवाली की रात 8 से 10 बजे के बीच पटाखे फोड़ने की इजाजत दी गई थी, लेकिन बेहद चिंता की बात है कि रात 12 बजे के बाद भी पटाखे फोड़े जाते रहे। प्रशासन की ओर से संबंधित इलाके एसएचओ की जिम्मेदारी तय की गई थी वे इलाके में निगरानी रखते हुए तय समय के बाद पटाखे फोड़ने वाले लोगों को रोकें लेकिन तमाम जगह ऐसी किसी निगरानी को नहीं पाया गया। यानी अदालत या प्रशासन के निर्देश बस कागजी कार्रवाई तक सीमित हो जाते हैं और लोग उनकी परवाह करना तो दूर, यह याद तक नहीं रखते कि ऐसा कोई आदेश भी जारी हो रखा है।**

चंडीगढ़ में प्रशासन की ओर से दिवाली की रात 8 से 10 बजे के बीच पटाखे फोड़ने की इजाजत दी गई थी, लेकिन बेहद चिंता की बात है कि रात 12 बजे के बाद भी पटाखे फोड़े जाते रहे। प्रशासन की ओर से संबंधित इलाके एसएचओ की जिम्मेदारी तय की गई थी वे इलाके में निगरानी रखते हुए तय समय के बाद पटाखे फोड़ने वाले लोगों को रोकें लेकिन तमाम जगह ऐसी किसी निगरानी को नहीं पाया गया। यानी अदालत या प्रशासन के निर्देश बस कागजी कार्रवाई तक सीमित हो जाते हैं और लोग उनकी परवाह करना तो दूर, यह याद तक नहीं रखते कि ऐसा कोई आदेश भी जारी हो रखा है। आखिर हर दिवाली पर ऐसा क्यों होता है कि प्रदूषण और जहरीली हवा की बात होती ही होती है। क्या कभी ऐसा हुआ है कि दिवाली के बाद ऐसी खबर भी आए कि हवा पर प्रदूषण का कोई असर नहीं हुआ, क्योंकि लोगों ने बेहद संवेदनशीलता से नियम का पालन किया और पटाखे नहीं फोड़े। चिंता की बात है कि हमारी आंखें तब खुलती हैं, जब नुकसान हो चुका होता है। यानी हम बस झेलने के लिए रह गए हैं। उल्लास की आड़ में बेहूदापन दिखाकर पर्यावरण और हवा को नुकसान पहुंचाने से पता नहीं कैसे रूका जाएगा।

दिल्ली में तो इस मसले पर अब राजनीति हो रही है। मौजूदा भाजपा सरकार ने दावा किया था कि शहर में ग्रीन पटाखे ही बिकेंगे, हालांकि सामने आ रहा है कि सामान्य पटाखे भी धड़ल्ले से बिके हैं और उनकी वजह से ही एक्यूआई इस हद तक गिर गया। इसके अलावा दिवाली के बाद कृत्रिम बारिश करवाने की भी भाजपा सरकार ने घोषणा की थी, लेकिन वह भी नहीं करवाई गई। इस पर आम आदमी पार्टी ने अगर सवाल पूछे हैं। वैसे बताया गया है कि कृत्रिम बारिश के लिए सरकार को आईएमडी की मंजूरी का इंतजार है। बेशक, यह सब एक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन गंभीर बात यह है कि आखिर दिल्ली एनसीआर में ग्रीन पटाखों की मंजूरी के बावजूद इतना प्रदूषण कैसे हो गया। निश्चित रूप से इसमें कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर हुई है। बेशक, सरकारें कितने ही दावे करें लेकिन जमीन पर उन आदेशों को लागू करवाना अधिकारियों का काम होता है, लेकिन उस समय पर वे भी दिवाली की खुशियों में खो चुके होते हैं।

सरकारी रपट के मुताबिक पिछले साल की दिवाली की तुलना में इस साल विषैले पटाखों से निकलने वाले धुएं में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हवा में सल्फर डाई ऑक्साइड नाइट्रोजन के ऑक्साइड और आरएसपीएम का स्तर भी तयशुदा मानकों से ऊपर रहा। पर्यावरण की संभाल की जिम्मेदारी सामूहिक है, केवल कानून बनाकर किसी चीज का संरक्षण नहीं हो सकता। समाज के स्तर पर अपनी-अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए काम करना होगा। नदियों में घोर प्रदूषण हो रहा है, लोग धर्म और आस्था के नाम पर मनमर्जी करते हैं, उस समय यह नहीं सोचा जाता कि इससे पर्यावरण किस कदम प्रभावित होगा। वैसे शुद्ध हवा पर किसी का मालिकाना हक नहीं है, अगर होता तो हालात ऐसे नहीं होते। हालांकि भविष्य में यह हो सकता है, जब एक दिन शुद्ध हवा में रहने की आपसे से मोटी रकम वसूली जाएगी, डॉक्टर भी कहेंगे कि आपको कोई बीमारी नहीं है, बशर्ते एक महीने के लिए शुद्ध हवा में रहो। खैर, ये सभी आशंकाएं हैं, यह समझाने के लिए कि साफ-शुद्ध हवा, पानी अच्छे जीवन के लिए कितना जरूरी है। त्योहार की खुशी मनाते हुए हमें पर्यावरण की शुद्धता का जश्न भी मनाना होगा। और यह तभी होगा जब हम पर्यावरण को शुद्ध रखेंगे।

# भारत की मिसाइल शक्ति हुई और प्रखर, 800 किमी ब्रह्मोस से पाकिस्तान में मची हलचल

भारत ने अपनी सामरिक प्रहार क्षमता में एक और ऐतिहासिक छलांग लगाई है। देश अगले दो वर्षों में 800 किलोमीटर रेंज वाली नई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलों का इंडक्शन शुरू करेगा। यह मिसाइल मौजूदा 450 किमी संस्करण की तुलना में लगभग दोगुनी दूरी तय कर सकेगी और तीन गुना आवाज़ की गति से (मैक 2.8) प्रहार करने में सक्षम होगी। नौसेना और थलसेना इसे पहले चरण में अपनाएंगी, जबकि वायुसेना के लिए इसका एयर-लॉन्च संस्करण कुछ समय बाद तैयार होगा। इसके साथ ही, 200 किलोमीटर से अधिक रेंज वाली स्वदेशी ऑस्ट्रा मार्क-2 एयर-टू-एयर मिसाइलें भी 2026-27 तक उत्पादन के लिए तैयार होंगी। दोनों मिसाइलें न केवल भारत की 'स्टैंड-ऑफ' स्ट्राइक क्षमता को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगी, बल्कि विदेशी हथियारों पर निर्भरता को भी कम करेंगी। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन को निर्णायक रूप से भारत के पक्ष में झुका देगा।



देखा जाये तो भारत की नई 800 किमी रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल केवल एक तकनीकी उन्नति नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया के सामरिक परिदृश्य में शक्ति संतुलन की नई परिभाषा है। यह सिर्फ एक हथियार नहीं, बल्कि संदेश है कि भारत अब किसी भी शत्रु के ठिकाने को दूर से सटीकता से नेस्तनाबूद करने में सक्षम है और वह भी बिना परमाणु हथियारों के सहारे।

ब्रह्मोस का यह नया संस्करण, जो मौजूदा 450 किमी रेंज से लगभग दोगुना दूर तक प्रहार कर सकता है, भारतीय सैन्य सिद्धांत में 'दूरस्थ और निर्णायक प्रतिशोध' की क्षमता को साकार करता है। चाहे समुद्र हो, भूमि या आकाश– यह सुपरसोनिक मिसाइल अपने लक्ष्य पर ऐसी गति से वार करती है कि प्रतिक्रिया का समय शून्य के बराबर रह जाता है। आज, जब अधिकांश राष्ट्र 'सटीक, सीमित और त्वरित युद्ध' की दिशा में जा रहे हैं, भारत का यह कदम उसकी सामरिक परिपक्वता का परिचायक है।

इस मिसाइल की 800 किमी मारक क्षमता का सबसे बड़ा सामरिक अर्थ पाकिस्तान के संदर्भ में उभरता है। पाकिस्तान की रणनीतिक गहराई सीमित है। उसके प्रमुख सैन्य ठिकाने, हवाई अड्डे, और रसद केंद्र सीमा से कुछ सौ किलोमीटर के दायरे में हैं। 800 किमी की ब्रह्मोस मिसाइल इन सभी पर बिना भारतीय विमानों को सीमा पार भेजे सीधे प्रहार करने में सक्षम होगी। यह 'स्टैंड-ऑफ स्ट्राइक' क्षमता भारत को वह सामरिक लाभ देती है जो पाकिस्तान के पास न तकनीकी रूप से है, न संसाधन के रूप में।

ऑपरेशन सिंदूर में जब भारतीय वायुसेना ने ब्रह्मोस मिसाइलों से सीमापार आतंक ठिकानों को ध्वस्त किया था, तब ही यह स्पष्ट हो गया था कि भारत अब अपने स्टाइल से प्रहार करेगा। 800 किमी ब्रह्मोस उस रणनीति को और भी प्रखर बना देगी। यदि कल को पाकिस्तान किसी भी तरह की उकसावेभरी हरकत करता है, तो भारत को अब किसी लंबी युद्ध-तैयारी या सीमित हवाई मिशन की जरूरत नहीं होगी, केवल आदेश देना होगा और परिणाम तय होगा।

दूसरी ओर, 200+ किमी की ऑस्ट्रा मार्क-2 मिसाइलें वायुसेना को निर्णायक आकाशीय बढ़त देंगी। अब भारत दुश्मन के फाइटर जेट्स को उनके राडार कवरेज में आने से पहले ही गिरा सकेगा। मई के हवाई अभियानों में पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए गए चीनी PL-15 मिसाइलों ने भारत के लिए यह चेतावनी दी थी कि वायुक्षेत्र में 'रेंज का खेल' निर्णायक होता है। ऑस्ट्रा-2 और आने वाली ऑस्ट्रा-3 इस कमी को पूरी तरह समाप्त कर देंगी।

इस सैन्य विकास का पाकिस्तान के लिए अर्थ स्पष्ट है– उसकी मौजूदा रक्षा-संरचना पुरानी पड़ चुकी है। न उसकी वायु रक्षा प्रणाली ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल को रोक सकती है, न उसकी आर्थिक स्थिति नई तकनीकों की दौड़ में बने रहने की अनुमति देती है। यदि भारत अपनी 800 किमी ब्रह्मोस को नौसेना के जहाजों, थलसेना के मोबाइल लॉन्चर और वायुसेना के सुखोई जैसे प्लेटफॉर्म्स पर तैनात करता है, तो पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति ही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन जाएगी।

यह मिसाइल भारत को केवल पश्चिमी मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक गहराई देती है। चीन के संदर्भ में भी, यह क्षमता भारतीय नौसेना को मलक्का से अंडमान तक 'सर्जिकल कंट्रोल' प्रदान करेगी। लेकिन पाकिस्तान के लिए खतरा तात्कालिक है– उसे अब न केवल अपनी सीमाओं पर सतर्क रहना होगा बल्कि अपने एयरबेस और कमांड सेंटरों को भी गहराई तक पुनर्गठित करना पड़ेगा। यह उसके सीमित संसाधनों पर भारी बोझ डालेगा।

भारत की रक्षा नीति अब 'रिएक्टिव' नहीं, बल्कि 'प्रो-एक्टिव डिटरेंस' की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यह नीति स्पष्ट संकेत देती है कि भारत अब केवल जवाब नहीं देगा, बल्कि शर्तें तय करेगा। यह वही भारत है जो तकनीकी आत्मनिर्भरता के बल पर अपना सामरिक संतुलन खुद गढ़ रहा है– रूस, फ्रांस या इज़राइल की जगह अब DRDO और BrahMos Aerospace भारतीय रक्षा-शक्ति के असली प्रतीक बन गए हैं।

बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि 800 किमी ब्रह्मोस भारत की 'सामरिक शांति की मिसाइल' है– क्योंकि वास्तविक शांति वही सुनिश्चित कर सकता है जिसके पास निर्णायक शक्ति हो। पाकिस्तान को अब समझ लेना चाहिए कि उसकी 'प्रॉक्सी वॉर' की कीमत अब पहले जैसी नहीं रहेगी। यदि उसने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो भविष्य में उसे केवल कूटनीतिक अलगाव ही नहीं, बल्कि सामरिक विनाश की वास्तविक संभावना का सामना करना पड़ सकता है। भारत ने अब यह स्पष्ट कर दिया है कि शांति की इच्छा हमारी नीति है, लेकिन शक्ति उसका संरक्षक है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### नाकाम प्रेमी ने ब्याहता प्रेमिका को चाकू घोंपकर घायल किया

चंडीगढ़। प्रेम का रिश्ता बड़ा नाजुक और संवेग पूर्ण होता है। आपस में प्रेम करने वाले दो प्रेमियों में से एक को दूसरे द्वारा बेवफाई करने का पता चले तो कभी-कभी यही प्यार क्रूरता की शक्ल अख्तियार कर लेता है। कुछ इसी प्रकार की घटना रवि मलिक और नीलिमा के बीच घटी। लखनऊ निवासी रवि मलिक दो वर्ष पहले यहां अध्ययनरत था। इस बीच नीलिमा नामक एक युवती के साथ उसका प्रेम संबंध स्थापित हो गया। यह प्यार परवान चढ़ता, इससे पहले ही रवि मलिक अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ अपने शहर वापिस लौट गया। लंबे अर्से बाद रवि मलिक जब यहां वापिस आया तो उसे पता चला कि नीलिमा ब्याही जा चुकी है। वह नीलिमा से मिला तथा उससे उसने भाग चलने को कहा। इस पर नीलिमा ने अपनी मजबूरी प्रकट की। रवि को तैग आ गया। यदि तू मेरी न हो सकी तो किसी को भी नहीं हो सकती। इस फिल्मी लहजे पर रवि ने नीलिमा को चाकू घोंप दिया। नीलिमा सेक्टर 34 की निवासी है तथा सेक्टर 26 के फूड क्रफ्ट इंस्टीच्यूट में अध्ययनरत है। जबकि रवि मलिक सेक्टर 32 के एसडी कालेज में शिक्षारत था। नीलिमा को सेक्टर 16 के जनरल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कर दिया गया है। जबकि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 407 के अंतर्गत रवि मलिक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### अकाली नेता व चार कट्टर खाड़कू मारे गए

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि से विभिन्न घटनाओं में अकाली दल अमृतसर शहर प्रकोष्ठ के प्रधान खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफ्फरवाल गुट) से संबंधित चार खूंखार खाड़कू व पुलिस का एक सिपाही मारा गया। यहां प्राप्त खबरों के मुताबिक एसएसपी अमृतसर हरदीप ढिल्लो ने बताया कि अकाली दल काबूल के नेता प्रेम सिंह के घर बरियान चिंह नामक एक व्यक्ति आया तथा उनके साथ बैठकर उसने शराब पी। बाद में बरियाम ने प्रेम सिंह से झगड़ा कर लिया तथा वहां पड़े एक तेज धार वाले हथियार से उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद जब बरियाम फरार हो रहा था तब अकाली नेता के गनमैन ने उस पर गोलियां चलायी जिससे प्रेम सिंह मारा गया। गनमैन की फायरिंग में एक गोली प्रेम सिंह के शरीर पर भी लगी। पुलिस ने गनमैन को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1494 | इतालवी नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस अपनी दूसरी समुद्री यात्रा पर निकले, जिसमें कोलंबस ने एंटिल द्वीप समूह की खोज की। |
| 1721 | ज़ार पीटर द ग्रेट को 'अखिल रूसी सम्राट' बनाया गया। |
| 1728 | कोपेनहेगन शहर में 1728 की भयानक आग शहर के इतिहास की सबसे बड़ी आग थी। |
| 1730 | नेवा और स्विर नदी को जोड़ने वाली लाडोगा नहर का निर्माण रूस में निर्मित पहली प्रमुख नहरों में से एक था। |
| 1740 | डच ईस्ट इंडीज के बटविया में जातीय शुगर का दो सप्ताह तक नरसंहार हुआ जिसमें कम से कम 10,000 लोग मारे गए। |
| 1746 | न्यू जर्सी कॉलेज की स्थापना हुई (यह 1896 में प्रिंसटन विश्वविद्यालय बन गया) |
| 1836 | सेन. हॉटन टेक्सास गणराज्य के पहले राष्ट्रपति बने। |
| 1837 | हेनरी डेविड थोरो ने अपनी पहली जर्नल प्रविष्टि राल्फ वाल्डो इमर्सन के सुझाव पर की थी। |
| 1867 | कोलंबिया राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। |
| 1867 | कोलंबिया राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी गई। |
| 1875 | पहला टेलीग्राफिक कनेक्शन अर्जेंटीना में शुरू हुआ। |
| 1877 | स्कॉटलैंड में ब्रेंटिर खनन दुर्घटना में 207 खनिक मारे गए। |
| 1877 | ब्लैंटायर खनन आपदा, स्कॉटलैंड की सबसे खराब खनन दुर्घटना थी, जब ब्लैंटायर में एक कोलियरी में विस्फोट हो गया था, जिसमें 207 खनिक मारे गए थे। |
| 1879 | अमेरिकी खोजकर्ता थॉमस एडिसन ने उच्च प्रतिरोधक कार्बन फिलामेंट का पहला सफल प्रयोग किया। |
| 1879 | ब्रिटिश शासन के तहत पहला राजद्रोह का मामला महान क्रांतिकारी बासुदेव बलवानी फड़के के खिलाफ था। |
| 1879 | विश्व का पहला कार डीलर शोरूम लंदन में खुला। |
| 1884 | लंदन के ग्रीनविच स्थित रॉयल वेधशाला को देशांतर की मध्याह्न अवधि के सहायक के रूप में अपनाया गया। |
| 1897 | विश्व का पहला कार डीलर लंदन में खुला। |
| 1907 | बैंक चलाने के कारण न्यूयॉर्क की निकारबॉकर ट्रस्ट कंपनी को काम करना पड़ा, जिससे 1907 का आतंक पैदा हुआ। |
| 1918 | प्रथम विश्व युद्ध का अंतिम चरण जर्मन सेना पर संयुक्त सेना के आक्रमण के साथ शुरू हुआ। |
| 1929 | जेम्स स्कलिन ऑस्ट्रेलिया के 9वें प्रधानमंत्री बने। |
| 1932 | चार्ल्स डी ब्रॉकविले बेल्जियम के प्रधानमंत्री बने। |
| 1967 | विरोधी प्रदर्शनकारियों ने पेंटागन पर हमला किया, लेकिन अमेरिकी मार्शल द्वारा उन्हें शीघ्र ही वापस बुला लिया गया। |
| 1975 | वीनस-9 अंतरिक्ष यान शुक्र ग्रह पर उतरा। |
| 1986 | अमेरिकी राष्ट्रपति रीगन ने 1986 के कर सुधार अधिनियम पर हस्ताक्षर किये। |

## बोल ब्यूटीफुल

**सुशील दोशी:** विराट और रोहित के बाद तकनीक और परिपक्वता के मामले में केएल राहुल की प्रगति प्रभावशाली लगती है। न ज्यादा शोर और न कप्तानी की उम्मीदवारी की चर्चा। खेल के हर प्रारूप में भारतीय पारी की नींव के पत्थर बने हुए है। जरूरत हुई तो विकेटकीपिंग भी करते है। पेस और स्पिन दोनों खेलने में दक्ष।



**आनंद रंगनाथन:** नासा के सैटेलाइट चित्र दर्शाते है कि पंजाब, हरियाणा, यूपी और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में पराली जलना शुरु हो गई है। इन इलाकों से स्मोग जल्द ही दिल्ली की ओर पहुंचना शुरु होगा और राजधानी धुंध की चादर में लिपट जाएगी। यहां पहले से ही एक्युआई 400 के पार है।

**शिवम शर्मा:** अयोध्या में दीपोत्सव जैसा वार्षिक आयोजन केवल पर्यटन, बल्कि अन्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला एक नया प्रयोग साबित हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार के इस कदम से होने वाले विकास की एक बानगी तो वह राम की पैड़ी भी है, जहां किसी जमाने में काई और कीचड़ ही हुआ करते थे।

# संकल्प से सिद्धि की ओर अग्रसर माओवाद का समापन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में गृहमंत्री अमित शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बने माओवाद को मार्च 2026 तक समाप्त करने का जो संकल्प लिया है वह अब सिद्धि की ओर अग्रसर है। देश का एक बहुत बड़ा भू भाग जो विकास की मुख्यधारा से अलग था अब शेष भारत के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तत्पर है। माओवाद का अंत गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मन्त्र से ही संभव हो सका है।

आज छत्तीसगढ़ के नक्सवलादी आतंकवाद के लिए कुख्यात बस्तर में तिरंगा फहरा रहा है और नक्सलवादियों के गढ़ में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभाएं हो रही हैं। गृहमंत्री नक्सलवादियों को स्पष्ट संदेश देते हैं कि, 'माओवादियों आपके पास अब दो ही विकल्प बचे हैं या तो समर्पण कर दें या फिर एनकाउंटर के लिए तैयार रहें'। इस सख्ती का ही असर है कि 17 अक्टूबर 2025 को छत्तीसगढ़ में एक साथ 210 माओवादियों ने समर्पण किया है।

उधर महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समक्ष छह करोड़ रुपए के इनामी माओवादी पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लेजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू उर्फ अभय ने 60 साथियों सहित बंदूक छोड़कर विकास कि राह थाम ली है। इन माओवादियों ने 54 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है जिनमें सात एके 47 और नौ इंसास राइफलें है। भूपति माओवादी संगठन में सबसे प्रभावशाली रणनीतिकारों में माना जाता था और उसने लंबे समय तक महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर अभियानों का नेतृत्व किया। भूपति वही खतरनाक माओवादी आतंकवादी है जिसने छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के 76 जवानों का नरसंहार किया था।

महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला दशकों से माओवादी गतिविधियों का केंद्र रहा है। इस क्षेत्र के शीर्ष माओवादी का समर्पण शेष बचे हुए नक्सलियों खासकर निचले स्तर के कैडर को सीधा संदेश दे रहा है कि अब जब उनका सबसे बड़ा और अनुभवी नेता हथियार डाल रहा है तो उनके पास भागने या छिपने का कोई रास्ता नहीं बचा है। इससे वे भी समर्पण करने के लिए मन बनायेंगे। यह समर्पण छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना जैसे राज्यों के लिए शांति का बड़ा संकेत है। भूपति व उसके साथियों के समर्पण करने से माओवादियों की सबसे मजबूत दीवार ढह गई है।

जनवरी 2023 में गृहमंत्री अमित शाह ने माओवाद के खिलाफ ऑपरेशन को हरी झंडी दी, उसके बाद से अब तक सुरक्षाबलों ने 312 माओवादियों को मार गिराया है। मारे गए माओवादियों में में सीपीआई माओवादी महासचिव वासव राजू समेत पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के आठ सदस्य भी शामिल हैं। 21 जनवरी 2024 से लेकर अब तक माओवाद के खिलाफ अनेक ऑपरेशन सफलतापूर्वक चलाए जा चुके हैं, जिनमें 836 माओवादी गिरफ्तार किये गए हैं और 1639 आत्मसमपर्ण कर चुके हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में पोलित ब्यूरो और एक केंद्रीय समिति सदस्य शामिल है।



वर्ष 2010 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह ने माओवाद को भारत की सबसे बड़ी चुनौती बताया था किंतु उस समय राजनैतिक कारणों से माओवाद के पूर्ण सफाए का कोई ब्लूप्रिंट नहीं बन पाया था। मनमोहन सरकार के कार्यकाल में माओवादी बहुत बड़ी चुनौती थे। यह लोग नेपाल के पशुपतिनाथ से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक लाल कारिडोर बनाने का सपना देख रहे थे। यह लोग भारत, भारत के संविधान और भारत कि सनातन संस्कृति से बैर रखते हैं। इनको सशक्त राष्ट्र नहीं चाहिए।

वर्ष 2013 में विभिन्न राज्यों के 126 जिलों के माओवादी हिंसा से ग्रस्त होने की रिपोर्ट केंद्र को भेजी गई थी। वर्ष 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से मार्च 2025 तक यह संख्या 126 से घटकर केवल 18 जिलों तक सीमित रह गई है। वर्तमान में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 11 रह गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के सात जिले, झारखंड का एक जिला पश्चिम सिंहभूम, मध्यप्रदेश का एक जिला बालाघाट, महाराष्ट्र का एक जिला गढ़ चिरौली और ओडिशा का एक जिला कंधमाल शामिल है। इनमें भी अब छत्तीसगढ़ के तीन जिले बीजापुर, नाराणपुर और सुकमा ही अति माओवादी प्रभावित बचे हैं।

वर्ष 2014 के पूर्व माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगा फहराना अपराध माना जाता था, गरीबों के लिए सरकारी सहायता नहीं पहुच पाती थी और दूर दराज के गांवो से किसी भी माध्यम से संपर्क नहीं हो पाता था।

अब समय बदल चुका है, छत्तीसगढ के माओवाद से मुक्त हुए क्षेत्रों में विकास की नई गंगा बह रही है। बस्तर जैसे कुख्यात जिले मे तिरंगा शान से फहरा रहा है। युवा बड़ी संख्या में खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों में भागीदारी कर रहे है। माओवादियों से मुक्त हुए क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का तीव्र विकास किया जा रहा है। कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं जिससे वहां की जनता दोबारा माओवादियों के दुष्प्रचार में न फंसे। माओवाद के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत उनकी फंडिग को रोकने का काम भी किया जा है।

जैसे-जैसे माओवाद के सफाए का अभियान आगे बढ़ रहा है वैसे वैसे उसके समर्थक राजनैतिक तत्वों के पेट मे दर्द भी उठ रहा है। माओवाद के समर्थन से फल फूल रहे वामपंथी दलो ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को बंद करने की अपील तक कर दी। तेलंगना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तो एक कार्यक्रम में कह दिया कि, माओवाद एक विचारधारा है जो कभी समाप्त नहीं हो सकती। सोशल मीडिया पर भी माओवादी विचारधारा के समर्थकभी यही बात कह रहे हैं कि यह विचारधारा पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकती। माओवाद एक जहरीली, खतरनाक और नरसंहार का समर्थन करने वाली विचारधारा है जिसका अंत करने के लिए सरकार ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सुरक्षा बल आक्रामक भी हैं और समर्पण करने वालों का स्वागत भी कर रहे हैं। पुनर्वास और पुनर्जीवन का प्रयास कर रही है। विकास को हर द्वार तक ले जा रही है जिससे आम व्यक्ति नक्सल के लाल आतंक के भय को भूल कर आगे बढ़ सके।

हरियाली दिवाली: चंडीगढ़ में लोगों ने इस मर्तबा ज्यादा पटाखे नहीं चलाए

# चंडीगढ : पढ़े लिखों के शहर ने दिखाई समझदारी, पर्यावरण बचाया

**चंडीगढ़ में प्रदूषण में आई गिरावट, नागरिकों की जागरूकता रंग लाई**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा/रंजीत शर्मा

**चंडीगढ़, 21 अक्टूबर।** दिवाली के मौके पर चंडीगढ़वासियों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यदि जनभागीदारी हो तो पर्यावरण संरक्षण कोई असंभव कार्य नहीं। चंडीगढ़ प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार, इस बार केवल ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति दी गई थी, वो भी केवल रात्रि 8 से 10 बजे तक। यानि हवा की गुणवत्ता पहले से बेहतर रही और शहर के नागरिकों का सहयोग सराहनीय रहा। इस बार दिवाली से एक दिन पहले (19 अक्टूबर 2025) वायु की गुणवत्ता सामान्य रही और दिवाली की रात में भी अधिकतर इलाकों में शांति बनी रही।

दिवाली (20 अक्टूबर 2025) को अधिकांश नागरिकों ने समयसीमा का पालन किया, जिससे पटाखों का उपयोग कम हुआ और वायु गुणवत्ता 21 अक्टूबर की सुबह 1 बजे से संतोषजनक श्रेणी में लौट आई। चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति और पर्यावरण विभाग ने नागरिकों को उनके जागरूक और जिम्मेदार व्यवहार के लिए धन्यवाद दिया। ग्रीन दिवाली अभियान, विशेषकर स्कूलों में चलाए गए कार्यक्रमों, ने खासकर युवा पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति समझदारी बढ़ाई है। इस बार की दिवाली ने यह दिखा दिया कि यदि प्रशासन और जनता एकजुट हों, तो हम प्रदूषण मुक्त और शांतिपूर्ण उत्सव मना सकते हैं। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में ध्वनि और वायु प्रदूषण अब भी चिंता का विषय हैं, लेकिन लगातार सुधार यह दर्शाता है कि चंडीगढ़ हर साल हरियाली की ओर एक कदम और बढ़ा रहा है।

**वायु गुणवत्ता निगरानी (एक्यूआई):** छह स्थानों पर तुलनात्मक विश्लेषण, दिवाली पर



एक्यूआई: 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंचे कुछ क्षेत्र: इमटेक (सेक्टर 39): 318, सेक्टर 53: 304, पेक-12: 312

**'खराब' श्रेणी में रहे:** सेक्टर 22: 234, सेक्टर 25: 296

**केवल सेक्टर 17 'मॉडरेट' श्रेणी में रहा:** सेक्टर 17: 183

### सेक्टर 22 में 4 वर्षों का तुलनात्मक एक्यूआई (दिवाली के दिन)

| वर्ष | सामान्य दिन एक्यूआई | दिवाली दिन एक्यूआई | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 2022 | 113 | 320 | बहुत खराब |
| 2023 | 147 | 392 | बहुत खराब |
| 2024 | 140 | 395 | बहुत खराब |
| 2025 | 97 | 234 | खराब |

सेक्टर 22, 25, 17 और 53 में पिछले सालों की तुलना में 2025 में बेहतर वायु गुणवत्ता दर्ज की गई।

### ध्वनि प्रदूषण में वृद्धि, कुछ जगहों पर तय सीमा से अधिक

ध्वनि मानक:
दिन में: 55 डीबी(ए)
रात में: 45 डीबी(ए)
सेक्टर 22 में उच्चतम शोर स्तर
रात 9 से 10 बजे: 80.7 डीबी(ए)
10 से 11 बजे: 76.2 डीबी(ए)
11 से 12 बजे: 66.6 डीबी(ए)
रात 10 बजे के बाद भी पटाखों की आवाज़ें सुनाई दीं, जो मानकों का उल्लंघन है।

## दिवाली पर पटाखों से झुलसे 26 लोग, 13 बच्चे शामिल

**पीजीआई में 10 की सर्जरी, दो की हालत गंभीर**

**चंडीगढ़।** दिवाली के अवसर पर पटाखों की खुशियाँ कुछ लोगों के लिए दर्दनाक साबित हुई। चंडीगढ़ स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में सात मरीजों को पटाखों से झुलसने के कारण भर्ती किया गया। पीजीआई से मिली जानकारी के अनुसार तीन मरीजों को हाथों में गंभीर चोटें आई, जब पटाखे हाथ में फट गए। एक मरीज के चेहरे पर चोट आई, जिससे उसे सर्जरी करानी पड़ी। इन सभी चारों मरीजों की एडवांस ट्रॉमा सेंटर में सर्जरी की गई है। एक अन्य मरीज को तीन प्रतिशत से कम थर्मल बर्न हुआ था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं दो मरीजों को गंभीर रूप से जलने के कारण बर्न आइसीयू और एचडीयू में भर्ती किया गया है, जहां प्लास्टिक सर्जरी विभाग की टीम उनका इलाज कर रही है। दिवाली के जश्न के दौरान पटाखों से हुए हादसों को ध्यान में रखते हुए पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के एडवांस्ड आई सेंटर ने विशेष तैयारी की थी। 20 अक्टूबर सुबह 8 बजे से 22 अक्टूबर सुबह 8 बजे तक विशेष आपातकालीन ड्यूटी पर डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और सहयोगी कर्मचारियों की 24 घंटे की तैनाती की गई। इस दौरान कुल 26 मरीज पटाखों से आंखों में चोट लगने के कारण सेंटर में पहुंचे। इनमें 23 पुरुष और 3 महिलाएं थीं। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इनमें से 13



मरीज (50 फीसदी) बच्चे थे, जिनकी उम्र 14 साल या उससे कम थी। सबसे छोटा बच्चा केवल 3 साल का था। क्षेत्रवार विवरण के अनुसार, 14 मरीज ट्राईसिटी से थे, जिनमें 9 चंडीगढ़ और 5 मोहाली से आए थे। चंडीगढ़ से आने वालों में धनास (2), सेक्टर 29, सेक्टर 21 (1), सेक्टर 19-ष्ठ (1), सेक्टर 26 (1), सेक्टर 52 (1), सेक्टर 28 (1), न्यू चंडीगढ़ (1), और सेक्टर 38 (1) शामिल हैं। अन्य 12 मरीजों में से 8 पंजाब, 1 हरियाणा और बाकी हिमाचल प्रदेश से थे। घटनाओं में 11 लोग केवल दर्शक (बाईस्टैंडर) थे जबकि बाकी 15 लोग खुद पटाखे फोड़ रहे थे।

**पटाखों के प्रकार और संख्या:** बम: 11, रॉकेट : 3, फुलझड़ी: 1, स्काय शॉट : , मोमबत्ती-1, पोटाश गन: 1,

**चोटों की गंभीरता:** 26 में से 10 मरीजों की सर्जरी करनी पड़ी, जिन्हें तुरंत ऑपरेट किया गया। 19 मरीजों को बंद आंख (क्लोज्ड ग्लोब इंजरी) की चोटें आई, जिनमें से 4 की स्थिति गंभीर बताई गई है। एडवांस्ड आई सेंटर के डॉक्टरों के अनुसार, इस तरह की चोटें समय पर इलाज से ठीक की जा सकती हैं लेकिन लोगों को पटाखों से सावधानी बरतनी चाहिए, खासकर बच्चों क ो। पीजीआई की तत्परता और टीम की मुस्तैदी से सभी मरीजों को समय पर इलाज मिला और उनकी स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है।

### पटाखों की चोट के 36 मरीज

चंडीगढ़ के गवर्नमेंट मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, सेक्टर 32 में दिवाली की सुबह से रात तक कुल 36 मरीजों ने इमरजेंसी व ट्राइएज सेवाओं में दस्तक दी। अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, आई, ईएनटी एवं ट्राइएज में रात के समय 33 मरीज दर्ज किए गए जिनमें से 24 डिसचार्ज कर दिये गये जबकि 1 लामा रहा और 11 दाखिल किये गये। अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार आई इंजरी के 17 व अन्य चोटों के 19 मरीज मिलाकर कुल 36 मरीज अस्पताल में आए।

## दिवाली की रात 1 बजे तक हुई आतिशबाजी, हवा में घुला जहर, 366 पार पहुंचा एक्यूआई

**जिला अस्पताल में पटाखों से जलने के 55 मामले, 8 बच्चों समेत लोगों की झुलसी आंखें**

**दमकल विभाग ने 5 जगहों पर पहुंच कर आग पर पाया काबू**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** दिवाली की रात 1 बजे के बाद भी आतिशबाजी होती रही, इससे शहर की हवा जहरीली हो गई। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 366 के खतरनाक स्तर तक पहुंच गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। प्रशासन की तरफ से रात 8 से 10 बजे तक सिर्फ ग्रीन पटाखे जलाने का समय निर्धारित किया गया था, मगर इन निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन होता रहा। देर शाम करीब 7 बजे से ही पटाखे जलाने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। पटाखे जलाने से न सिर्फ वायु प्रदूषण बल्कि ध्वनि प्रदूषण भी हुआ। यह स्तर आमतौर पर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद नुकसानदायक माना जाता है। सोमवार दोपहर तक एक्यूआई 175 था, जो शाम होते होते 209 तक पहुंच गया। रात 9 बजे यह आंकड़ा 245 पर पहुंचा और मध्यरात्रि तक यह 366 के स्तर को पार कर गया। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति गंभीर है और स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद चिंताजनक मानी जा रही है।

### पटाखों से त्वचा और आंखें झुलसने के 55 केस

दिवाली पर पटाखों की धूम धड़ाका से जहां वायु को नुकसान पहुंचा वहीं लोग भी इससे अछूते नहीं रहे। पटाखे और आतिशबाजी जलाते समय 55 लोगों की त्वचा और आंखें झुलस गई। इनमें बच्चे, महिलाएं, किशोर और अन्य व्यक्ति शामिल थे। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दिवाली की रात को सेक्टर 6 में डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। सीएमओ डा. मुक्ता कुमार ने बताया कि रात तक 55 लोग पटाखे जलाते समय झुलस गए। इनमें कुछ की मामूली तौर पर त्वचा झुलस गई तो कुछ को अस्पताल में एडमिट किया गया। इनमें 8 लोग ऐसे थे, जिनकी पटाखा जलाते हुए आंखों को नुकसान हुआ। बताया जा रहा है कि इनमें बच्चे, किशोर और युवा शामिल थे। हालांकि, आंखों की दृष्टि को कोई नुकसान नहीं हुआ। इलाज के बाद मरीजों को कुछ समय के लिए दाखिल किया गया। शहर में हुई आतिशबाजी से कुछ जगहों पर आग लगने के मामले में भी सामने आए हैं। दमकल विभाग सेक्टर 5 के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सेक्टर 5, सब फायर स्टेशन अलिपुर बरवाला, सब फायर स्टेशन सेक्टर 20 में आग लगने की घटनाएं होते ही फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जिला दमकल अधिकारी तरसेम सिंह ने बताया कि दिवाली की रात को फायर कर्मचारियों को तैनात किया गया था। सेक्टर 5 फायर स्टेशन के अंतर्गत 4 जगहों पर मामूली घटनाएं हुई और एक व्यक्ति को आग से सुरक्षित बचा लिया गया। अलिपुर में आतिशबाजी से आग लगने की सूचना आने पर फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। तरसेम सिंह ने कहा कि अधिकतर घटनाएं घास-फूस में आग लगी थी।

## मोहाली में एक ही परिवार के 4 बच्चे झुलसे

**पटाखों को जलाते समय धमाका, चारों के मुंह और हाथों पर लगी चोट**

**मोहाली (अप्रस)।** मोहाली में चले हुए पटाखों का बारूद इकट्ठा कर जलाते हुए चार बच्चे झुलस गए। उनके चेहरों और हाथों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि जान का नुकसान होने से बचाव हो गया। इसके बाद घरवाले उन्हें तुरंत फेज-6 के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। अब उनका इलाज जारी है। घटना के बाद से परिजन दहशत में हैं। परिवार वालों का कहना है कि उन्हें समझ ही नहीं आ रहा था कि आखिर यह हादसा कैसे हो गया। बच्चे भी सहमे हुए हैं। वहीं, दिवाली की रात कुल 23 जलने के मामले अस्पताल पहुंचे है। जानकारी के अनुसार यह घटना मंगलवार सुबह की है। एक ही परिवार के चार बच्चे चले हुए पटाखों का बारूद इकट्ठा कर उसे जलाने लगे थे। सभी बच्चे एक ही जगह पर खड़े थे। तभी अचानक आग से जोरदार धमाका हुआ और उसमें से निकली लपटों की चपेट में बच्चे आ गए। उनके चेहरे और हाथ बुरी तरह झुलस गए। बच्चे जोर-जोर से चिल्लाने लगे तो घरवाले बाहर आए और उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। परिवार का कहना है कि बच्चे खेल रहे थे, उन्हें अंदाजा नहीं था कि इस तरह की घटना हो सकती है।

### मंगलवार को भी रही इमरजेंसी सुविधाएं उपलब्ध

मोहाली में आज मंगलवार को भी दिवाली मनाई जा रही है। सेहत विभाग की तरफ सारे अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं लोगों को मुहैया करवाई जाएगी। इस संबंधी आदेश पहले ही जारी कर दिए गए है। वहीं, फायर बिग्रेड की टीमें भी संवेदनशील स्थानों पर तैनात कर दी गई है। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### परिवार दिवाली मनाने गया था घर से ज्वैलरी और यूएस डॉलर गायब, केस दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 34 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत अज्ञात शातिर आरोपी एक घर को अपना निशाना बनाते हुए घर से कीमती ज्वैलरी के अलावा एक हजार यूएस डॉलर लेकर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बुडैल निवासी पीड़िता शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया कि वह बीते दिन अपने परिवार के साथ जीरकपुर स्थित अपने सास ससुर के घर दिवाली मनाने के लिए गई थीं। पड़ोस में रहने वाले पड़ोसियों ने उसे बताया कि उनका घर खुला हुआ है। सूचना पाते ही पीड़िता तुरंत अपने घर पहुंची और देखा कि अंदर से सारा सामान बिखरा हुआ है ।घर से एक गोल्ड चैन,एक गोल्ड रिंग, गोल्ड कॉइन,दो पेयर सिल्वर पायल और एक हजार यूएस डॉलर गायब थे। जिसके चलते घर में हड़कप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।और पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खगाल रही है।

## चंडीगढ़ में मर्डर : दिवाली पर खून से लाल हुआ घर

## आरोपी बेटे ने रेता अपनी मां का गला, गिरफ्तार, जेल भेजा

**आरोपी बेटे के कब्जे से वारदात के समय इस्तेमाल चाकू भी बरामद**

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 21 अक्तूबर।** थाना 39 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत सोमवार दीपावली के दिन उस वक्त हड़कंप मच गया।जब छोटे आरोपी बेटे ने घर को खून से लाल कर अपनी मां का तेजधार हथियार से गला रेत कर मौके से फरार हो गया था। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ मां को तुरंत सैक्टर 16 के अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।जिसकी पहचान सैक्टर 40 निवासी 60 वर्षीय सुशीला के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा। जांच जारी है। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 39 के सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह की टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया।अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से वारदात के समय इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया।




### क्या था मामला

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 40 निवासी ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को सुबह करीब 7 बजे अपने घर में चाय पी रहे थे। तो उन्होंने सुशीला के घर से ज़ोर-ज़ोर से रोने की आवाज़ सुनाई दी ।जब वह उनके घर पहुँचे,तो उन्होंने पाया कि मुख्य द्वार अंदर से बंद था। इस बीच,अन्य पड़ोसी भी वहाँ इकट्ठा हो गए। कुछ देर बाद, रविंदर नेगी उर्फ रवि घर से बाहर आया और उसके कपड़े खून से सने हुए थे ।इस पर जब वह घर में दाखिल हुए,तो उन्होंने देखा कि वहाँ खून का एक धब्बा था ।उन्होंने तुरंत 112 पर कॉल किया और पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया। जब पुलिस के साथ घर में दाखिल हुआ तो उसने पाया कि बेटा रविंदर सिंह नेगी की माँ सुशीला खून से लथपथ बेहोशी की हालत में फर्श पर पड़ी थी। जिसे तुरंत सेक्टर 16 के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है ।पुलिस का कहना है की रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता लग पाएगा ।मामले की जांच जारी है।

### मां का हत्यारा बेटा पीयू में है कार्यरत

जानकारी के अनुसार पता चला कि पकड़ा गया मां का हत्यारा बेटा रविंदर पीयू में असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है ।पारिवारिक लोगों का कहना था कि मा के साथ रहने वाला उनका बेटा शादी शुदा है। जिसके एक बच्चा भी है ।कुछ समय से मानसिक तौर पर परेशान था। जिसके कारण उसकी पत्नी और बच्चा सेक्टर 45 में अपने मायके अलग रहती है ।पुलिस इस मामले को को भी लेकर जांच पड़ताल करेगी।

## पटाखे की चिंगारी से जली अर्टिगा कार, पांच मिनट में फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**मोहाली, 21 अक्टूबर।** मोहाली के फेज-11 इलाके में दिवाली की रात एक बड़ा हादसा टल गया। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास पार्किंग में खड़ी एक अर्टिगा टैक्सी कार में पटाखे की चिंगारी गिरने से अचानक आग लग गई। हादसा रात करीब 12.15 बजे का है जब लोग दीपावली की खुशियां मना रहे थे और चारों तरफ आतिशबाज़ी हो रही थी।

कार में आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर विभाग को रात 12:20 पर कॉल मिली और सेक्टर-65 में तैनात टीम मात्र चार मिनट में मौके पर पहुंच गई। आग इतनी तेज़ थी कि फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक कार आधे से ज्यादा जल चुकी थी। फायर टीम ने तत्परता दिखाते हुए महज़ 5 से 7 मिनट में आग पर काबू पा लिया और वहां खड़ी अन्य 10 गाड़ियों को बचा लिया।

इस पूरे हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। अभी तक कार मालिक की पहचान नहीं हो सकी है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और जांच जारी है।

### एक हफ्ते में दूसरी कार में आग लगने की घटना

गौरतलब है कि यह एक हफ्ते के भीतर मोहाली में कार में आग लगने की दूसरी घटना है। इससे पहले पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के कार्यालय के पास खड़ी एक कार में भी आग लग चुकी है। वाहन सुरक्षा पर विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी घटनाएं कई बार वाहनों की समय पर सर्विसिंग न कराने के कारण भी होती हैं। एक नामी ऑटो कंपनी में कार्यरत एक्सपर्ट अतुल सोनी ने बताया कि 'कोई भी वाहन हो, समय-समय पर उसकी सर्विसिंग जरूरी होती है ताकि तकनीकी खामियों का पता चल सके। लंबे समय तक सर्विस न होने पर भी आग लगने का खतरा बढ़ जाता है।

### पुलिस और फायर विभाग कर रहे हैं जांच

फिलहाल पुलिस और फायर विभाग संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रहे हैं कि आग सिर्फ पटाखे की चिंगारी से लगी या फिर कोई और तकनीकी कारण भी जिम्मेदार था।

## क्या पुराना रिकार्ड तोड़ पाएंगे सीएच01 डीबी सीरिज के नीलाम होने वाले नंबर?

**चंडीगढ़ में शुरू हुई नई सीरीज़ सीएच01डीबी की ई-नीलामी**

**बचे हुए फैंसी नंबरों की भी होगी पुन: नीलामी**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 21 अक्टूबर।** चंडीगढ़ प्रशासन के परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों के लिए एक सुनहरा मौका पेश किया है। नई वाहन पंजीकरण सीरीज़ सीएच01डीबी की ई-नीलामी शुरू हो गई है। इसके साथ ही पुरानी सीरीज़ सीएच01 डीए, सीएच01 सीजेड सीएच01सीएक्स में बचे हुए फैंसी/विशेष नंबरों की भी पुनः नीलामी की जाएगी। चंडीगढ़ में वाहनों के नंबरों की बोली कई-कई लाख में लग रही है। इस बार देखना दिलचस्प होगा कि इस सीरिज के नंबर पहले से ज्यादा राशि में नीलाम होते हैं या फिर पुराना रिकार्ड बरकरार रहता है। इस




संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ई-नीलामी में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 22 अक्टूबर 2025 सुबह 10 बजे से शुरू हो चुकी है, जो कि 28 अक्टूबर 2025 शाम 5 बजे तक जारी रहेगी। वहीं, ऑनलाइन बोली प्रक्रिया (ई-बिडिंग) 29 अक्टूबर सुबह 10 बजे से शुरू होकर 31 अक्टूबर शाम 5 बजे तक चलेगी। नीलामी में भाग लेने की शर्तों के अनुसार, केवल वही वाहन मालिक इस प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे जिन्होंने चंडीगढ़ पते पर वाहन खरीदा है। इसके लिए फॉर्म नंबर 21 (सेल लैटर), आधार कार्ड (यूआईडी) और चंडीगढ़ का पता प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### कैसे करें पंजीकरण?

ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक वाहन मालिक राष्ट्रीय परिवहन पोर्टल https://vahan.parivahan.gov.in/fancy पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। इस पोर्टल का लिंक चंडीगढ़ परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.chdtransport.gov.in पर भी उपलब्ध है। पंजीकरण के बाद आवेदकों को एक यूनिक एक्नॉलेजमेंट नंबर (यूएएन) प्राप्त होगा। इसके उपरांत, प्रतिभागियों को पंजीकरण शुल्क और चुने गए फैं सी नंबर की आरक्षित राशि (रिजर्व प्राइस) डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) के माध्यम से रजिस्ट्रिंग एंड लाइसेंसिंग अथारटी,यूटी, चंडीगढ़ के नाम पर सेक्टर-17, नगर निगम भवन के पास स्थित कार्यालय में जमा करनी होगी।

### सभी जानकारियां वेबसाइट पर उपलब्ध

नीलामी प्रक्रिया से जुड़ी पूरी जानकारी जैसे पंजीकरण शुल्क, हर विशेष नंबर की आरक्षित कीमत, बची हुई सीरीज़ सीएच01डीए, सीएच 01सीजेड, सीएच01 सीएक्स के नंबरों की सूची, ऑनलाइन नीलामी की प्रक्रिया नियम व शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इन सभी विवरणों को www.chdtransport.gov.in पर देखा जा सकता है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या सहायता के लिए इच्छुक व्यक्ति 0172-2700341 पर संपर्क कर सकते हैं या पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण कार्यालय, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में स्थित इंक्वायरी काउंटर पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## ओपन स्पेस को कंक्रीट में तब्दील करने के नाम पर 8 वर्षों से बंद पड़ा कम्यूनिटी सेंटर

**सेक्टर 47 कम्यूनिटी सेंटर के बंद होने से नगर निगम को राजस्व का उठाना पड़ रहा नुकसान**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 21 अक्तूबर।** ब्याह शादियों के लिए सेक्टर 47 कम्युनिटी सेंटर के दोनों हॉल के बजाय ओपन स्पेश की पहले ज्यादा बुकिंग होती थी। एमसी ने इसे 23.78 लाख से कंक्रीट में तब्दील करने का काम वर्ष 2017 में ही एक्सीएन, एसई, और चीफ इंजीनियर की मंजूरी के बगैर ही इस काम को बंद करवा दिया था। तब से यह कम्युनिटी सेंटर बंद पड़ा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले 8 वर्ष में नगर निगम को लाखों के राजस्व की क्षति हो रही है। वहीं, बंसल को एमसी ने रोड डिवीजन नंबर एक का अतिरिक्त चार्ज देकर एक्सीएन बना रखा है। कांट्रेक्टर ने भी चंडीगढ़ प्रशासक को शिकायत की थी कि एसडीओ के काम बंद करवाने से उसे लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। पहले भी शिकायत करते रहे परंतु कोई सुनवाई नहीं की गई। शिकायत की प्रति मुख्य सचिव यूटी, सेक्रेटरी लोकल गवर्नमेंट, फाइनैंस सेक्रेटरी के अलावा अन्य संबंधित अधिकारियां को दी गई है।

### वर्ष 2016 मे हुआ था टेंडर

वर्ष 2016 में नगर निगम ने सेक्टर 47 कम्युनिटी सेंटर के ओपनस्पेश को कंक्रीट करने और रेलिंग लगाने के लिए 29.76 लाख रुपये का टेंडर जारी किया। 3 कंपनियों ने टेंडर मं भाग लिया। इसमें परमजीत सिंह, कंपनी का सबसे कम बोली 23,78,652 रुपये की थी। एक नवंबर 2016 को एमसी ने परमजीत सिंह कंपनी को टेंडर आवंटित किया। वर्ष 2017 कांट्रेक्टर ने ओपन स्पेस पर काम शुरू किया। फिर एसडीओ अंकुर बंसल ने एक रनिंग बिल का भुगतान करने के बाद 2017 में काम रूकवा दिया। एक्सईएन जयपाल ने काम बंद करने का विरोध किया, फिर भी काम रुक गया।

### गेस्ट हाउस में तब्दील करने का प्रस्ताव खारिज

2018 में एसडीओ ने कम्युनिटी सेंटर को गेस्ट हाउस में तब्दील करने का प्रस्ताव दिया, जिसे मुख्य अभियंता ने रद्द कर दिया। उसी वर्ष कम्युनिटी सेंटर को डिस्मेंटल कर नया बनाने के लिए 76 करोड़ की अनुमानित बजट तैयार किया गया। वर्ष 2019 में 76 करोड़ के नये कम्युनिटी सेंटर प्रोजेक्ट को निगम हाउस ने मंजूरी दी। तत्कालीन चंडीगढ़ प्रशासक ने इसे पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बनाने का निर्देश जारी किया। वर्ष 2025 यह कम्युनिटी सेंटर तभी बंद पड़ा है। ओपन स्पेस को कंक्रीट करने का काम आज तक पूरा नहीं हो सका।

### कोई रिपोर्ट नहीं मिली: नगर निगम

मुख्य अभियंता के अनुसार सेक्टर 47 कम्युनिटी सेंटर के ओपन स्पेस का काम रोके जाने की कोई भी रिपोर्ट एक्सईएन और एसई की तरफ से उनके पास नहीं पहुंची।




## न्यूज़ ब्रीफ

### 5100 दीयों से जगमगाया बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम में इस बार दीपावली पर 5100 तेल के दीयों से पूरा आश्रम जगमगा उठा। समाजसेवी सचिन गर्ग ने आश्रम के बुजुर्गों संग दीपावली मनाते हुए अगले वर्ष 51 हजार दीयों से आश्रम को सजाने का लक्ष्य रखा। आश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने बताया कि दीयों की सजावट में अरुण करुड़वाल की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में दुर्गेश गोयल, अनुज गोयल, योगेंद्र कंबोज, रोहित गर्ग, शालू बंसल, अंकुश गोयल सहित कई लोग मौजूद रहे। बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर सचिन गर्ग ने कहा कि वे हमेशा उनके बीच रहकर सेवा करते रहेंगे। आश्रम प्रबंधन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### चेतन्य करियर कंसल्टेंट में मनाया दिवाली मिलन समारोह

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के चेतन्य कैरियर कंसल्टेंट में दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप के एम.डी. राजीव शर्मा व हरनेक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। ग्रुप की मैनेजर शिल्पी गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर रंगोली, दीया सजावट, सिंगिंग, ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं। राजीव शर्मा व हरनेक सिंह ने सभी को प्रदूषण-मुक्त दीपावली मनाने का संदेश दिया और कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में प्रियंका धीमान, अर्चना (अन्नू), नीतू, रेणु, स्वाती गुप्ता, सनम, पूजा, निखिल, विकास, तनवीर सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### संजीव छाबड़ा बने लाडवा मार्कीट कमेटी के सदस्य

**लाडवा ( अप्रस/विकास कश्यप)।** हरियाणा सरकार ने लाडवा अनाज मंडी



के आढ़ती संजीव (रिंकू) छाबड़ा को मार्कीट कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। नियुक्ति पर संजीव छाबड़ा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि वे किसानों, मजदूरों और आढ़तियों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे। सरकार ने डा. गणेश दत्त को चेयरमैन और सुरेंद्र सिंघल को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। संजीव छाबड़ा की नियुक्ति पर मंडी के आढ़तियों, राइस मिल मालिकों, मुनीमों तथा लायंस क्लब लाडवा के पूर्व प्रधान हरीश छाबड़ा ने खुशी जताई और उन्हें मिलनसार व समाजसेवी बताया।

### प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए 15 नवंबर तक जमा करवाएं आवेदन

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। डीसी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि यह पुरस्कार केंद्र और राज्य सरकारों के जिलों या संगठनों द्वारा किए गए असाधारण व अभिनव कार्यों को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं। पुरस्कार तीन श्रेणियों — जिलों का समग्र विकास, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम, और नवाचार में प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन का मूल्यांकन सुशासन, गुणात्मक व मात्रात्मक आधार पर किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए पोर्टल [https://pmawards.gov.in](https://pmawards.gov.in) या दूरभाष 011-23367966 पर संपर्क किया जा सकता है।

### रन फॉर यूनिटी में शामिल हों हर नागरिकः डीसी

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जिला मुख्यालय में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ देश की एकता और अखंडता को समर्पित होगी। डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, खिलाड़ी, महिलाएं, सीनियर सिटीजन व आमजन भाग लेंगे। सभी प्रतिभागी तिरंगा लेकर एकता और भाईचारे का संदेश देंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की तैयारियां विभागीय व जनभागीदारी स्तर पर तुरंत शुरू की जाएं ताकि आयोजन को गरिमामयी रूप से संपन्न किया जा सके। इस अवसर पर नगर निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय कुमार, डीएसपी सुरेश सैनी और सीएमओ डॉ. विजय मलिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### उल्लास के साथ मनाया दिवाली उत्सव

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट करनाल के सदस्यों द्वारा सैक्टर 8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में दिपावली उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सदस्यौं ने भवन में स्थापित महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के सम्मुख दीपमालिका प्रज्वलित की व अग्रपितामह को नमन किया और समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों को शगुन व मिष्ठान्न वितरित किये। वैश्य ट्रस्ट के प्रधान व लिबर्टी शूज के प्रबंध निदेशक श्री शम्मी बंसल ने समस्त सदस्यगण व उनके परिवारों को दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाऐं दीं। आज के कार्यक्रम में सर्व श्री रत्न लाल बंसल,ब्रिज गर्ग,हेमराज मितल,डॉ पी के जैन,प्रदीप बंसल,नरेंद्र गोयल,कमल गुप्ता,मनोज मितल,पंकजमणी गोयल,अशोक गुप्ता,भूषण गोयल,विनय बंसल आदि उपस्थित रहे।

### नारायण सेवा संस्थान ने कुष्ठ आश्रम में मनाया दिवाली महोत्सव

**कैथल (अप्रस)।** नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल द्वारा हर घर खुशियों की दिवाली अभियान के तहत सिरटा रोड स्थित कुष्ठ आश्रम में दिवाली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर प्रवीन जिंदल और मनोज गर्ग रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान सदस्यों ने आश्रम में निवास कर रहे बंधुओं के साथ दिवाली की खुशियां मनाईं। इस अवसर पर सभी को मिठाई, पटाखे, दीये और वस्त्र भेंट किए गए। संस्थान के सदस्यों ने बच्चों के साथ फूलझड़ियां चलाई तो बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके साथ ही आश्रम में रह रहे युवाओं एवं महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करते हुए नारायण सेवा केंद्र कैथल में संचालित मोबाइल, कंप्यूटर, सिलाई आदि निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुडने के लिए प्रोत्साहित किया गया। संस्था ने यह भी आश्वासन दिया कि इच्छुक लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष रूप से डॉ. विवेक गर्ग, दुर्गा प्रसाद, सुमेर चौधरी, मनोज गर्ग, शेर सिंह, पंकज शर्मा सहित संस्थान के अन्य सेवाभावी सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने सेवा भावना को दिवाली का वास्तविक स्वरूप बताते हुए जरूरतमंदों की मदद के लिए अधिक से अधिक लोगों को आगे आने का आह्वान किया। संस्थान सदैव गरीब, जरूरतमंद, दिव्यांग एवं समाज के उपेक्षित वर्गों की सेवा में समर्पित रहा है।

# 25 नवंबर को हरियाणा आएंगे प्रधानमंत्री मोदी!

- कुरुक्षेत्र में होगी पहली बड़ी रैली, कई परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन
- 17 अक्टूबर को सोनीपत में होना था कार्यक्रम
- आईपीएस आत्महत्या मामले के बाद स्थगित हुआ था दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 अक्तूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने हरियाणा आ सकते हैं। भाजपा ने सत्ता व संगठन के स्तर पर इस आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री का आगामी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में आ सकते हैं,जहां वे राज्य में विकास की कई बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

यह कार्यक्रम न केवल सरकार की उपलब्धियों का प्रदर्शन होगा बल्कि भाजपा के लिए जनसमर्थन की नब्ज टटोलने का भी मौका बनेगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुवाई में राज्य सरकार ने अपनी पहली वर्षगांठ पर एक भव्य जनसभा आयोजित करने की योजना बनाई थी। पहले यह कार्यक्रम 17 अक्टूबर को सोनीपत में होना था और प्रधानमंत्री मोदी को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम से कुछ दिन पहले ही आईपीएस अधिकारी पूरण कुमार की आत्महत्या के चलते प्रधानमंत्री का हरियाणा दौरा स्थगित कर दिया गया।

अब हालात सामान्य होने के बाद प्रधानमंत्री का दौरा नए सिरे से तय किया गया है और मंच कुरुक्षेत्र को चुना गया है, जो हरियाणा की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रतीक माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरे के दौरान हरियाणा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें कृषि, सड़क, शिक्षा, और औद्योगिक विकास से जुड़ी योजनाएं शामिल होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र और राज्य सरकार मिलकर हरियाणा के लिए नई औद्योगिक नीतियाँ और किसानों से जुड़ी योजनाएं पेश कर सकती हैं।

राज्य सरकार और भाजपा संगठन ने कुरुक्षेत्र में रैली की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अनुमान है कि इस आयोजन में लाखों की भीड़ जुटाई जाएगी। प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल ली है। मुख्यमंत्री स्वयं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। रैली स्थल के आसपास विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के लिए मंच तैयार किया जाएगा। जनता की नजर इस बात पर होगी कि प्रधानमंत्री किन योजनाओं की सौगात देते हैं और हरियाणा को आने वाले वर्षों में कौन-सी नई परियोजनाएं मिलती हैं।

# सवाल: कछुए की चाल से टोहाना में बन रहे सरकारी भवन: सज्जन इंदाछोइ

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 21 अक्तूबर।** टोहाना शहर में खास कर सरकारी अस्पताल, बीडीओ कार्यालय व जमालपुर स्टेशन ओवर ब्रिज यह निर्माण कार्य अपने तय सीमा के निर्धारित सरकार की समय अवधि से बहुत ही धीमी रफ्तार से निर्माण कार्य चल रहा है इस विषय पर आज एक पत्रकार सम्मेलन में अन्नदाता किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता सज्जन इंदाछोइ ने अपने वक्तव्य में कहा कि जमालपुर स्टेशन के ओवर ब्रिज बनाने वाली कंट्रक्शन कंपनी व सरकारी अधिकारियों की मिली भगत से ही निर्माण प्रक्रिया कछुए की चाल से चल रही है जबकि किसानों का धान का सीजन चल रहा है किसानों को अपनी फसल बेचने टोहाना शहर की अनाज मंडियों में आना पड़ता है गांव से टोहाना शहर में जब तक ओवर ब्रिज नहीं बनता तब तक बहुत ही मुश्किलें हैं और भी वहां से गुजरने वाले यातायात के साधनों को बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ता है पर सरकारी अधिकारियों पर इस बात का कोई भी असर नहीं है सब कुछ देखते हुए भी ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी कछुए की चाल से निर्माण कार्य में लगी हुई है। जमालपुर रेलवे स्टेशन ओवर ब्रिज के निर्माण को लेकर चल रही धीमी गति से कार्य के लिए 30 अक्टूबर को फतेहाबाद आ रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से वह मुलाकात कर शहर में चल रहे सिविल हॉस्पिटल, बीडीपीओ कार्यालय व नए बस स्टैंड के निर्माण कार्य को भी जल्दी पूरा करने वह इनके निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की जांच मुख्यमंत्री की टीम द्वारा करवाए जाने की मांग करेंगे।
















रन फॉर यूनिटी की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने ली उपायुक्तों की बैठक

# देश की एकता व अखंडता के संदेश के लिए 31 को निकलेगी रन फॉर यूनिटी : सुशील सारवान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित रन फॉर यूनिटी की तैयारियों को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तयों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद में आयोजित रन फॉर यूनिटी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य सभी जिला में प्रदेश के जन प्रतिनिधि भाग लेंगे।

वीसी के पश्चात उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला के सभी खिलाड़ियों, युवाओं तथा सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुडे लोगों को शामिल किया जाए। उन्होंने सीटीएम व डीईओ को निर्देश दिए कि रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 अक्टूबर को सुबह 07 बजे किया जाएगा इसलिए स्थान व रूट का चयन करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। रन फॉर यूनिटी मार्ग पर सुरक्षा, पेयजल, यातायात, चिकित्सा व सफाई आदि व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं के हाथों में तिरंगा झण्डा होना चाहिए इसलिए उन्हे तिरंगा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने शिक्षा विभाग, खेल विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आपसी समन्वय से तैयारी करें, ताकि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को सरदार पटेल के योगदान और उनके द्वारा एक भारत के निर्माण में निभाई गई भूमिका से अवगत कराया जाएगा।

इस दौरान एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, सीटीएम डॉ. अनमोल, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, डीआईओ विशाल सैनी सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन को स्थापित करने के लिए गांव अटेरना निवासी का चयन



रेंडमाईजेशन प्रक्रिया द्वारा किया गया किसान का चयन, किसान को पैडी स्टॉ स्पलाई चेन स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा दिया जाएगा 65 प्रतिशत का अनुदान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में सोमवार को कैंप कार्यालय में जिला में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करने के लिए जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ष 2025-26 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत उद्योगों के लिए पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन को स्थापित करने के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट 08 अक्टूबर तक जिले से 12 किसान/किसानों के समूह/ग्रामीण उद्यमियों/किसानों की सहकारी समितियों/एफपीओ और पंचायत ने उपरोक्त स्कीम के तहत ऑनलाइन आवेदन किया था। इन आवेदनों में से विभाग द्वारा निर्धारित की गई पूरी शर्ते न मिलने पर 08 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया था। विभाग द्वारा जिला में एक आवेदक को अनुदान देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में आज पोर्टल पर बचे हुए 04 आवेदकों, जिनमें अमित गांव अटेरना, प्रदीप हसनपुर, सचिन पहल गुमड़ और मुरथल एग्रो वेस्ट एनर्जी मुरथल शामिल थे। इन आवेदकों में से से निर्धारित लक्ष्य अनुसार रेंडमाईजेशन प्रक्रिया द्वारा गांव अटेरना के अमित का चयन किया गया। इसके अलावा अन्य सभी 03 आवेदकों को अप्रूवल के लिए राज्य स्तरीय कमेटी को भेजा जाएगा। कृषि विभाग के सहायक अभियंता नवीन हुड्डा ने बताया कि अप्रूवल उपरांत किसान बेलर, ट्रॉली, रैक, ट्रैक्टर आदि मशीनों की खरीद कर जिले में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करेगा। सरकार (केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से) 65 प्रतिशत की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

## थाना बहालगढ़ में पुलिस के साथ मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले के थाना बहालगढ़ की पुलिस ने पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ बल का प्रयोग कर सरकारी कार्य में बाधा डालने व पुलिस कर्मचारियो के साथ मारपीट करने की घटना मे संलिप्त एक महिला आरोपी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जिला पानीपत निवासी एक महिला व यतेन्द्र पुत्र मुकेश निवासी बागपत क्क के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 20 अक्टूबर को महेश पुत्र सोहनलाल निवासी अपेक्स ग्रीन सोसाइटी सोनीपत ने थाना बहालगढ़ मे अपने साथ हुई मारपीट के सम्बन्ध में शिकायत देने पर जो पुलिस टीम सोसायटी के मौजुदा व्यक्तियो की मौजूदगी में आरोपी यतेन्द्र पुत्र मुकेश के फ्लैट पर पहुंची तो वहाँ पर यतेन्द्र उसकी पत्नी के साथ अपने फ्लैट से बाहर आया और उन दोनो ने बाहर आते ही पुलिस टीम व अन्य मौजुदा व्यक्तियों को गालिया देनी शुरु कर दी जो पुलिस टीम ने उन दोनों को समझाने की कोशिश की तो आवेश में आकर उसकी पत्नी ने चालक मनीष के साथ मारपीट शुरु कर दी। जो पुलिस टीम ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो यतेन्द्र ने भी सुरजीत व अन्य कर्मचारियो के साथ मारपीट करनी शुरु कर दी। जो पुलिस टीम ने उन दोनों को काबू किया तो उन दोनों के मुहँ से शराब की बदबु आ रही थी जो पुलिस टीम दोनो आरोपीयों को लेकर सरकारी हॉस्पिटल सोनीपत पहुंची और उनका मैडिकत परिक्षण करवाया गया। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत थाना बहालगढ़ मे अभियोग दर्ज किया गया। थाना बहालगढ़ की अनुसंधान टीम मे नियुक्त उप निरिक्षक सुरजीत ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना मे संलिप्त जिला पानीपत निवासी एक महिला सहित दो आरोपियों यतेन्द्र पुत्र मुकेश निवासी बागपत क्क को गिरफ्तार किया है।

## दीपावली पर्व की रोशनी और ऊर्जा मन में हमेशा रहनी चाहिए : सुभाष बराला

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने क्षेत्रवासियों के साथ साझा की दीपावली की खुशियां

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



टोहाना। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मंगलवार को अपने आवास पर क्षेत्र के परिवारजनों, पार्टी कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों से भेंट कर दीपों के महापर्व दीपावली त्योहार की खुशियाँ साझा कीं। बड़ी संख्या में लोगों ने सांसद बराला से भेंट कर त्योहार की शुभकामनाएँ दीं और क्षेत्र के विकास तथा सामाजिक एकजुटता पर सार्थक चर्चा की।

राज्यसभा सांसद ने नागरिकों के सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि यह पर्व आप सभी ने शांति, समृद्धि और अपार उल्लास के साथ मनाया। दीपावली हमें यह याद दिलाती है कि अंधकार पर प्रकाश की विजय निश्चित है, और हमें सदैव आशा और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। दीपावली का पर्व भले ही पूर्ण हो गया है, लेकिन इसकी रोशनी और ऊर्जा हमारे मन में हमेशा रहनी चाहिए। मैं टोहाना के अपने जन-परिवार से मिलकर अत्यंत आनंदित हूँ। उन्होंगे प्रार्थना है की कि माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश का आशीर्वाद निरंतर हम सभी पर बना रहे। टोहाना क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे, और हम सभी मिलकर एक स्वस्थ और मजबूत समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। सांसद बराला ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया और उन्हें आश्वस्त किया कि वे एक लोक-सेवक के रूप में हमेशा जनता के हितों को सर्वोपरि रखेंगे। हरियाणा और देश का प्रत्येक परिवार धन-धान्य और उत्तम स्वास्थ्य के साथ जीवन व्यतीत करे। त्योहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को और मजबूत करने का संदेश देते है। हर नागरिक के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इतने प्रेम और उत्साह के साथ मुझे अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएँ दीं।

## शहीद जवानों की शहादत व वीरगति को कभी भुलाया नहीं जा सकता : ममता सिंह

देश की रक्षा के लिए शहीद हुए पुलिस कर्मियों को किया नमन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। जिला पुलिस लाइन सोनीपत में आज पुलिस शहीदी स्मृति दिवस एवं पुलिस झंडा दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को नमन किया।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। इसके उपरांत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे की वर्दी पर पुलिस झंडा लगाकर ÷पुलिस झंडा दिवस÷ मनाया। इस अवसर पर सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिसकर्मियों से हमें सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि किसी भी परिस्थिति में कर्तव्य पालन से पीछे नहीं हटेंगे – चाहे इसके लिए हमें अपने प्राणों की आहुति क्यों न देनी पड़े।

उन्होंने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सेना से हुई मुठभेड़ में वीरगति प्राप्त 10 पुलिसकर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिन पुलिस बल के साहस, समर्पण और बलिदान की भावना का प्रतीक है।

## दादा कुशाल सिंह दहिया की याद में 14 नवंबर को राज्यस्तरीय बलिदान दिवस समारोह होगा : विरेन्द्र बढखालसा

**कार्यक्रम में सैकड़ों खाप, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि व जनसमूह इक्ट्ठा होकर देंगे भाईचारे का संदेश**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेन्द्र बढखालसा ने कहा कि धर्म और समाज एकजुटता के लिए अपने बलिदानों का त्याग करने वाले अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 14 नवंबर को राज्य स्तरीय बलिदान दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम एजुकेशन सिटी राई में आयोजित होगा, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे।

गुरू तेगबहादुर के शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ओएसडी विरेन्द्र बढखालसा व उपायुक्त सुशील सारवान ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें दिशा-निर्देश दिए। ओएसडी ने कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया ने गुरू तेगबहादुर के शीश को सुरक्षित रखने के लिए अपने शीश का दान दिया था। गुरू तेगबहादुर के अमर बलिदान के साथ ही दादा कुशाल सिंह दहिया का बलिदान भी नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक बने इसके लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों खाप, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि व जनसमूह इक्ट्ठा होकर भाईचारे का संदेश देंगे।

इस दौरान कार्यक्रम में लगने वाले मैन स्टेज, वीआईपी स्टेज तथा सांस्कृतिक स्टेज, पार्किंग, वीआईपी रूट, लोगों के बैठने, लंगर, प्रदर्शनी, कार्यक्रम में आने वाले वीआईपी सहित सभी तैयारियों की विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के मुख्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करवाएं, इन कार्यक्रमों में गांव के सरपंचों तथा पंचों सहित गणमान्य व्यक्तियों को निमंत्रण दें। इसके अलावा सभी विश्वविद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित करें ताकि कार्यक्रम में शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका हो।

इस दौरान उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि जिस प्रकार अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया ने अपने समय में धर्म और समाज की एकता को लेकर अपने शीश का दान दिया था, उसी प्रकार आज का युवा किस प्रकार देश को आगे ले जाने के लिए बलिदान दे सकता है इस संदेश को युवाओं तक पहुंचाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए जगह-जगह होर्डिंग्स लगवाएं जाए। इसके अलावा इस कार्यक्रम के लिए सभी सरपंचों व जन प्रतिनिधियों से संपर्क करें ताकि गांव-गांव, घर-घर कार्यक्रम की जानकारी पहुंच सके।

इस पश्चात बैठक में 28 अक्टूबर को राई एजुकेशन सिटी में आयोजित होने वाले सभा स्थल का भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पत्रकारवार्ता का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में जनसमूह शामिल होगा। बैठक में एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, नगराधीश डॉ. अनमोल, एसीपी विपिन कुमार, जीएम रोडवेज संजय सिंह, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी पंकज गौड, अमित दहिया सहित सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी मौजूद रहे।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS | आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

I, Jeewan Sharma, w/o of Ashwani Gautam, resident of VPO Dobhetta, Tehsil Nangal, District Rupnagar, Punjab (India), declare that my name in my voter card is Jeevan Gautam and my name in my Aadhar card is Jeewan Sharma. I have changed my name from Jeevan Gautam to Jeevan Sharma. I, Jeevan Gautam and Jeevan Sharma are the same woman.
एपी-5154

मैं, जितेन्द्र पाल सिंह पुत्र मोहिंद्र सिंह निवासी वार्ड नं. 5 नजदीक पुलिस स्टेशन असंध जिला करनाल ने अपनी पुत्री (नाबालिग) का नाम GURSHRAN KAUR से बदलकर GURSHARAN कौर रख लिया है।
एपी-5155

I, Gulfana Begum w/o Ashfaq Ahmed Ansari, r/o H.No 207/10 Katcha Tank, Nahan, District Sirmaur (H.P) have changed my name from Gulfana Begum to GULFANA ANSARI. All concerned please note.
एपी-5156

मैं, राम मेहर अटवाल पुत्र श्री धन सिंह निवासी मकान नं. 632, गेट नं. 1, नजदीक चूना भट्ठी, चंडीमंदिर, जिला पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम राम मेहर अटवाल से बदलकर राम मेहर कर दिया है।
एपी-5155

I, Rajeshwari Thapliyal W/o. Anil Kumar, R/o #82, Saini Vihar Phase-5, Baltana, District Mohali, have changed my name from Rajeshwari Thapliyal to Rajeshwari Bhatt
एपी-5157

मैं, उदय गुप्ता पुत्र बृजेन्द्र गुप्ता निवासी मकान नंबर 3068, एसबीआई ऑफिसर्स सोसायटी, सेक्टर 49-डी, चंडीगढ़ ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम कीर्ति से बदलकर कीर्ति गुप्ता रख लिया है।
एपी-5158

मैं, रवि पुत्र जैमल सिंह वासी गांव व डाक सरन जिला यमुनानगर ने अपना नाम बदलकर रवि कुमार रखा है।

मैं, जैमल पुत्र देशराज वासी गांव व डाक सरन जिला यमुनानगर ने अपना नाम बदलकर जैमल सिंह रखा है।

मैं, संगीता पत्नी ईश कुमार वासी मकान नं 619, सैक्टर 13 एक्सटेंशन, करनाल ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर संगीता रानी से संगीता रखा है।

मैं, मोहित वर्मा पुत्र भूषण वर्मा वासी मकान नं 56ए, मेन बाजार, गांव व् डाक काछवा जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर मोहित से मोहित वर्मा रखा है।

मैं, सुखराज पुत्र परताप सिंह वासी गांव दुल्लत जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर सुखराज सिंह रखा है।

मैं, Kiranjit कौर पत्नी गुरप्रीत सिंह वासी गांव खुम्बेर जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Kiranjeet कौर रखा है।

मैं, मोहन सिंह पुत्र Dabbal सिंह वासी मकान नं. 46, गांव व डाक सौसन, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड ने अपना नाम बदलकर मोहन सिंह चौहान रखा है।

मैं, दिव्या ओबेराय उर्फ अलंकृता ओबेराय पत्नी रवि ओबेराय वासी मकान नं 283-ए सैक्टर 51ए चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर अलंकृता ओबेराय रखा है।
एपी-5160

मैं, दीपक सिंघल पुत्र रामधन निवासी वार्ड संख्या 11, अनाज मंडी, सफीदों, जिला जींद-126112 (हरियाणा) ने अपना नाम दीपक सिंघल से बदलकर दीपक कुमार रख लिया है। भविष्य में, मुझे नए नाम दीपक कुमार से जाना जाएगा।
एपी-5161

मैं, सुनीता सिंगला पत्नी देवेंद्र कुमार निवासी मकान नं 138/14, गोविन्द कॉलोनी, कैथल - 136027 (हरियाणा) अपना नाम सुनीता सिंगला से बदलकर सुनीता देवी रखती हूँ। भविष्य में मुझे सुनीता देवी के नाम से जाना जाए। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-5162

### बेदखली सूचना

मैं, जोरा सिंह पुत्र श्री गुरमुख निवासी गांव नंदसिंहवाला कैथल जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जगसीर सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हम प्रोमिला पत्नी बंसी लाल व बंसी लाल पुत्र पूर्ण निवासी गांव धरोड़ी, तह. नरवाना जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करते हैं कि हमारी पुत्री खुशी हमारे कहने-सुनने से बाहर है, तथा उसने अपनी मर्जी से शादी कर ली है। हम उसे अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करते हैं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मैं, सतीश कुमार पुत्र पुरुषोत्तम दास निवासी म.नं. 134, मॉडल टाउन जीन्द रोड़ कैथल अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नीरज गर्ग मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-5158

मैं, सुमन (आधार नंबर- 9130-8601-9357) पत्नी राज कुमार, निवासी गांव हरियापुर, डाकघर पिपली, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूँ कि, मेरा पुत्र ध्रुव मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं अपने पुत्र ध्रुव को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल एवं निष्कासित करती हूँ। यदि भविष्य में वह किसी से विवाह करता है या कोई भी नैतिक या अनैतिक लेनदेन, आर्थिक या सामाजिक संबंध स्थापित करता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी मेरे या मेरे परिवार की इसमें कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी। सम्बंधित नोट करें।
एपी-5159

मैं, परमजीत कौर पत्नी स्वर्गीय सुरिंदर कुमार वर्मा, निवासी मकान नंबर 12-ए, प्रथम तल, ड्रीम होम्स सोसाइटी, किशनपुरा, ढकौली, ज़ीरकपुर, जिला मोहाली, पंजाब सूचित करती हूँ कि मेरा बेटा प्रियांश वर्मा और उसकी पत्नी सुमन मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपतियों से बेदखल करती हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-5158

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

### बेदखली वापसी

मैं, मोनिया सिंह पत्नी जतिंदर सिंह, निवासी मकान नंबर 77, सेक्टर 8-ए, चंडीगढ़, यह सूचित करती हूं कि मैंने अपने पुत्र तनवीर प्रताप सिंह तथा पुत्रवधू मनवीन कौर को अपनी समस्त चल-अचल संपति से बेदखल किया था। अब दोनों मेरे कहने सुनने में हैं और मेरा आदर सम्मान करते हैं। इसलिए, मैं इनकी बेदखली को वापिस लेती हूं। भविष्य में मेरे पुत्र तनवीर प्रताप सिंह का मेरी सभी चल और अचल संपतियों पर सम्पूर्ण अधिकार होगा।
एपी-एफ

मैं, यशविंदर सिंह पुत्र राजिंदर सिंह, निवासी मकान नंबर 2491, टेलीहोस सोसाइटी, सेक्टर 50-सी, चंडीगढ़, यह सूचित करता हूं कि पहले मैंने अपने पुत्र अभिनव ठाकुर को अपनी सभी चल और अचल संपतियों से बेदखल कर दिया था। अब वह मेरे कहने सुनने में है और मेरा सम्मान करता है। इसलिए मैं उनकी बेदखली वापिस लेता हूं। भविष्य में उसका मेरी सभी चल और अचल संपतियों पर सम्पूर्ण अधिकार होगा।
एपी-5158

### खोया-पाया

Smt. Sunita w/o Sh. Sukhvinder Singh R/o H/no. 775, Gali no. 3, Dabar Colony, Bhiwani is owner & in possession of Property/Shop measuring 39 sq. yrds Situated at MC unit no. 3391/A/10, Loharu Road, New Anaj Mandi, Tehsil & Distt. Bhiwani vide Sale Deed no. 14503 dated 12.02.2020 Sub Registrar Bhiwani, the said property purchased from Sh. Kapil Mehta s/o Sh. Om Parkash. As such the said property is inherited by 1. Sachin 2. Kapil Mehta 3. Om Parkash, Legal heirs of Smt. Naresh Kumari w/o Sh. Om Parkash (deceased) regarding the said property, if any person/financial institutions/bank have any objection/information /Possession/ Knowledge for above said documents shall submit/intimate within 03 days to Sh. M. L. Dhingra Advocate, Office/Shop No.13 Near Ram Panwari Chhotu Ram Chowk Rohtak or Chamber No.148 Distt. Court Complex Rohtak M.No.9416380702. Thereafter any kind of claim will not be accepted.

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

Sh. Shiv Kumar & Smt. Radha R/o H/No.856/10 Behind anmol palace aggersain colony, Hansi Distt. Hissar, is owner & in possession of Property /Shop no. 45 B/10 measuring 24.44 sq. yrds situated at Bada Bazar, Hansi Tehsil Hansi & Distt. Hissar, lost their previous Original Sale deed no. 1162 /1 dated 25.08.1961 favouring Sh. Hotu Ram s/o Sh. Khushi Ram, regarding the property situated at Bada Bazar, Hansi Tehsil Hansi & Distt. Hissar, Haryana between in Rohtak city and if any person has found /information /Possession/ Knowledge for above said documents shall submit/intimate within 07 day to Sh. M. L. Dhingra Advocate, Office/Shop No.13 Near Ram Panwari Chhotu Ram Chowk Rohtak or Chamber No.148 Distt. Court Complex Rohtak M.No.9416380702. Thereafter any kind of claim will not be accepted.

Smt. Manju w/o Sh. Sanjay R/o Kharainti, Kherainti (96), Rohtak Distt. Rohtak, is owner & in possession of Property/Plot no. 104 measuring 87.29 sq. mtrs. Situated at Residential Colony Development i.e. Palm Drive, Rohtak, Sector-34, Rohtak Tehsil & District-Rohtak, Haryana, lost her Original BBA dated 26.07.2022 favouring Sh. Rishi Raj, regarding the property situated at Residential Colony Development i.e. Palm Drive, Rohtak, Sector-34, Rohtak Tehsil & District-Rohtak, Haryana between in Rohtak city and if any person has found /information /Possession/ Knowledge for above said documents shall submit/intimate within 07 day to Sh. M. L. Dhingra Advocate, Office/Shop No.13 Near Ram Panwari Chhotu Ram Chowk Rohtak or Chamber No.148 Distt. Court Complex Rohtak M.No.9416380702. Thereafter any kind of claim will not be accepted.
एपी-5155

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

# नमन उन शहीदों को, जिन्होंने फर्ज निभाते हुए दी कुर्बानी

## डीजीपी डा. सागर प्रीत हुडा और अन्य पुलिस उच्च अधिकारियो ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मंगलवार को सेक्टर 17 स्थित थाने के पास वाले मैदान में शहीदों की स्मृति में परेड का आयोजन किया गया।इस मैदान में परेड की 4 टुकड़ियां जिसमें तीन यूटी पुलिस और एक पंजाब पुलिस की थी।डीजीपी डॉक्टर सागर प्रीत हुडा,एसएसपी ट्रैफिक एंड सुरक्षा सुमेर प्रताप सिंह,एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर और अन्य पुलिस अधिकारियों ने शहीदी स्मारक पर शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डीजीपी हुडा ने पिछले एक साल से पूरे देश की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले पुलिस कर्मियों के नाम घोषित किए।पुलिस कर्मियों ने हथियार और सिर झुकाकर शहीदों के लिए दो मिनट का मौन भी रखा। डीजीपी हुडा ने शहीद हुए परिवार वालों से मिलकर संवेदना जताई।

21 अक्तूबर 1959 को पुलिस के अधिकारी अपने उन सहयोगियों को याद करते हैं। जिन्होंने कर्तव्य की पंक्ति में अपने प्राण नशोछावर कर दिए थे। डीजीपी डॉक्टर सागर प्रीत हुडा ने बताया कि 21 अक्तूबर 1959 को लद्दाख क्षेत्र में राष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा के लिए तैनात भारतीय पुलिस की एक टीम पर पहाड़ियों में छिपे चीनी सैनिकों द्वारा हमला किया गया था। इस हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हो गए थे। तब से इस दिन को केंद्रीय पुलिस संगठनों और पुलिस बलों में अपने साथियों के बलिदान की याद में शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस मौके पर इंस्पेक्टर जगजीत सिंह,इंस्पेक्टर सुच्चा सिंह,सब इंस्पेक्टर अमर जीत सिंह,एएसआई लालू राम,एएसआई अमरजीत सिंह,और एएसआई अमीन चंद,



हेड कांस्टेबल सुखजिंदर सिंह,कांस्टेबल सुख दर्शन और होम गार्ड वॉलेंटियर राजेश कुमार को श्रद्धांजली दी गई। उस वक्त एसएसपी की कार में बम फटने से लालू राम और अमीन चंद हुए थे।

17 जुलाई 1988 को सेक्टर 39 थाने में थाना प्रभारी नियुक्त होने के दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि सैक्टर 45 के आवास पर आतंकवादी छिप कर बैठे है। इंस्पेक्टर जगजीत सिंह ने टीम के साथ आवास पर रेड की।और मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया था।इसी दौरान उनके गोली लगने से वह शहीद हो गए थे।

इसी तरह एएसआई लालू राम ने 29 जून 1976 को पंजाब पुलिस में कांस्टेबल के पद पर ज्वॉइन किया था। 30 मई 1978 को वह यूटी पुलिस में डेपुटेशन पर आए। 29 अगस्त 1991 को लालू राम को उस वक्त एसएसपी सुमेध सिंह सैनी का पीएसओ नियुक्त किया गया।उस वक्त एसएसपी के साथ अमीन चंद ड्राइवर के तौर पर ड्यूटी कर रहे थे। 29 अगस्त 1991 को आतंकवादियों ने एसएसपी सुमेध सिंह सैनी की कार पर बम फिट कर दिया। सैक्टर 17 स्थित बैंक के हेड ऑफिस के सामने बम फटने से कार में सवार पीएसओ लालू राम और ड्राइवर अमीन चंद शहीद हो गए थे। इस दौरान एसएसपी को भी चोटे आई थी।

### पीजीआई में आतंकवादियों ने एसआई अमरजीत पर किया था हमला

एसआई अमरजीत सिंह ने पंजाब पुलिस में 28 मई 1973 को बतौर कॉन्स्टेबल के पद पर ज्वॉइन किया था। जिसके बाद वह यूटी पुलिस में डेपुटेशन पर आए।।25 फरवरी 1992 को अमरजीत सिंह और अन्य पुलिस कर्मी कुछ आतंकवादियों को इलाज के लिए पीजीआई ले जा रहे थे। जिस दौरान कुछ अज्ञात आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया था।जिस दौरान एसआई अमरजीत सिंह बहादुरी से आतंकवादियों से लड़ते रहे। लेकिन आखिर में वह शहीद हो गए।

**एएसआई अमरजीत सिंह को आतंकियों ने मारी थी गोली :** एएसआई अमरजीत सिंह ने 26 जुलाई 1976 में एएसआई के तौर पर यूटी पुलिस में ज्वाइन किया था। 8 दिसंबर 1989 में सैक्टर 36 पुलिस पोस्ट में तैनात होने के दौरान वह कजहेड़ी गांव में गश्त कर रहे थे।इसी दौरान घात लगाकर बैठे मोटर साइकिल पर सवार दो आतंकवादियों ने अमर जीत सिंह पर गोलियों पर हमला कर दिया था।और वह शहीद हो गए थे।

**संदिग्ध जोड़े से पूछताछ करने पर इंस्पेक्टर सुच्चा सिंह पर चाकू से किया गया था हमला :** इंस्पेक्टर सुच्चा सिंह 30 अप्रैल 1976 को यूटी पुलिस में बतौर कॉन्स्टेबल के पद पर ज्वॉइन किया था। यूटी पुलिस के ट्रैफिक विंग में तैनात होने के दौरान 8/9 जून 2013 को उनकी नाइट ड्यूटी लगी।वह सैक्टर 17 स्थित जिला अदालत के पास देर रात एक संदिग्ध जोड़े से पूछताछ करने लगे। लेकिन इसी दौरान आरोपी ने उन्हें कई बार चाकू मारे और इंस्पेक्टर सुच्चा सिंह शहीद हो गए थे।

**सड़क हादसे में दो पुलिस कर्मी और एक होम गार्ड वॉलेंटियर शहीद :** यूटी पुलिस के पहले 7 पुलिस कर्मी शहीद हुए थे। 2025 में अब तीन और पुलिस कर्मी ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में शहीद हुए हैं। जिसके हेड कांस्टेबल सुखजिंदर सिंह,कांस्टेबल सुखदर्शन,और होमगार्ड वालियटर राजेश कुमार शामिल हैं।

## इनेलो प्रदेशाध्यक्ष ने असिसटेंट जिला अटॉर्नी भर्ती प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**पंचकूला।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शहरी पंचकूला मनोज अग्रवाल ने असिसटेंट जिला अटॉर्नी भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के गलत तरीकों से 255 असिसटेंट जिला अटार्नी लगाने पर पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय की रोक से भाजपा सरकार की बिना खर्ची बिना पर्ची सरकारी नौकरियां देने के दावे की पोल खुल गई है।

हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा हाल ही में उपरोक्त भर्तियों के लिए सामान्य ज्ञान पर आधारित परीक्षा ली थी। इस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका डाली गई। न्यायाधीश संदीप मोदगिल ने 36 पृष्ठ के आदेश में भर्ती प्रक्रिया को अपने चहेतों को तर्कसंगत गठजोड़ के तहत नौकरी देना करार दिया है। उन्होंने लिखा कि आयोग द्वारा कानून से संबंधित विषयों की अपेक्षा जनरल साइंस, इतिहास, भूगोल, बेसिक मैथ और मौजूदा घटनाओं जैसे विषयों की परीक्षा ली गई जबकि कानून विषय की पूर्णतया अनदेखी की गई। कानूनी अधिकारी लगाने के लिए कानून विषय को अलग करने का मतलब साफ है कि षडयंत्र रच कर चहेतों को भर्ती करने के लिए भर्ती परीक्षा का पैटर्न ही बदल दिया है।

### सोशल मीडिया पोस्ट, मोबाइल फोन, विसरा रिपोर्ट से होगा खुलासा

# अकील मर्डर : वायरल वीडियो की एसआईटी करेगी जांच

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंजाब के पूर्व डीआईजी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर की मौत के बाद पुलिस द्वारा दर्ज हत्या और साजिश के आरोपों की जांच एसआईटी करेगी। अकील द्वारा कथित तौर पर अपनी मृत्यु से पहले बनाए गए कुछ सोशल मीडिया पोस्ट और वीडियो सामने आए, जिनमें उन्होंने व्यक्तिगत विवादों और अपनी जान को खतरे की आशंकाओं का आरोप लगाया गया था। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि इस मामले में अकील द्वारा लिखी गई कथित डायरी, उसके सोशल मीडिया पोस्ट, मोबाइल फोन और अभी तक प्राप्त नहीं हुई विसरा रिपोर्ट की जांच की जाएगी।

डीसीपी सृष्टि ने आगे बताया कि गहन, निष्पक्ष और साक्ष्य-आधारित जांच सुनिश्चित करने के लिए, एक एसीपी स्तर के अधिकारी की देखरेख में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। पांच सदस्यीय एसआईटी मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहन और वैज्ञानिक जांच करेगी।



पूर्व डीआईजी मोहम्मद मुस्तफा।



अकील अख्तर की फाइल फोटो।

17 अक्टूबर को, पुलिस को पंजाब के मलेरकोटला निवासी शमशुद्दीन चौधरी की ओर से एक शिकायत मिली, जिसमें घटना में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। उनका दावा है कि वह मलेरकोटला में रजिया के परिवार को जानते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया वीडियो साझा करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मृतक और उसके परिवार के बीच असंतोष पनप रहा था। 27 अगस्त को, अकील ने सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उसने अपने परिवार के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए। उस वीडियो में, उसने यह भी उल्लेख किया कि उसकी मां और बहन सहित उसका पूरा परिवार उसे मारने या झूठे मामले में फंसाने की साजिश रच रहा है। डीसीपी ने कहा कि शिकायत में, शिकायतकर्ता ने सोशल मीडिया वीडियो और पोस्ट भी संलग्न किए हैं, जो कथित तौर पर मृतक के हैं। तभी संदेह पैदा हुआ और मामला दर्ज किया गया।÷ बताया जा रहा है कि परिवार वर्तमान में सहारनपुर में अपने पैतृक स्थान पर है, जहाँ अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने कहा कि यह दोहराया जाता है कि जांच खुले मन से और बिना किसी पूर्वाग्रह के की जाएगी, यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी दोषी बख्शा न जाए और कोई भी निर्दोष व्यक्ति पीड़ित न हो।

डीसीपी ने कहा कि शिकायत में, शिकायतकर्ता ने सोशल मीडिया वीडियो और पोस्ट भी संलग्न किए हैं, जो कथित तौर पर मृतक के हैं। तभी संदेह पैदा हुआ और मामला दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि परिवार वर्तमान में सहारनपुर में अपने पैतृक स्थान पर है, जहां अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने कहा कि यह दोहराया जाता है कि जांच खुले मन से और बिना किसी पूर्वाग्रह के की जाएगी, यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी दोषी बख्शा न जाए और कोई भी निर्दोष व्यक्ति पीड़ित न हो।

### मोहम्मद मुस्तफा का बयान- सच्चाई सामने आ जाएगी

पंचकूला पुलिस ने परिवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में पूर्व डी.जी.पी. मोहम्मद मुस्तफा ने एक बयान जारी कर कहा है कि कानून और पुलिस नियमों के अनुसार, अगर पुलिस को किसी भी मामले में कोई लिखित शिकायत मिलती है, तो उस शिकायत पर एफआईआर दर्ज करना पुलिस का कर्तव्य बनता है। पंचकूला पुलिस ने इस कर्तव्य का पालन किया है और उन्होंने इसका स्वागत भी किया है। मोहम्मद मुस्तफा ने स्पष्ट किया कि एफआईआर दर्ज होने का मतलब यह नहीं है कि किसी का अपराध साबित हो गया है। उन्होंने कहा कि अब एफआईआर दर्ज होने के बाद असली कार्रवाई शुरू होगी और कुछ ही दिनों में सच्चाई लोगों के सामने आ जाएगी। उन्होंने मलेरकोटला निवासियों और पंजाब में रहने वाले अपने दोस्तों से अपील की कि उन्हें एफआईआर दर्ज होने की जरा भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि जवान बेटे की मौत से हमपर दुखों का पहाड़ टूटा है पर इसका ये मतलब नहीं कि हम गंदी राजनीति और घटिया सोच वालों की हरकतों का मुकाबला नहीं कर सकते। कानून किस दिशा में जाएगा, यह भी जल्द ही लोगों के सामने आ जाएगा। उन्होंने झूठे और बेबुनियाद आरोप एफ.आई.आर. दर्ज कराने वालों को भी कानून का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी।

## घास के नीचे छिपाए लाखों के जेवर सहित शातिर चोर गिरफ्तार, सोने-चांदी के जेवर बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने घर में सेंधमारी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर युवक को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी अमन उर्फ मुन्नीलाल मूल रूप से जिला उन्नाव उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और इन दिनों भैंसा टिब्बा में किराए पर रहता है। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, जिसके दौरान पूछताछ में आरोपी ने चोरी किए गए सामान के ठिकाने का खुलासा किया। आरोपी से सोने चांदी के जेवर बरामद किए गए। आरोपी को जिला अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आरोपी ने चोरीशुदा गहनों को पुलिस की नज़रों से बचाने के लिए बेहद चालाकी से सेक्टर-5 स्थित एक खंभे के नीचे घास में थैले के अंदर छुपा रखा था, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर तलाशी ली तो थैले से सोने की दो जोड़ी बालियां, एक सोने का मंगलसूत्र, सोने की तीन नोज पिन, एक जोड़ी चांदी की पायल, दो चांदी की चेन तथा बिजली की तार का बंडल बरामद किया। बरामद किए गए गहनों की कीमत लाखों रुपये आंकी गई है।



### यह है मामला

14 अक्टूबर को पंचकूला निवासी एक व्यक्ति ने थाना मनसा देवी में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें बताया गया कि 13 अक्टूबर को वह काम से घर लौटा तो पाया कि घर में रखे कीमती सोने-चांदी के गहने और अन्य सामान चोरी हो चुका है। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मामला दर्ज कर जांच क्राइम ब्रांच को सौंपा गया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि इंचार्ज क्राइम ब्रांच-19 मुकेश सैनी की अगुवाई व तकनीकी निगरानी के साथ-साथ इलाके में गुप्त सूत्रों के माध्यम से सूचना जुटाई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिले मेयर कुलभूषण सैनी, पंचकूला की स्वच्छता पर दिया जोर



**पंचकूला।** महापौर कुलभूषण गोयल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंचकूला में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शहर को चंडीगढ़ की तर्ज पर सिटी ब्यूटीफुल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में और सुधार किया जाए तथा सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए ताकि शहर के हर कोने में स्वच्छता बनी रहे। महापौर कुलभूषण गोयल ने मुख्यमंत्री को नगर निगम पंचकूला द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग पांच वर्षों में शहर में सड़क निर्माण, पार्कों के सौंदर्यीकरण, सीवरेज सुधार, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था और ठोस कचरा प्रबंधन जैसे अनेक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचकूला को पर्यावरण के अनुकूल और आधुनिक सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री सैनी ने महापौर के कार्यों की सराहना की और कहा कि सरकार पंचकूला को प्रदेश का सबसे स्वच्छ और आकर्षक शहर बनाने के लिए हरसंभव सहयोग देगी।

### देसी शराब की 120 पव्वों सहित तस्कर गिरफ्तार भागने की कोशिश असफल

**पंचकूला।** सेक्टर-16 चौकी टीम ने आज एक शराब तस्कर को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कपिल पुत्र टेकचंद, निवासी इंदिरा कॉलोनी, सेक्टर-16, पंचकूला के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी को सेक्टर-16 स्थित सब्ज़ी मंडी, बुढ़नपुर के नजदीक से पकड़ा, जहां से उसके कब्जे से देसी शराब के 120 पव्वे बरामद किए गए। डीसीपी ने बताया कि पुलिस को देखकर आरोपी ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन चौकी-16 इंचार्ज एसआई सिंहराज की अगुवाई में टीम ने घेराबंदी कर उसे तुरंत काबू कर लिया। इस संबंध में डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि अवैध शराब की सप्लाई और बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## शिवपुरी मुकेरियां में मनाई अद्भुत दिवाली

शिव भूमि मेरी कर्म भूमि है : कुमार पेंटर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** स्थानीय शिवपुरी में प्रतिवर्ष की भांति दिवाली पर सर्वपितृ मुक्ति एवं मानव कल्याण संस्था के संस्थापक स्टेट अवार्ड प्राप्त कुमार पेंटर अपना निजी आवास त्याग कर अपने साथियों व श्रद्धालुओं के साथ मिलकर बड़े ही उत्साहितत्व होकर एक प्रेरणा का स्त्रोत बन चुके हैं।

आज इसी संदर्भ पर पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए कुमार पेंटर ने बताया कि मैं शिव भूमि को ही अपनी कर्म भूमि समझ रहा हूं। करीब तीन दशक से पूर्व तत्कालीन अवसरानुसार मैं किसी दानी से शिव पुरी में रोशनी संबंधी उपकरण प्राप्त किये तथा हल्की सी रोशनी कर दीवाली की रात्रि को प्रकाशोत्सव बनाना शुरू किया का प्रबंध करना शुरू किया इसी के साथ-सा द



अंतिम संस्कार निर्मित करवाई साथ ही महादेव शिवा महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई । जो कि एक छोटे से पोधे पौधे के रूप में शुरू हुई थी जो कि आज वटवृक्ष बनाकर सभी को प्रोत्साहित कर रहा है तथा अपने पितृजनों का श्रद्धालु स्थल बनकर सुशोभित हो रहा है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि शिवपुरी में दिवाली मनाने का उद्देश्य और पारंपरिक तरीका दिवाली उत्सव से भिन्न होता है यह प्रथा मुख्य रूप से दिवंगत परिजनों को याद करने तथा श्रद्धांजलि देने के समय के रूप में मनाते हैं उन्हें कहा कहा हजारों की संख्या में परिवार शिवपुरी में आते हैं और दीपमाला जलाकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं कई लोगों का मानना है इन अनुष्ठानों से पूर्वजों की आत्माओं को शांति मिलती है तथा उनका आशीर्वाद परिवार पर बना रहता है जिससे पितृदोष से मुक्ति मिलती है कुमार ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया दिवंगत लावारिस आत्माओं का मेरे ऊपर बहुत पुण्य भरा आशीर्वाद प्राप्त है इसी कारण में उक्त पर्व करने में सक्षम हूं।

## सिविल अस्पताल पंचकूला को मिली अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सिविल अस्पताल सेक्टर 6 पंचकूला को लगभग एक करोड़ रुपए की लागत की अत्याधुनिक कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराई गई है। इस आधुनिक मशीन के लगने से पंचकूला जिले के मरीजों को अब और अधिक सटीक व उच्च गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक सुविधाएं मिल सकेंगी। यह मशीन गर्भवती महिलाओं, हृदय रोगियों और अन्य गंभीर बीमारियों के समय पर निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि सिविल अस्पतालों को आधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों से सुसज्जित किया जाए ताकि लोगों को सभी आवश्यक सुविधाएं अपने ही जिले में मिल सकें। आरती सिंह राव ने बताया कि यह मशीन शीघ्र ही अस्पताल में कार्य करना शुरू कर देगी, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को तत्काल लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आगामी समय में भी प्रदेश के सभी अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण और संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि हर नागरिक को सही, सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उनके निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर ही मिल सकें।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह पहल पर पंचकूला जिले के नागरिकों को इस दिवाली के अवसर पर बड़ा स्वास्थ्य उपहार मिला है।

*आरती सिंह राव, स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा*

## डीजीपी ने 'पुलिस शहीद स्मारक' पर पुष्प चक्र अर्पित कर पुलिस के अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पुलिस शहीदी दिवस के अवसर पर पंचकूला की पुलिस लाइन में आयोजित किया कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को पंचकूला की पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर 'पुलिस शहीद स्मारक' पर पुष्प चक्र अर्पित कर भारतीय पुलिस बल के देशभर के 191 अमर शहीदों के बलिदानों को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में डीजीपी मोड्रेनिजेशन एंड लिटिगेशन अजय सिंघल, एडीजीपी सौरभ सिंह, पूर्व डी जी पी बी एस संधू सहित कई अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ओ. पी. सिंह ने शहीदों और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी किसी पुलिसकर्मी की मृत्यु होती है, तो उसके परिवार पर मानो मुसीबतों का पहा? टूट प?ता है। एक क्षण में जीवन की दिशा बदल जाती है। परिवार का संतुलन बिग? जाता है, आर्थिक और भावनात्मक दोनों मोर्चों पर कठिनाई आती है। ऐसे कठिन समय में हमारा पहला दायित्व होता है कि वह उस परिवार के साथ मजबूती से ख?ी रहे। इसी भावना के तहत हरियाणा पुलिस द्वारा शहीदों के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने और एक करो? रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है, ताकि परिवार की आजीविका सम्मानपूर्वक चलती रहे और कोई बच्चा शिक्षा या अच्छे भविष्य से वंचित न हो।

डीजीपी ने कहा कि शहादत को बहुत ब?ा माना जाता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कल्पनाशीलता और संवेदनशीलता के माध्यम से ऐसी सभ्यता का निर्माण करना है जहां शेर और बकरी एक ही घाट पर पानी पीए, अर्थात शक्ति और शांति का संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा कि जैसे शेर को अपनी ताकत पर गर्व होना स्वाभाविक है, वैसे ही बकरी को अपनी असहायता पर अफसोस नहीं होना चाहिए। समाज में कुछ अपराधी तत्व ऐसे हैं जिनकी प्रवृत्ति भे?ए या लोम?ी जैसी होती है - हिंसा और स्वार्थ से प्रेरित। ऐसे लोगों के प्रति हमें दृ? और निर्णायक रुख अपनाना होगा।

डीजीपी सिंह ने कहा कि जो लोग हिंसा को तरक्की का जरिया मानते हैं, वे सभ्यता के शत्रु हैं। उनसे हमारी ल?ाई विचारों की नहीं, बल्कि कानून की है। हम कानून के रास्ते पर चलने वाले लोग हैं, और हमारी नीति बिल्कुल साफ है ÷जैसे को तैसा।÷ यदि अपराधी गोली चलाएगा तो पुलिस पीछे नहीं हटेगी; न्याय और सुरक्षा के लिए हर संभव कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस उन योद्धाओं का सम्मान करती है जो पीठ दिखाने के बजाय जंग के मैदान में डटकर ल?ते हैं और बलिदान देते हैं। यही वे सच्चे सपूत हैं जो अपनी शहादत से व्यवस्था को जीवंत रखते हैं। ओ. पी. सिंह ने कहा कि हरियाणा पुलिस अपने शहीद साथियों के परिवारों की पी?ा को गहराई से समझती है। उन वीर माताओं को नमन है जिन्होंने देश के लिए प्राण देने वाले सपूतों को जन्म दिया। हम सब मिलकर हरियाणा को और अधिक मजबूत, सुरक्षित और संवेदनशील बनाएंगे ताकि हरियाणा और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

# गोवर्धन पूजा पर विशेष : गायों की पूजा का त्यौहार है गोवर्धन पूजा

दैनिक अर्थ प्रकाश



गोवर्धन पूजा एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते हैः-

**कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया, द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब सृष्टी उठाई, इनमें को भगवंत।।**

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कड़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है।

अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है।

गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछ?ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की।

वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था।

दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर



पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं। महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामनकी राजा बलि पर विजय और बाद में राजाबलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है। माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बलि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है। अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है।

गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं । कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा मैया बोली हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? यशोदा ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है। उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये तो वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अतः ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए। श्री कृष्ण के कहने पर सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्घन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेढ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।

इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता। अतः वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं। ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यंत लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका। इसलिए अहंकारवश भूल कर बैठा। आप दयालु हैं और कृपालु भी इसलिए मेरी भूल क्षमा करें। इसके पश्चात देवराज इन्द्र ने श्री कृष्ण की पूजा कर उन्हें भोग लगाया।

सातवें दिन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन को नीचे रखा और ब्रजवासियों से कहा अब तुम प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट का पर्व मनाया करो। तभी से यह पर्व अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इस पौराणिक घटना के बाद से ही गोवर्घन पूजा की जाने लगी। इस दिन देश के बहुत से प्रदेशों में लोग गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। गाय बैल को इस दिन स्नान कराकर उन्हें रंग लगाया जाता है। उनके गले में नई रस्सी डाली जाती है। गाय और बैलों को गुड़ और चावल मिलाकर खिलाया जाता है।

**रमेश सर्राफ धमोरा**
**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# श्री दिगंबर जैन मंदिर चंडीगढ़ में श्रद्धा के साथ मनाया भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। श्री दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 27बी, चंडीगढ़ में 20 अक्तूबर 2025, सोमवार को दीपावली पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इसके अगले दिन, 21 अक्तूबर 2025 को भगवान महावीर स्वामी का 2552 वां निर्वाण महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे भगवान महावीर स्वामी के अभिषेक से हुआ। मूलनायक भगवान महावीर स्वामी का प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा – श्री मांगी लाल जैन परिवार द्वारा एवं द्वितीय अभिषेक एवं शांतिधारा – डॉ. संयोग जैन द्वारा संपन्न की गई।

भगवान महावीर स्वामी की छोटी प्रतिमा का प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा – श्री धर्मबहादुर जैन परिवार द्वारा, द्वितीय अभिषेक एवं शांतिधारा – श्री अतुल जैन (ज़रिकपुर) परिवार द्वारा संपन्न की गई। शांतिधारा के उपरांत निर्वाण लड्डू अर्पित किए गए, जिनमें 24 किलो का विशाल निर्वाण लड्डू श्री नितिन जैन (बलटाना) द्वारा अर्पित किया



गया, तथा 51 लड्डू (प्रत्येक 1 किलोग्राम) अन्य श्रद्धालुओं द्वारा भगवान महावीर स्वामी को समर्पित किए गए। इसके अलावा सैंकड़ों श्रावकों द्वारा छोटे लड्डू अर्पित किये गए। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की ओर से श्री किशोरीलाल जैन, श्री प्रदीप जैन, पंडित संदीप जैन एवं अन्य श्रद्धालुओं ने अध्यक्ष श्री धर्मबहादुर जैन के साथ मिलकर भगवान को लड्डू अर्पित किया।

निर्वाण लड्डू जैन धर्म में अत्यंत पवित्र और शुभ प्रतीक माने जाते हैं। इसका संबंध भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस (दीपावली) से जुड़ा हुआ है। जब भगवान महावीर ने मोक्ष प्राप्त किया, तब सभी देवों ने आनंद और उल्लास व्यक्त करने के लिए 'निर्वाण लड्डू' अर्पित किए। तब से सभी जैन मंदिरों में निर्वाण दिवस या किसी अति शुभ धार्मिक अवसर पर निर्वाण लड्डू चढ़ाने की प्रथा चलती आ रही है।

इसके कुछ सांकेतिक अर्थ भी हैं -लड्डू का गोल आकार आत्मा की पूर्णता और अनंतता को दर्शाता है।- मिठास आत्मा की निर्मलता और आनंद का प्रतीक है।-अर्पण की भावना आत्म-त्याग और मोक्ष मार्ग की साधना का संदेश देती है।

पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, शांति और पवित्रता का वातावरण रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण कल्याणक के इस पावन अवसर पर सहभागिता की, कार्यक्रम का संचालन श्री दिगंबर जैन सोसायटी, चंडीगढ़ के पदाधिकारियों के नेतृत्व में हुआ –अध्यक्ष- श्री धर्मबहादुर जैन, उपाध्यक्ष- एडवोकेट आदर्श जैन, महामंत्री- श्री संतकुमार जैन, कोषाध्यक्ष- श्री राजाबहादुर सिंह जैन, सदस्यगण- श्री करुण जैन, श्री शरद जैन, श्री रमेश जैन, श्री विजय जैन ,श्री दामोदर जैन एवं अन्य सक्रिय सदस्य। शाम के समय दीप प्रज्वलन, भक्ति गीतों एवं आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान महावीर स्वामी के उपदेश – 'क्षमा, करुणा और सत्य' का संदेश आत्मसात किया।

## पंचांग

बुधवार, 22 अक्तूबर, 2025, सूर्योदयः 06:26 ए एम, सूर्यास्तः 05:44 पी एम, चन्द्रोदयः 07:01 ए एम, चन्द्रास्तः 06:00 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः कार्तिक, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः बुधवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः प्रतिपदा - 08:16 पी एम तक, नक्षत्रः स्वाती - 01:52 ए एम, अक्टूबर 23 तक, योगः प्रीति - 04:06 ए एम, अक्टूबर 23 तक, करणः किंस्तुघ्न - 07:04 ए एम तक, द्वितीय करणः बव - 08:16 पी एम तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः तुला, राहुकालः 12:05 पी एम से 01:30 पी एम, गुलिक कालः 10:41 ए एम से 12:05 पी एम, यमगण्डः 07:51 ए एम से 09:16 ए एम, अभिजित मुहूर्तः कोई नहीं, दुर्मुहूर्त, 11:43 ए एम से 12:28 पी एम अमृत काल, 04:00 पी एम से 05:48 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आज आप उत्साह से लबरेज रहेंगे और दूसरों को नेतृत्व प्रदान करने के इच्छुक होंगे।

**वृषः** आपके पास कई अवसर होंगे और वरिष्ठों का सहयोग आपकी वित्तीय स्थिति में भी काफी सुधार लाएगा।

**मिथुनः** काम के सिलसिले में दोस्त से मुलाकात होगी, ये मुलाकात आपके लिए फायदेमंद रहेगी। ऑफिस में वर्कलोड कम रहेगा।

**कर्कः** आज आपका शांत और तनावरहित रहना बहुत फायदेमंद साबित होगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य निबटेंगे। बदलाव हो सकता है।

**सिंहः** आपको अपने वरिष्ठों और आधिकारिक लोगों से सहायता, प्रशंसा और पुरस्कार प्राप्त होगा।

**कन्याः** कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा, जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है।

**तुलाः** व्यावसाय में लाभ मिलेगा। नए अवसर भी मिलेंगे। काम से भी लाभ है और आपकी मेहनत भी उसमे अपना योगदान दे रही है।

**वृश्चिकः** व्यावसायिक सदंर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर आप ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने व्यापार में अत्यधिक सफल होंगे।

**धनुः** जीवनसाथी के साथ कई दिनों से चल रहा मन–मुटाव आज खत्म हो जाएगा, आपके चेहरे पर स्माइल बनी रहेगी। धन लाभ होगा।

**मकरः** आपकी आय में वृद्धि होगी। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों के साथ भेंट होगी।

**कुंभः** आज आप में से कुछ लोगों के लिए दिन भागदौड़ भरा रहेगा। देरी और बाधाएं भी कई बार आपकी चिंता का कारण बन सकती है।

**मीनः** बड़ों से सोच–समझकर बात करें। किसी दोस्त की मदद से बिजनेस रिलेटिड परेशानियां दूर होंगी, आप राहत महसूस करेंगे।

# जीवन वही है जो प्यार से जिया जाता है



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

इन्सान की अज्ञानता ने इसको कहां-कहां गिराया है, इसको कहां-कहां पटका है लेकिन हूड़मति इन्सान उससे भी बाज नहीं आता है, उसी रास्ते पर चलता चला जाता है, वही संकीर्ण सोच रखकर चलता जाता है। फिर वो जिधर से गुजरता है विनाश और मातम फैलाता चला जाता है। इस प्रकर से धरती पर जीने वाले इन्सान नजर आते हैं। वास्तविकसयता में ऐसे जीवन, जीवन कहलाने लायक नही होते हैं। जीवन वही है जो प्यार से जिया जाता है। जो जीवन विपरीत भाव से युक्त होकर जिया जाता है, वास्तविकता में उसको तो जीवन भी नहीं कहा जाता, वह तो चलती-फिरती लाश हुआ करती है, जिसमें प्राण ही नहं है। प्राण जो प्यार वाले हैं। जो केवल धड़कन वाले प्राण हैं, वो प्राण, प्राण नहीं हैं। वो तो एक ऐसा खोखलापन है, केवल एक ढांचा है।

महापुरुष कहते हैं कि हम जीवन्त हो जायें, हमारे जीवन को जीवन मिल जाए, हमारी दिल की धड़कनों को सच्ची धडकनें मिल जायें। जो प्यार के तहत धड़कन रही है, ऐसी धड़कने हर दिल को मिल जायें। इसी के कारण ही दिल मन्दिर बन पाएगा वरना यह दिल मन्दिर नहीं बनता है। यह मन्दिर तभी बनता हे जब हृदय में प्रभु को बसाते हैं, इस हृदय में प्रेम को बसाते हैं, इस हृदय को प्यार से सजाते-संवारते हैं। जब करुणा भाव को स्थाइन देते हैं, वास्तविकता में यह मन मन्दिर तभी बनता है।

इसको मन्दिर बनाना होता है, वरना जो राक्षस प्रवृत्ति वाले हैं जो जुल्म-ओ-सितम कर रहे हैं, उनके दिलों को भी क्या मन मन्दिर कह देंगे? यदि मन मन्दिर ही हुआ करता है तो फिर वो राक्षस प्रवृत्ति वाले, जुल्म-ओ-सितम करने वाले भी तो हैं, मन तो उनका भी है। मन को मन्दिर बनाना होता है। यह मन तभी मन्दिर बनता है जब मन में में प्रभु को बसाते हैं। फिर तमाम उत्तम भावनायें इस मन में ही उपजती चली यजाती हैं और उसी के अन्तर्गत दूसरों से हम व्यवहार करते चले जाते हैं। इस प्रकार से जीवन को जीवन मिले, वास्तविकता में कहलाये कि ये जीवन जी रहे हैं, केवल अपना बोझ नहीं ढो रहे हैं। ऐसा जीवन हर किसी के हिस्से में आये यही शुभकामना की जा रही है।

दातार ऐसी कृपा करे, ऐसा हो पाए। ये केवल प्रार्थनायें ही नहीं हैं। ये उस ज्ञान के साथ जोड़ते हैं जिसके द्वारा सारे मसले हल हो जाते हैं, जो पेचीदगियां हैं वो सुलझ जाती हैं, वो गांठें खुल जाती हैं, उनसे हमें निज़ात मिल जाती है। लेकिन यदि कोई इस तरफ बढ़ता ही नहीं है, वो इसको भी उसी नकारात्मक दृष्टि से देखता है तो उसकी गांठें खुलेंगी कैसे? वो खुलने ही नहीं पायेंगी। यदि उजाला चाहिए तो क्या दीपक जलाने से गुरेज होगा, उस तरफ बढ़ेंगे ही नहीं तो ठोकरों से कहां बचाव होगा?

तो इन्सान तू भी कुछ कर, तू भी उस तरफ अपने कदम बढ़ा और जिन्होंने बढ़ाए आज उन्हीं के नगमें गाए जा रहे हैं।


# भगवान महावीर भारतीय संस्कृति के उज्ज्वल नक्षत्र थे: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

> कहा–महावीर ने जगत को मुक्ति की सरल और सच्ची राह दिखाई

**चंडीगढ़।** भगवान महावीर भारतीय संस्कृति के उज्ज्वल नक्षत्र थे। वे अपने युग के अप्रतिम व निर्भीक पुरुष थे। उन्होंने राजपाट, वैभव व सैन्यसत्ता बल को ठुकराकर आत्म साम्राज्य प्राप्त करने की दिशा में प्रस्थान कर दुनिया के लिए एक महान आदर्श उपस्थित किया। प्रातः काल की प्रकाश बेला में सूर्य किरणें जैसे ही धरती को स्पर्श करती है और अंधेरा दूर करके प्रकाश फैला देती है। उसी प्रकार भगवान का स्मरण कर के, उनके सिध्दातों का पालन कर के, हमारे आत्मा का अंधेरा दूर होकर ज्ञान का प्रकाश फैल जाता है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जीआलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे भगवान महावीर निर्वाण कल्याणक दिवस पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहे। भगवान महावीर कल्याणक दिवस पर अणुव्रत भवन मे अनुष्ठान हुआ जिसमे श्रावक श्राविकाओं ने हिस्सा लिया।

मनीषी संत ने कहा दीप उत्सव पर आप दीप जलाये अच्छी बात है, हिंसा की दृष्टि से तो देखिये पर पर्व है तो अपनी खुशी अभिव्यक्त करने का मौका भी मिलता है पर कहे साविंधानी पूर्वक पर्व को मनाये। दिपावली पर पारंपरिक दीपों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है और लोग बिजली की झालरों की तरफ ज्यादा आर्कषित होने लगे है। हालाँकि, पारंपरिक दीपों का अपना महत्व है, क्योंकि वे नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मकता लाते हैं और इन्हें 'अंधकार पर प्रकाश की विजय' का प्रतीक माना जाता है।

इसके अलावा भगवान महावीर के जीवन दर्शन पर प्रवचन मनीषीसंत ने कहा भगवान महावीर ने तीस वर्ष की युवा वय में संन्यास के सुन्दर उपवन में चरणन्यास किया और साढ़े बारह वर्ष तक साधना के सजग प्रहरी बनकर भीषण उपसर्गो परिषहों को जीतकर समता की उत्कृष्ट स्थिति को प्राप्त किया। भगवान महावीर की शिक्षाओं का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार समावेश हो और कैसे हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्राय- सन्नाटा देखने को मिलता है। इतने वर्षो के बाद भी भगवान महावीर का नाम स्मरण उसी श्रद्धा और भक्ति से लिया जाता है, इसका मूल कारण यह है कि महावीर ने इस जगत को न केवल मुक्ति का संदेश दिया, अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई। भगवान महावीर ने आत्मिक और शाश्वत सुख की प्राप्ति हेतु पाँच सिद्धांत हमें बताए- सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य। क्षमा के बारे में भगवान महावीर कहते हैं- 'मैं सब जीवों से क्षमा चाहता हूँ। जगत के सभी जीवों के प्रति मेरा मैत्रीभाव है। मेरा किसी से वैर नहीं है। मैं सच्चे हृदय से धर्म में स्थिर हुआ हूँ। सब



जीवों से मैं सारे अपराधों की क्षमा माँगता हूँ। सब जीवों ने मेरे प्रति जो अपराध किए हैं, उन्हें मैं क्षमा करता हूँ।'वे यह भी कहते हैं 'मैंने अपने मन में जिन-जिन पाप की वृत्तियों का संकल्प किया हो, वचन से जो-जो पाप वृत्तियाँ प्रकट की हों और शरीर से जो-जो पापवृत्तियाँ की हों, मेरी वे सभी पापवृत्तियाँ विफल हों। मेरे वे सारे पाप मिथ्या हों।'

## भगवान महावीर की शिक्षाओं का त्याग, संयम, प्रेम और करुणा ही प्रवचनों का सार हैः मुनि सुधाकर

इस अवसर पर मुनि सुधाकर जी ने कहा भगवान महावीर ने अपने प्रवचनों में अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह पर सबसे अधिक जोर दिया। त्याग और संयम, प्रेम और करुणा, शील और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार था। भगवान महावीर ने श्रमण और श्रमणी, श्रावक और श्राविका, सबको लेकर चतुर्विध संघ की स्थापना की। देश के भिन्न-भिन्न भागों में घूमकर भगवान महावीर ने अपना पवित्र संदेश फैलाया। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है, जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो, जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो, जिसके मन में संपूर्ण प्राणीमात्र के प्रति सह-अस्तित्व की भावना हो, जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो। जैन समाज के लोग एवं अनुयायी ही महावीर को भूलते जा रहे हैं, उनकी शिक्षाओं को ताक पर रख रहे हैं।

## अणुव्रत भवन, चंडीगढ़ में मनाया ईको-फ्रेंडली दिवाली पर्व

चंडीगढ़। अणुव्रत भवन, चंडीगढ़ में दीपावली के अवसर पर ईको-फ्रेंडली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ईको-फ्रेंडली स्टाल लगाए गए, जिनमें स्वदेशी उत्पादों और पर्यावरण हितैषी वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में मनीषी संत मुनि श्री विनय कुमार जी आलोक ने संदेश दिया कि इस पर्व का मुख्य उद्देश्य प्रदूषण मुक्त उत्सव मनाने, पर्यावरण की रक्षा करने और खुशियां बाँटने पर जोर देना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिंदा शहीद श्री मनजिंदर सिंह बिट्टा, चेयरमैन, अखिल भारतीय आतंकवाद निरोधक मोर्चा उपस्थित रहे और बच्चों की कला की सराहना की। विशिष्ट अतिथि मौलाना अजमल खान, जामा



मस्जिद सेक्टर 20, चंडीगढ़ ने कलाकारों को साधुवाद दिया। डॉ. तेजिंदर सिंह ने बताया कि वे और उनके साथी पिछले दस वर्षों से साहित्य, शिक्षा तथा पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रयत्न कर रहे हैं। अणुव्रत समिति, चंडीगढ़ के अध्यक्ष डॉ. सलिल जैन ने बताया कि ईको-फ्रेंडली स्टालों में स्वदेशी का प्रचार कर युवा पीढ़ी को विकसित भारत की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी जा रही है। उनका कहना था कि त्योहार की खुशियाँ तभी पूरी होती हैं जब हम प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करें और स्वदेशी उत्पाद अपनाएँ।

स्टालों में अणुव्रत समिति के मंत्री प्रदीप जैन, सुधीर जैन, अंकित जैन, सुभाष जैन, कैलाश जैन, नरेश गर्ग, किरण सुभाष आदि ने बच्चों द्वारा बनाए गए सामान की खरीद के माध्यम से स्वदेशी का प्रचार किया। यह सामान बनाने वाले बच्चे मजदूर परिवारों के हैं और उनकी कौशल क्षमता अत्यंत सराहनीय है। इस पहल से बच्चों में आत्मनिर्भरता और हुनर को बढ़ावा मिलता है। पर्व के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि खुशियाँ बाँटना और पर्यावरण का संरक्षण करना सभी का कर्तव्य है।

# आपदा में हर अन्नदाता किसान के साथ खड़ी है प्रदेश सरकारः योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास से पंजाब के बाढ़ प्रभावित किसानों की सहायता हेतु गेहूं के बीज सहायता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और शांतिपूर्वक वातावरण में मनाया जा रहा है। दीपावली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और शांतिपूर्वक वातावरण में मनाया जा रहा है। उत्सव का वास्तविक आनंद तभी है, जब हम किसी पीड़ित को जोड़कर उसकी सहायता के लिए खड़े हों। इसी भावना के साथ आज इस कठिन समय में उत्तर प्रदेश सरकार पंजाब के अन्नदाता किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आपदा का सामना पंजाब के किसान अकेले नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार (भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार) हर आपदा-पीड़ित नागरिक के साथ खड़ी है। चाहे वह राहत सामग्री के रूप में सहायता हो, आर्थिक सहयोग हो या पुनर्वास का प्रयास। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर किसानों को सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब हमारे देश का एक प्रमुख राज्य है, जिसने स्वतंत्र भारत में कृषि आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। लेकिन इस वर्ष यहां हुई अतिवृष्टि (अति वर्षा) के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यहां तक कि किसानों द्वारा सुरक्षित रखे गए बीज भंडार भी बाढ़ की चपेट में आने से नष्ट हो गए, जिससे आगामी फसलों पर गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसी भावना के साथ आज कृषि विभाग एवं उत्तर प्रदेश बीज एवं विकास निगम की ओर से ढाई हजार बोरे यानी 1000 क्विंटल गेहूं का बीज पंजाब भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि जब पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड में बाढ़ आई थी, तब उत्तर प्रदेश सरकार ने इन राज्यों के लिए राहत सामग्री भेजी थी और साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से धनराशि भी उपलब्ध कराई थी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा की घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब के किसानों के लिए भेजा जा रहा 1000 क्विंटल गेहूं बीज ‘बीबी-327’ प्रजाति का है, जिसे करण शिवानी के नाम से भी जाना जाता है। यह रोग-प्रतिरोधी, बायो-फोर्टीफाइड और पोषणयुक्त प्रजाति है, जो केवल 155 दिनों में तैयार होती है और लगभग 80 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक की उपज देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह बीज न केवल पंजाब के किसानों के लिए सहायक सिद्ध होगा, बल्कि उत्तर प्रदेश बीज एवं विकास निगम की प्रगति और दक्षता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब वर्तमान सरकार ने कार्यभार संभाला था, उस समय निगम की स्थिति





अत्यंत दयनीय थी। लेकिन आज यह निगम लगभग 148 करोड़ रुपये के लाभांश पर संचालित हो रहा है और केवल एक वर्ष में 37 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि यदि संस्थाएं समर्पण और ईमानदारी से कार्य करें, तो वे न केवल लाभ अर्जित कर सकती हैं बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान और हमारे संस्थान मिलकर आत्मनिर्भर भारत की नींव को सुदृढ़ कर रहे हैं। इसी क्रम में बहुत शीघ्र ही लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की स्मृति में ‘सीड पार्क’ की स्थापना की जाएगी। इसकी सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। इसके अलावा प्रदेश के भीतर पांच अन्य सीड पार्क स्थापित करने की दिशा में भी कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को समय पर उन्नत और गुणवत्तापूर्ण बीज मिल जाएं, तो उनकी लागत घटती है और उत्पादन बढ़ता है। लेकिन यदि बीज देर से या घटिया गुणवत्ता के हों, तो 30 से 50 प्रतिशत तक उत्पादन घटने की संभावना रहती है। इसलिए, सरकार की प्राथमिकता यह है कि किसानों को समय पर श्रेष्ठ बीज उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीज एवं विकास निगम के प्रयासों से राज्य आज खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि देश की कुल कृषि योग्य भूमि में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी केवल 11 प्रतिशत है, लेकिन राज्य देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में 21 प्रतिशत योगदान करता है। यह उत्तर प्रदेश के किसानों की मेहनत और सरकार की नीतिगत दक्षता का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली के साथ-साथ गुरुओं की पावन धरा पंजाब में सिख परंपरा के षष्ठम गुरु, श्री गुरु हरगोबिंद जी महाराज की जयंती भी मनाई जा रही है। उनके जीवन से सेवा, त्याग और परोपकार की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने 52 से अधिक राजाओं को कैद से मुक्ति दिलाकर मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि कहा जाता है कि जब गुरु हरगोबिंद जी महाराज हरमंदिर साहिब पहुंचे, तो उनके आगमन की खुशी में पूरे पंजाब में दीप जलाए गए थे। उसी प्रकार जैसे प्रभु श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या आगमन पर दीपावली मनाई जाती है। इसीलिए दीपों का यह पर्व पंजाब में भी गुरु हरगोबिंद जी महाराज के आगमन की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर पंजाब के सभी भाइयों-बहनों, विशेषकर अन्नदाता किसानों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। दीपावली और गुरु हरगोबिंद जी महाराज की जयंती की यह पावन बेला हम सबके जीवन में नई ऊर्जा, सहयोग और संवेदना का संचार करे।

जब पंजाब में बाढ़ ने तबाही मचाई, खेत जलमग्न हो गए और किसानों के पास बीज तक नहीं बचे, तब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी चिंता करते हुए एक संवेदनशील पहल की। सामाजिक दायित्व और मानवीय संवेदना के तहत यूपी सरकार ने पंजाब के किसानों की सहायता के लिए 1000 क्विंटल उच्च गुणवत्ता वाले गेहूं बीज भेजने का निर्णय लिया। ये बीज निशुल्क वितरित किए जाएंगे।

## पुलिसकर्मियों का बलिदान प्रदेश और देश की अमूल्य पूंजीः मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रिज़र्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस समारोह में प्रदेश पुलिस के वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान प्रदेश और देश की अमूल्य पूंजी है, जिसे हम कभी भूल नहीं सकते। उनकी स्मृतियां हमें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा का अमर संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस ने अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण और महिला सुरक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4,061.87 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर प्रदेश के तीन बहादुर पुलिसकर्मियों एसटीएफ निरीक्षक सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह (जौनपुर) और आरक्षी सौरभ कुमार (गौतमबुद्ध नगर) ने अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ हर कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 96 पुलिस कर्मियों (केंद्रीय बलों एवं अन्य राज्यों के मूल निवासी यूपी के पुलिसकर्मी सहित) को कुल 30.70 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पुलिस बल के मनोबल, कार्यकुशलता और व्यावसायिक दक्षता को सशक्त करने के लिए कई अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों की सेवानिवृत्ति और मृत्यु के उपरांत 90 प्रतिशत जीपीएफ के 2,511 प्रकरणों का भुगतान किया गया, जबकि उत्तर प्रदेश सामान्य भविष्य निधि नियमावली 1985 के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय संभाग के 108 पुलिस कार्मिकों को अग्रिम धनराशि स्वीकृत की गई। 234 पुलिसकर्मियों के मेधावी बच्चों को 51.10 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गई तथा 1.12 करोड़ रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की गई।

स्वास्थ्य सुरक्षा के तहत चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 519 मामलों में 11.85 करोड़ रुपये की चिकित्सा प्रतिपूर्ति दी गई, जबकि 170 कर्मियों को जीवन रक्षक निधि से 6.64 करोड़ रुपये अग्रिम दिए गए। 374 मृतक पुलिस कर्मियों के आश्रितों को 11.86 करोड़ की बीमा धनराशि और 124 आश्रितों को बैंक ऑफ बड़ौदा के ‘बड़ौदा पुलिस सैलरी पैकेज’ से 67.76 करोड़ रुपये का भुगतान कराया गया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों के सम्मान में 34 कर्मियों को राष्ट्रपति वीरता पदक, 11 को विशिष्ट सेवा पदक और 145 को सराहनीय सेवा पदक मिले हैं। गृह मंत्रालय ने 763 कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक, जबकि 486 को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए हैं। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक तीन राजपत्रित अधिकारियों को प्रदान किए गए। पुलिस महानिदेशक द्वारा 90 राजपत्रित और 404 अराजपत्रित कर्मियों को सम्मान चिन्ह प्रदान किए गए। वहीं 35 प्लेटिनम, 115 गोल्ड और 789 सिल्वर प्रशंसा चिन्ह भी दिए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी पुलिस ने भर्ती और प्रशिक्षण में रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2017 से अब तक 2.09 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई है, जिनमें 34,000 महिलाएं शामिल हैं।

वर्तमान में 28,154 पदों पर भर्ती और 2,391 पर पदोन्नति प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि 60, 244 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को हाइब्रिड मॉडल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें शारीरिक, कानूनी, तकनीकी, साइबर अपराध और एआई आधारित सिमुलेशन अभ्यास शामिल हैं।

## छठ घाटों की तैयारी अंतिम चरण में ,दीपोत्सव एवं गंगा आरती का होगा आयोजन

**पटना (अप्रस)।** राजधानी के सभी घाटों पर सफाई, साज-सज्जा एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। गंगा तट के प्राकृतिक घाटों के साथ-साथ कृत्रिम घाटों पर भी निगम ने समान रूप से ध्यान केंद्रित किया है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने आज सभी छह अंचलों के घाटों (नासरीगंज से कंगन घाट तक के सभी छोटे बड़े घाट) का नाव से निरीक्षण किया। उन्होंने काली घाट, गाय घाट, नौजर घाट, कलेक्ट्रीएट घाट, कृष्णा घाट, महेंद्रू घाट, बांस घाट, दीघा घाट, कुर्जी घाट सहित कई प्रमुख घाटों पर पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सफाई, अप्रोच रोड, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा व्यवस्था के सभी कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कर लिए जाएँ एवं विभिन्न गंगा घाटों पर लगाये जाएंगे हॉट एयर बलून जिससे दूर से श्रद्धालु दूर से ही घाट का पता चल सकें साथ ही दिशा सूचक भी लगाएं जाएंगे।

## शहीद हुए रेल सुरक्षा बल सदस्यों की स्मृति में ‘शहीद परेड’ आयोजित



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

लखनऊ। मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल/उत्तर मध्य रेलवे द्वारा रेलवे सुरक्षा बल/क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, सूबेदारगंज, प्रयागराज में वर्ष 2024-25 के दौरान ड्यूटी निर्वहन के समय शहीद हुए बल सदस्यों की स्मृति में 'शहीद परेड' का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सुश्री रेनू पुष्कर छिब्बर, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उत्तर मध्य रेलवे ने शहीद बल सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में श्री विजय प्रकाश पंडित, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/प्रयागराज मंडल सहित मुख्यालय, मंडल एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, सूबेदारगंज के अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान शहीदों के प्रति सम्मान स्वरूप मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान को नमन किया गया।

## तख्त श्री हरिमंदर जी पटना साहिब की ओर माता साहिब कौर जी के चरणों की ऐतिहासिक जोड़ी की यात्रा कल: हरमीत सिंह कालका


अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। हरमीत सिंह कालका, अध्यक्ष दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और तख्त श्री हरिमंदर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के सहयोग से दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और खालसे की माता माता साहिब कौर जी के चरणों की जोड़ी को तख्त श्री हरिमंदर जी पटना साहिब (बिहार) में सुशोभित करने के लिए ऐतिहासिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। हरमीत सिंह कालका ने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा के अवसर पर बुधवार, 22 अक्टूबर को गुरुद्वारा मोदी बाग साहिब, नई दिल्ली में विशेष गुरमति समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह गुरमति समारोह शाम 6 बजे से रात 10:30 बजे तक चलेगा, और इस अवसर पर ऐतिहासिक जोड़ी सख्त रूप से संगतों के दर्शन के लिए विशेष रूप से सुशोभित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा, जो संगतों को शामिल होने का पवित्र अवसर प्रदान करेगी, वीरवार, 23 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गुरुद्वारा मोदी बाग साहिब, नई दिल्ली से तख्त श्री हरिमंदर जी पटना साहिब की ओर रवाना होगी।हरमीत सिंह कालका ने संगतों से अपील की है कि इस पवित्र समारोह में पूरी हाजिरी भरकर गुरु महाराज की असीम खुशियाँ प्राप्त करें। इस समारोह का सीधा प्रसारण 22 अक्टूबर को 'चड़दी कला टाइम टीवी' पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सिख इतिहास, धर्म और संगत की भक्ति-भावनाओं का अनमोल अनुभव है, जो हर संगत के मन, आत्मा और विश्वास को प्रकट करेगी।

## केंद्र सरकार ने गुजरात और हरियाणा के ग्रामीण स्थानीय निकायों को पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत 730 करोड़ से अधिक की राशि जारी की

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुजरात और हरियाणा में ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को मजबूत बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान जारी किए हैं। गुजरात में, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 522.20 करोड़ की असंबद्ध अनुदान की दूसरी किस्त राज्य की सभी 38 जिला पंचायतों, 247 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 14,547 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए जारी की गई है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुक्त (अनटाइड) अनुदान की पहली किस्त के रोके गए हिस्से के 13.5989 करोड़ अतिरिक्त पात्र 6 जिला पंचायतों, 5 ब्लॉक पंचायतों और 78 ग्राम पंचायतों को भी जारी कर दिए गए हैं। जबकि हरियाणा के लिए, केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मुक्त अनुदान की 195.129 करोड़ की पहली किस्त जारी की है, जो राज्य की 18 जिला पंचायतों, 134 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 6,164 ग्राम पंचायतों के लिए है।

भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से, राज्यों को पंचायती राज संस्थाओं/ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए एक्सवी-एफसी अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिन्हें बाद में वित्त मंत्रालय जारी करता है। आवंटित अनुदानों की सिफारिश की जाती है और एक वित्तीय वर्ष में दो किस्तों में जारी किया जाता है। वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, पंचायती राज संस्थाओं/ ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित उनतीस (29) विषयों के अंतर्गत स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए मुक्त अनुदानों का उपयोग किया जाएगा। बद्ध (टाइड) अनुदानों का उपयोग (क) स्वच्छता और खुले में शौच से मुक्ति (ओडीएफ) स्थिति के रखरखाव की बुनियादी सेवाओं के लिए किया जा सकता है, और इसमें घरेलू कचरे का प्रबंधन और उपचार, विशेष रूप से मानव मल और मल प्रबंधन, और (ख) पेयजल आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण शामिल होना चाहिए।

## भागलपुरः गंगा नदी में दो बच्चों की डूबने से मौत, दो बेहोश

भागलपुर, (अप्रस)। बिहार के भागलपुर जिले के बरारी थाना क्षेत्र में मंगलवार को गंगा नदी में स्नान करने के दौरान दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चे बेहोश हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना कुप्पा घाट पर उस समय हुई जब चार बच्चे गंगा में स्नान कर रहे थे। अचानक पानी के तेज बहाव की चपेट में आने से बच्चे डूब गये। सूचना मिलने पर स्थानीय गोताखोरों ने काफी प्रयास के बाद दो बच्चों को बेहोशी की हालत में पानी से बाहर निकाला, लेकिन बाकी दो बच्चे डूब गये। हादसे के बाद गोताखोरों ने दो बच्चों के शवों को बरामद किया। मृत बच्चों की पहचान मो. मुर्तजा के पुत्र सनी अहमद (10) और मो. टिंकू की पुत्री नजमा खातून (9) के रूप में हुई है जो बरारी बाजार के निवासी थे।

## आंध्र प्रदेश में अवैध पोकर कैंपों की शिकायतों पर उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने मांगी रिपोर्ट



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

अमरावती। राज्य में जुआ खेलना, जुआ केंद्रों का संचालन और प्रचार करना एक अपराध है। कानून के अनुसार, जो कोई भी ऑनलाइन या ऑफलाइन इनका संचालन या खेलता है, वह आंध्र प्रदेश गेमिंग अधिनियम - 1974 के तहत दंडनीय होगा। उपमुख्यमंत्री कार्यालय को राज्य के विभिन्न हिस्सों से शिकायतें मिल रही हैं कि राज्य में अवैध जुआ केंद्र चलाए जा रहे हैं। शिकायतों में पोकर क्लबों के संचालन का उल्लेख है। कई आरोप हैं कि कुछ बुजुर्ग पोकर केंद्र चला रहे हैं और अधिकारियों को मासिक आय प्रदान कर रहे हैं। इस संदर्भ में, उपमुख्यमंत्री श्री पवन कल्याण ने सच्चाई का पता लगाने और पुलिस अधिकारियों के पास उपलब्ध जानकारी का पता लगाने के लिए इस मामले की जाँच की है। उपमुख्यमंत्री ने राज्य के डीजीपी को स्पष्ट किया है कि पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में आए विवरण और उन पर की गई कार्रवाई की जानकारी एक रिपोर्ट के रूप में दी जाए।

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह ने दिवाली के दिन किया प्रयागराज जंक्शन का निरीक्षण

### दीवाली की शाम ड्यूटी पर तैनात रेल कर्मयोगियों को दी दीपावली की बधाई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री नरेश पाल सिंह ने दीपावली के पावन अवसर पर प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज मंडलनियंत्रण कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

उत्तर मध्य रेलवे के लगभग 70,000 कर्मचारी लगातार दीपावली एवं छठ पर्व के मौके पर भी अपने सम्मानित यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनों के कुशल संचालन, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। उत्तर मध्य रेलवे ने दिवाली एवं छठ महापर्व के अवसर पर विशेष ट्रेन सेवाओं की व्यवस्था की है, ताकि हर यात्री सुरक्षित,



सहज और समय पर अपने गंतव्य तक पहुँच सके। साथ ही उत्तर मध्य रेलवे के स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त कोच, टिकट काउंटर, यात्री सहायता केंद्र एवं ÷स्ड्ड4 द्ध ।द्बह्यश्च ड्डश्यह्व÷ बूथ स्थापित किए गए हैं, जहाँ यात्रियों को यात्रा संबंधी त्वरित जानकारी औरमार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, 139 हेल्पलाइन नंबर पर सहायता मांगे जाने पर यात्रियों को तत्काल टीटीई, मेडिकल किट या डॉक्टर की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है,ताकि त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त वार रूम के माध्यम से सभी छोटी-छोटी गतिविधियों पर नज़र रखते हुए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। प्रमुख स्टेशनों पर अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं, जहाँ यात्रियों के बैठने, स्वच्छ पेयजल एवं उद्घोषणा प्रणाली की सुविधा उपलब्ध है, जिससे प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ न हो और यात्री व्यवस्थित रूप से ट्रेन में सवार हो सकें। साथ ही, यात्री शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु नियंत्रण कार्यालयों में ‘वॉर रूम’ स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से परिचालन एवं निगरानी तंत्र के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है। इन्हीं कर्मयोगियों का उत्साहवर्धन करने एवं व्यस्त त्योहारी अवधि के दौरान परिचालन तैयारियों, यात्री सुविधाओं और कर्मचारी कल्याण का जायजा लेने के उद्देश्य से महाप्रबंधक द्वारा यह निरीक्षण किया गया था।

महाप्रबंधक के निरीक्षण की शुरुआत प्रयागराज जंक्शन के महत्वपूर्ण परिचालन और सुरक्षा क्षेत्रों के गहन अवलोकन से हुई। स्टेशन पर आगमन के बाद, उन्होंने सर्वप्रथम क्रू लॉबी का दौरा किया, जहाँ उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद लोको पायलटों से बातचीत की और उनके समर्पण एवं प्रतिबद्धता की सराहना की। इसके बाद उन्होंने सुचारू और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन अधीक्षक (स्स्) कार्यालय, पीआरएस काउंटर, मुख्य टिकट निरीक्षक (ष्ट्ढ्ढञ्ज) कार्यालय, आरपीएफ पोस्ट और सीसीटीवी रूम का निरीक्षण किया।

## महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने दिल्ली जंक्शन स्टेशन पर त्योहारों के दौरान यात्री व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने त्योहारों के दौरान यात्रियों की संरक्षा, सुविधा एवं सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा हेतु दिल्ली जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने भीड़ प्रबंधन पर दिल्ली मण्डल द्वारा किए गए इंतजामों का निरीक्षण किया और यात्रियों से बातचीत कर स्वच्छता और सुविधाओं पर उनकी प्रतिक्रिया ली। उन्होंने कंट्रोल रूम का भी दौरा किया और त्योहारों के दौरान यात्रियों की आवाजाही का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि रेलवे ने यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं ताकि स्टेशन पर यात्रियों के आवागमन में यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुचने में उन्हें कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा यात्री सुविधा और संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। छठ के दौरान, यात्रियों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा पूर्व की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए सामान्य ट्रेनों के अलावा विशेष ट्रेनें भी चलाई जा रही है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि रेलवे छठ पर्व के दौरान लाखों यात्रियों के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेगी। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयासरत रहें एवं समय- समय पर स्टेशनों का दौरा करें और यात्रियों की सुविधा को सुनिश्चित करें।

## भारतीय डाक ने शुरू किया मोबाइल नंबर व ईमेल अपडेट के लिए विशेष अभियान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए 16 अक्टूबर से दो माह की अवधि के लिए सभी सक्रिय डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसियों के मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के अपडेशन हेतु एक विशेष अभियान आरंभ किया गया है।

डाक विभाग सभी पीएलआई और आरपीएलआई पॉलिसीधारकों से अपील करता है कि वे अपनी संपर्क जानकारी (मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी) को अद्यतन करवाएं, क्योंकि समय पर पॉलिसी संबंधी सूचनाएं प्राप्त करने और डिजिटल सेवाओं का पूर्ण लाभ उठाने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। एक वैध मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी आधिकारिक पीएलआई ग्राहक पोर्टल पर लॉगिन करने तथा पॉलिसी प्रबंधन के लिए जरूरी है। मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के अद्यतन से पॉलिसीधारकों को पॉलिसी ई-स्टेटमेंट, प्रीमियम देय तिथि की सूचनाएं, सुरक्षित ऑनलाइन भुगतान विकल्प और अन्य महत्वपूर्ण अपडेट सीधे ईमेल एवं एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होंगे। मोबाइल




नंबर और ईमेल आईडी अपडेट करने की प्रक्रियाः अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अपडेट कराने के लिए अपने नजदीकी विभागीय या शाखा डाकघर पर जाएं। इसके लिए अपनी पॉलिसी संख्या और वैध पहचान पत्र साथ लेकर जाएं। जानकारी के सफलतापूर्वक अपडेट होने पर आपको पुष्टिकरण एसएमएस या ईमेल प्राप्त होगा।

ऑनलाइन प्रीमियम जमा करने की प्रक्रियाः ऑनलाइन प्रीमियम जमा करने के लिए https://pli.indiapost.gov.in पर जाएं। 'ग्राहक लॉगिन' पर क्लिक करें और अपने अद्यतन मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी का उपयोग कर पंजीकरण करें। इसके बाद 'प्रीमियम भुगतान' विकल्प चुनें और दिए गए निर्देशों का पालन करें। आप यूपीआई, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या अन्य स्वीकृत माध्यमों से भुगतान कर सकते हैं।

डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसीधारकों से अनुरोध है कि वे नजदीकी डाकघर में जाकर मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी अपडेट कराएं, ताकि वे पीएलआई ग्राहक पोर्टल की सभी ऑनलाइन सेवाओं का सुगमता से लाभ उठा सकें।

इस पहल के माध्यम से भारतीय डाक भविष्य में डाकघरों पर कैशलेस भुगतान विकल्पों को बढ़ावा देकर डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। डाक विभाग ग्राहक संतुष्टि एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है।

# बलटाना में दिवाली की रात परिवार पर हमला

महिला-बेटी से की मारपीट और कपड़े फाड़ने की कोशिश

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 21 अक्तूबर।** दिवाली की रात बलटाना के मॉडर्न एन्क्लेव में एक परिवार पर हमला करने और महिला-बेटी से बदसलूकी करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ने बलटाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात जब वे अपने परिवार के साथ दिवाली मना रहे थे, तभी सामने रहने वाले हैप्पी अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल सहित उनके परिवार के अन्य सदस्य उनके घर के बाहर पटाखे जला रहे थे। पीड़ित के अनुसार, बार-बार मना करने के बावजूद आरोपियों ने उनकी सीएनजी गाड़ी के नीचे जानबूझकर पटाखे फेंके।

विरोध करने पर हैप्पी अग्रवाल ने गला पकड़कर उसे ज़मीन पर गिरा दिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान जब उनकी बेटी और पत्नी बीच-बचाव के लिए आई, तो उन पर भी हमला कर दिया गया।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि नशे में धुत्त हैप्पी अग्रवाल ने उनकी 17 वर्षीय बेटी के कपड़े फाड़ने और उसे बेइज्जत करने की कोशिश की। वहीं संतोष अग्रवाल और मुकेश अग्रवाल ने उनकी पत्नी के बाल नोचकर दीवार से दे मारा। पूरे परिवार ने गंदी-गंदी गालियाँ दीं और जान से मारने की धमकियां दीं।

पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने 100, 112 और चौकी के नंबर पर भी कॉल की, लेकिन मौके पर कोई पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा। अगली सुबह भी आरोपी परिवार ने उन्हें फिर से धमकाया।

सुनील वर्मा ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्हें अपनी बेटी की सुरक्षा की चिंता है, क्योंकि वह इस घटना के बाद मानसिक रूप से बहुत भयभीत है और अब घर से बाहर निकलने से डरती है।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

> कल सुबह दोनों पक्षों को बुलाया गया है दोनों की तरफ से शिकायत आई है। बयान दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई कानून के हिसाब से की जाएगी।
>
> **कुलदीप सिंह (आईओ)**

## ए.एस. कॉलेज, खन्ना की जसप्रीत कौर ने पंजाब यूनिवर्सिटी में किया टॉप

मेधावी छात्रा को मैनेजमेंट के अध्यक्ष संजीव धमीजा ने किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना



**खन्ना, 21 अक्तूबर।** ए.एस. कॉलेज, खन्ना के कॉमर्स विभाग की एम.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा जसप्रीत कौर ने कठिन परिश्रम और लगन का परिचय देते हुए पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की मई 2025 की परीक्षा में 1400 में से 1200 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि ने कॉलेज और विभाग का नाम गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर कॉमर्स पोस्ट ग्रेजुएट विभाग द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजीव धमीजा, संयुक्त महासचिव जतिंदर देवगन, कॉलेज सचिव अजय सूद तथा कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. के. के. शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने जसप्रीत कौर, उनके गौरवान्वित अभिभावकों तथा कॉमर्स विभाग के फैकल्टी सदस्यों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। प्रिंसिपल डॉ. के. के. शर्मा ने कहा कि जसप्रीत कौर की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम है। उन्होंने छात्रा को सम्मानित करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी उनकी मेहनत और समर्पण से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

माननीय प्रबंधन सदस्यों ने कॉमर्स विभाग की जीवंतता और निरंतर उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि विभाग द्वारा प्रदान की जा रही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और मार्गदर्शन का प्रमाण है। कॉमर्स पोस्ट ग्रेजुएट विभाग के अध्यक्ष डॉ. मोहित कुमार सहित विभाग के सभी सदस्य – डॉ. याशमीन सोफत, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. शशि शर्मा, प्रो. सौरव शर्मा, डॉ. पुनीत कौर, डॉ. रितिका शर्मा, प्रो. निधि जैन, प्रो. महक और प्रो. सोनाली कालरा – ने जसप्रीत कौर को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष नवीन थम्मन और महासचिव राजेश डाली ने भी जसप्रीत कौर, उनके परिवार तथा कॉमर्स विभाग के शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और छात्रा को भविष्य की सफलता के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

## डी.पी.एस. खन्ना के छात्रों ने दिवाली पर जरूरतमंदों को बांटा सामान

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना



**खन्ना, 21 अक्तूबर।** दिवाली खुशियाँ और समृद्धि बाँटने का पर्व है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल, खन्ना ने 16 अक्टूबर 2025 को झुग्गी-झोपड़ियों, आश्रमों और सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए एक दान एवं सेवा अभियान का आयोजन किया। छात्रों ने सहानुभूति और सामुदायिक सेवा के मूल्यों का परिचय देते हुए बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस पहल के तहत, विद्यार्थियों ने अपने घरों से विविध प्रकार की आवश्यक वस्तुएँ – जैसे कपड़े, मिठाइयाँ, साबुन, टूथपेस्ट, स्टेशनरी और किराने का सामान – एकत्रित किया। इन वस्तुओं को खन्ना और आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में वितरित किया गया। ग्रीनलैंड होटल के पास झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को खाने-पीने की चीजें, मिठाइयाँ, साबुन, टूथपेस्ट और अन्य आवश्यक सामान बाँटा गया।

नगर परिषद खन्ना के पास झुग्गी बस्तियों में बिस्कुट, नमकीन और अन्य खाद्य वस्तुएँ वितरित की गईं।

खन्ना के आश्रम में कपड़े, मोमबत्तियाँ, स्टेशनरी और किराने का सामान दान किया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गलवड़ी के विद्यार्थियों को मिठाइयाँ, बिस्कुट, स्टेशनरी और खिलौने प्रदान किए गए। राजकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, इकोलाही के विद्यार्थियों को स्टेशनरी, बिस्कुट और चॉकलेट बाँटी गई।

इस पहल ने विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों को जरूरतमंदों की खुशी में सहभागी बनने का एक सार्थक अवसर प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. वी. जे. नागेश ने कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाती हैं, बल्कि उन्हें सामुदायिक कल्याण और मानवीय मूल्यों की गहरी समझ भी प्रदान करती हैं।

यह अभियान अपने उद्देश्य – 'खुशियाँ बाँटना और जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना' – में पूरी तरह सफल रहा।

## दीपावली के रात गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धालुओं ने मोमबत्ती जलाकर की दीपमाला

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 21 अक्तूबर।** रोशनी के महापर्व दीपावली की रात जीरकपुर के विभिन्न गुरुद्वारा साहिब में भक्तों ने मोमबत्तियां जलाकर भव्य दीपमाला की। गुरुद्वारों को विशेष रूप से सजाया गया था, जहाँ दीपावली के अवसर पर सिक्खों के 'बंदी छोड़ दिवस' को भी बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

शाम होते ही गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान संगत ने सबसे पहले मत्था टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया। इसके बाद, परिसर और आसपास की जगह पर हज़ारों मोमबत्तियां जलाई गईं, जिससे गुरुद्वारा साहिब का पूरा वातावरण अलौकिक और दिव्य हो उठा। मोमबत्तियों की जगमगाहट से गुरुद्वारा की इमारतें स्वर्णिम आभा बिखेर रही थीं।

श्रद्धालुओं ने दीये और मोमबत्तियां जलाकर अपने घर-परिवार की सुख-शांति और समृद्धि के लिए अरदास की। इस दौरान, कई जगहों पर विशेष कीर्तन दरबार सजाए गए जिसमें रागी जत्थों ने गुरबानी का मधुर गायन किया, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया।

दीपावली के साथ ही इस दिन को सिक्ख इतिहास में 'बंदी छोड़ दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। यह दिन छठे गुरु, श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के ग्वालियर के किले से 52 राजाओं के साथ रिहा होने की खुशी में मनाया जाता है। इस ऐतिहासिक महत्व के कारण गुरुद्वारा साहिबों में इस पर्व को बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाने की परंपरा है।

श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर लंगर की सेवा में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। दीपमाला का यह दृश्य मनमोहक था और इसने दीपावली की रात को धार्मिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

## गोल्डन टेंपल में भव्य आतिशबाजी: घी के 1 लाख दीये जलाए, बंदी छोड़ दिवस पर पहुंचे 3 लाख लोग



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 21 अक्तूबर।** अमृतसर में गोल्डन टेंपल में मंगलवार को बंदी छोड़ दिवस मनाया गया। इस मौके पर पवित्र सरोवर के चारों तरफ 1 लाख घी के दीये जलाए गए हैं। इसके साथ मोमबत्तियां भी जलाई गई। इसके बाद भव्य आतिशबाजी की गई। पॉल्यूशन को देखते हुए ग्रीन आतिशबाजी की। बंदी छोड़ दिवस को लेकर 3 लाख श्रद्धालु गोल्डन टेंपल में पहुंचे।

गोल्डन टेंपल के हेड ग्रंथी ज्ञानी रघबीर सिंह ने बताया कि बंदी छोड़ दिवस केवल रोशनी का नहीं, बल्कि आजादी और न्याय का प्रतीक है। गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने ग्वालियर किले में कैद 52 राजाओं को मुक्त कराया और अमृतसर लौटे थे। उनकी वापसी पर संगतों ने घी के दीपक जलाकर और आतिशबाजी के साथ खुशी मनाई थी। तब से यह दिन हर साल बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इसके साथ मंगलवार को लुधियाना और अमृतसर समेत कई जगह दिवाली मनाई गई।

## तरनतारन उपचुनाव, नामांकन प्रक्रिया खत्म

### 19 लोगों ने पर्चा भरा, कल स्क्रूटनी, 24 तक नाम वापसी, 11 नवंबर को वोटिंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 21 अक्तूबर।** पंजाब के तरनतारन में हो रहे उप-चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का समय समाप्त हो गया है। 21 अक्टूबर शाम पांच बजे तक चुनाव आयोग के पास कुल 19 नामांकन पहुंचे हैं। बुधवार से नामों की स्क्रूटनी शुरू की जाएगी। जबकि 24 अक्टूबर को नोमिनेशन वापस ली जा सकती है।

बता दें कि करीब 3 महीने पहले आप विधायक कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद ये सीट खाली हुई थी। चार प्रमुख पार्टियों के अलावा इस बार मौजूदा सांसद व खालिस्तान समर्थक की पार्टी के उम्मीदवार मनदीप सिंह भी टक्कर में हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी ने हरमीत सिंह, अकाली दल ने पूर्व प्रिंसिपल सुखविंदर कौर, बीजेपी ने हरजीत सिंह और कांग्रेस ने करणबीर सिंह बुर्ज को ज्ञापन सौंपा है।

1997 से लेकर 2022 तक इस सीट पर 6 विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। इतने समय में इस सीट पर ये पहला उपचुनाव है। ये चुनाव इसलिए भी इंट्रस्टिंग होने वाला है, क्योंकि बीते 2 लोकसभा चुनावों और दो विधानसभा चुनावों में लगातार वोटर अपना रुझान बदलते दिखे।




### 2017 तक इस सीट पर अकाली दल का कब्जा

1997 में इस सीट पर अकाली दल ने जीत दर्ज की थी। लेकिन 2002 में आजाद उम्मीदवार के तौर पर उतरे हरमीत सिंह संधू ने जीत हासिल की और अकाली दल में ही विलय किया। 2017 तक अकाली दल का इस सीट पर कब्जा रहा। तब अकाली दल 48 फीसदी वोट हासिल कर रहा था।

### अकाली दल का वोट प्रतिशत गिरा

2017 में अकाली दल के डाउनफॉल के साथ ही तरनतारन सीट भी हाथ से निकल गई। अकाली दल का वोट परसेंट 34 फीसदी के करीब पहुंच गया। जबकि कांग्रेस जो तकरीबन 37 फीसदी वोट हासिल कर रही थी, वे 45 फीसदी तक पहुंच गई।

### 2022 में आप ने 40 प्रतिशत वोट हासिल किए

2022 में आम आदमी पार्टी की हवा का असर यहां भी दिखा। आप ने 40 फीसदी वोट हासिल कर जीत दर्ज की। बीते चुनावों में जीत दर्ज करने वाली अकाली दल व कांग्रेस दोनों का वोट प्रतिशत नीचे गिरा।

### भाजपा व कांग्रेस उम्मीदवारों पर मामले दर्ज

भाजपा उम्मीदवार हरजीत सिंह संधू के खिलाफ दो आपराधिक मामले भी लंबित हैं, हालांकि किसी में भी दोष सिद्ध नहीं हुआ है। पहला मामला एफआईआर नंबर 70/2023, थाना सुल्तानविंड (अमृतसर) में दर्ज है, जिसमें धाराएं 341, 323, 506, 34 आईपीसी लगाई गई हैं। आरोप- गलत तरीके से रोकना, चोट पहुंचाना और धमकाना है। दूसरा मामला 2015 से न्यायालय एसडीजेएम बाबा बकाला साहिब में विचाराधीन है, जिसकी धाराएं 326, 323, 324, 341, 148, 149 आईपीसी हैं। आरोप गंभीर चोट पहुंचाना और गलत तरीके से रोकना शामिल है। वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार करणबीर सिंह बुर्ज का एक मामला चंडीगढ़ में विचाराधीन है। करणबीर को निचली अदालत ने दोषी ठहराए था। उसमें आपराधिक अपील दायर की है, जो अभी भी पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में लंबित है। यह मामला आईपीसी की धाराओं 332, 353, 308 एवं 34 के तहत है, जिसमें सजा के तौर पर विभिन्न अवधि की कठोर सजा और जुर्माना लगाना शामिल है।

## लुधियाना सेंट्रल जेल से फरार हवालाती बिहार से गिरफ्तार

पंजाब पुलिस सीवरेज खंगालती रही, दीवार फांदने को बताया असंभव; आरोपी दूसरे राज्य में मिला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 21 अक्तूबर।** लुधियाना सेंट्रल जेल से गायब हवालाती को ढूंढने के लिए जेल की पुलिस व स्थानीय पुलिस सीवरेज लाइन खंगालती रही। जेल सुपरिंटेंडेंट जेल की दीवार फांदकर बाहर जाने की बात असंभव बताते रहे और हवालाती राहुल सबको चकमा देकर बिहार पहुंच गया। थाना डिवीजन नंबर सात की पुलिस हवालाती को बिहार से पकड़कर ले आई। हालांकि पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी नहीं बता रही है।

एक सप्ताह पहले हवालाती शाम को बंदी के समय गायब हो गया और जेल प्रशासन ने उसे ढूंढना शुरू किया। पुलिस को सीवरेज के ढक्कन खुले मिले तो शक हुआ कि वह सीवरेज के रास्ते भाग गया। वहीं पुलिस ने पूरा सीवरेज छान मारा तो वहां से भागने की संभावना न के बराबर लगी।

### जेल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से मिला सुराग

वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने ड्रोन के जरिए आरोपी को जेल परिसर में ढूंढा लेकिन वह नहीं मिला तो पुलिस ने अंदर सर्च अभियान बंद कर दिया। पुलिस ने उसके बाद जेल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और उसको ट्रेस करना शुरू किया। पुलिस को खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली कि वह अपने गांव बिहार चले गया। पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने दो टीमें बिहार भेजी और पुलिस ने उसे वहां से पकड़ लिया।

### एक दो दिन में करेगी पुलिस खुलासा

थाना डिवीजन नंबर सात की पुलिस अभी आरोपी के पकड़े जाने के बारे में कुछ भी नहीं बता रहे। पुलिस का कहना है कि जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जांच अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि जेल के अंदर सर्च अभियान लगभग पूरा हो गया है उन्होंने बताया कि हवालाती शायद जेल से बाहर निकल गया है। उसे पकड़ने के लिए टीमें छापेमारी कर रही हैं।

## क्रिकेटर अभिषेक शर्मा ने गोल्डन टेंपल में टेका माथा, बहन-जीजा के साथ अमृतसर में बिता रहे समय; मैच के लिए शादी की थी मिस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 21 अक्तूबर।** क्रिकेटर अभिषेक शर्मा ने दिवाली अपने परिवार के साथ मनाई। क्रिकेट की दुनिया से समय निकाल वे अमृतसर पहुंचे हैं और परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। बीती रात वे गोल्डन टेंपल पहुंचे, जिसकी तस्वीरों को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी सांझा किया है।

अभिषेक वाहेगुरु का शुक्राना करते दिख रहे हैं और उन्होंने अपनी पोस्ट पर भी 'शुक्र' लिखा। इन फुर्सत के पलों के बीच वे अपनी बहन कोमल व जीजा लविश के साथ भी समय बिता रहे हैं। बीते दिनों अभिषेक शर्मा अपनी बहन की शादी में शामिल नहीं हो पाए, क्योंकि वह कानपुर में भारत-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच एक अनऑफिशियल वनडे मैच खेलने में व्यस्त थे। इस मैच में वह शून्य पर आउट हो गए, जिससे उन्हें दोहरा झटका लगा था। उन पलों की भरपाई के लिए ही अभिषेक अब अधिक समय अपने जीजा व बहन के साथ भी बिता रहे हैं।

### एशिया कप में तोड़ा था रिकॉर्ड

एशिया कप 2025 में अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन शानदार था, जिसमें उन्होंने 7 मैचों में 314 रन बनाए, 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट) चुना गया। उन्होंने 3 अर्धशतक बनाए, जिनमें सुपर फोर में पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ अर्धशतक शामिल हैं, और वह एशिया कप टी20 के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने, जिन्होंने मोहम्मद रिजवान का रिकॉर्ड तोड़ा।

### बहन की हुई थी लव-कम अरेंज मैरिज

अभिषेक शर्मा की डॉक्टर बहन कोमल शर्मा और लुधियाना के हौजरी कारोबारी लोविश ओबरॉय की लव-कम अरेंज मैरिज हुई थी। ऐसा इसलिए, क्योंकि दोनों कॉमन फ्रेंड के जरिए मिले। फिर सोशल मीडिया पर जुड़े। उनके बीच लंबी बातचीत हुई, जिसके बाद दोनों में प्यार हुआ। 4 साल चली इस लव स्टोरी के बाद घरवालों की रजामंदी से दोनों शादी की।

### कोमल-लोविश की पूरी लव स्टोरी

लोविश ने एक बातचीत में बताया था- अमृतसर में मेरी और कोमल की कॉमन फ्रेंड है। उसके घर पर पार्टी थी। उसमें मैं और कोमल भी शामिल हुए। तब तक मुझे यह पता नहीं था कि कोमल क्रिकेटर अभिषेक शर्मा की बहन है। कॉमन फ्रेंड ने ही मेरी मुलाकात कोमल से कराई। लोविश ने बताया- पहली मुलाकात में ही कोमल मुझे पसंद आ गई। पार्टी में भी हमारे बीच कुछ देर की बातचीत हुई। इसमें हम दोनों काफी घुल-मिल गए। पार्टी से लौटने के बाद हम सोशल मीडिया पर एक-दूसरे से जुड़े। करीब 2 महीने तक सोशल मीडिया पर बात होती रही। लोविश ने बताया- इसके बाद हमने नंबर एक्सचेंज कर लिए। सोशल मीडिया के बाद हमारी फोन पर भी बात होने लगी। बातचीत करतेक्ष्करते हम दोनों अच्छे दोस्त बन गए। फ्रेंडशिप में वह एक-दूसरे के साथ अपनी फीलिंग शेयर करने लगे। यह सिलसिला कब प्यार में बदल गया, हमें भी पता नहीं चला। मुलाकात में पता चला, क्रिकेटर अभिषेक की बहन लोविश ने बताया कि कोमल ने बातचीत में नहीं बताया था कि वह क्रिकेटर अभिषेक शर्मा की बहन हैं। लोविश कहते हैं- एक-दूसरे से प्यार होने के बाद हमारी मुलाकातें होने लगीं। तब कोमल ने बताया कि उसका भाई क्रिकेटर है। हालांकि, तब तक हम शादी करने का फैसला कर चुके थे।

### कोमल ने कहा- शादी घरवालों की रजामंदी से


लोविश ने बताया- कोमल और मैंने शादी का फैसला कर लिया। इस पर कोमल ने कहा कि शादी घरवालों के बगैर नहीं होगी। उनकी रजामंदी जरूरी है। इसके बाद तय हुआ कि दोनों अपने-अपने परिवार को अपने प्यार के बारे में बताएंगे।

### मेरे माता-पिता को परहेज नहीं, कोमल की मां सिख फैमिली से

लोविश ने कहा- कोमल ने अपने घर बताया। मैंने भी अपने घरवालों को हमारे रिश्ते की जानकारी दी। कोमल की मां भी सिख फैमिली से हैं। कोमल ने जब मेरी फोटो अपनी मां को दिखाई तो उन्होंने कहा कि ठीक है, लड़के को बुलाओ। दोनों परिवारों ने लड़का-लड़की का प्रोफाइल देखा और शादी के लिए सहमत हो गए। मेरे माता-पिता को शादी से कोई परहेज नहीं था। इसके बाद 29 मई 2025 में हमारी सगाई हुई। कोमल और लोविश की सगाई शिमला में हुई थी। इसका पता तब चला जब अभिषेक ने बहन की सगाई की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसके बाद 30 सितंबर को दोनों का लुधियाना में शगुन प्रोग्राम हुआ, जिसमें एशिया कप से लौटे भाई अभिषेक शर्मा के साथ पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह भी शामिल हुए।

# हिमाचल हाईकोर्ट-सरकार के ऑर्डर नहीं मान रहे डीसी

पंचायत चुनाव को नहीं लगाया रिजर्वेशन रोस्टर; 25 सितंबर तक लगाना अनिवार्य था, इलेक्शन पर संशय




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 21 अक्तूबर।** हिमाचल में जिलों के डीसी हाईकोर्ट और सरकारी के आदेशों की अवमानना कर रहे हैं। पंचायतीराज विभाग के सेक्रेटरी के आदेशों के बावजूद पंचायत चुनाव के लिए किसी भी डीसी ने अब तक आरक्षण रोस्टर नहीं लगाया, जबकि आरक्षण रोस्टर 25 सितंबर तक हर हाल में लगना जरूरी था। हिमाचल हाईकोर्ट ने मनीष धर्मेक बनाम स्टेट केस में साल 2020 में पंचायत और नगर निकाय चुनाव के लिए आरक्षण रोस्टर कमेंसमेंट ऑफ इलेक्शन प्रोसेस से 90 दिन पहले लगाने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने कहा-चुनाव प्रोसेस होने से तीन महीने पहले आरक्षण रोस्टर लगाया जाए, ताकि किसी व्यक्ति को यदि आरक्षण रोस्टर पर आपत्ति है और वह उसे कोर्ट में चुनौती देना चाहता है, इससे व्यक्ति आरक्षण रोस्टर के खिलाफ अदालत में अपील कर सकेगा। कोर्ट को भी आरक्षण रोस्टर पर मिलने वाली अपील के निपटारे के लिए वक्त मिलेगा। यदि आरक्षण रोस्टर देरी से लगेगा और इधर इलेक्शन कमीशन चुनाव की तिथियां घोषित कर दी गई तो अपीलकर्ता से आरक्षण रोस्टर को चुनौती देने का अधिकार छिन जाएगा या फिर इससे इलेक्शन में देरी होगी।

हिमाचल में साल 2020 में पंचायतों की पहली मीटिंग 1 फरवरी 2021 को हुई। लगभग 35 दिन का वक्त चुनावी प्रक्रिया संपन्न करने में लगा। इस लिहाज से तीन महीने पहले यानी 25 सितंबर को हर हाल में आरक्षण रोस्टर लगाना जरूरी था। सेक्रेटरी पंचायतीराज ने भी 15 सितंबर को अपने आदेशों को हाईकोर्ट का जिक्र करते हुए सभी जिलों के डीसी को पत्र लिखा। इसमें 25 सितंबर तक प्रधान, वार्ड मेंबर, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के लिए आरक्षण रोस्टर लगाने के निर्देश दिए। पंचायत सेक्रेटरी द्वारा तय तिथि से लगभग 28 दिन अधिक हो गए। मगर अब तक रोस्टर नहीं लग पाया। पंचायत में उप प्रधान ऐसा पद होता है जिसके लिए आरक्षण रोस्टर नहीं लगता।

### भाजपा बार बार सरकार को घेरती रही

आरक्षण रोस्टर में देरी पर भारतीय जनता पार्टी बार बार सत्तारूढ़ कांग्रेस को घेरती रही है। बीजेपी का आरोप है कि चुनाव में हार के डर से कांग्रेस सरकार चुनाव नहीं कराना चाह रही।

### सीएम-मंत्री के दावे भी अब तक झूठे

वहीं सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी कई बार कह चुके हैं कि चुनाव तय समय पर होंगे। मगर अब तक आरक्षण रोस्टर नहीं लगाया जा सका। इससे चुनाव समय पर होंगे, इस पर संशय बना हुआ है।

### अपील के निपटारे को वक्त मिलेगा

मनीष धर्मेक बनाम स्टेट केस में हाईकोर्ट ने कहा- चुनाव प्रोसेस होने से तीन महीने पहले आरक्षण रोस्टर लगना चाहिए, ताकि यदि किसी व्यक्ति को आरक्षण रोस्टर पर आपत्ति है और वह उसे कोर्ट में चुनौती देना चाहता है, तो 90 दिन का वक्त होने से व्यक्ति ऐसा कर पाएगा। कोर्ट को भी आरक्षण रोस्टर पर मिलने वाली अपील के निपटारे को वक्त मिलेगा।

### दिसंबर-जनवरी में प्रस्तावित चुनाव

हिमाचल में 3577 पंचायतें है। इनमें इसी साल दिसंबर में चुनाव होने हैं। मौजूदा प्रतिनिधियों का कार्यकाल 23 जनवरी 2026 को पूरा हो रहा है। स्टेट इलेक्शन कमीशन को 23 जनवरी से पहले चुनाव कराना संवैधानिक बाध्यता है। इलेक्शन कमीशन दिसंबर में ही वोटिंग करवाना चाह रहा है, क्योंकि जनवरी में शिमला, मंडी, लाहौल स्पीति, किन्नौर, कांगड़ा, कुल्लू और सिरमौर जिला के कई भागों में भारी बर्फबारी होती है। बर्फबारी में चुनाव करा पाना टेडी खीर साबित हो सकता है।

# लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने दिखाई मानवता की मिसाल

मनाली-लेह हाईवे पर एटीवी दुर्घटनाग्रस्त,घायल को पहुंचाया अस्पताल





अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 21 अक्तूबर।** राजनीति और समाजसेवा के साथ हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहने वाली लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने एक बार फिर संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय का परिचय दिया। मंगलवार को मनाली-लेह हाईवे पर पागल नाला से आगे युरामुर्ती के नीचे एक एटीवी (ऑल टेरेन व्हीकल) दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उसी दौरान मौके से गुजर रही विधायक अनुराधा राणा ने घटना को देखा और तुरंत वाहन रुकवाकर घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। उनकी इस त्वरित कार्रवाई से घायल व्यक्ति को समय पर उपचार मिल सका। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस मानवीय कदम की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि वह हमेशा आम लोगों की मदद के लिए तत्पर रहती हैं। क्षेत्र के लोगों ने विधायक अनुराधा राणा के इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने एक बार फिर साबित किया है कि जनसेवा उनके लिए केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक संवेदनशील भावना का होना भी जरूरी है।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा के कारण ढीला रहा दीवाली का त्यौहार



**गोहर( सुभाग सचदेवा)।** बरसात के दौरान हिमाचल प्रदेश में हुई भयंकर प्राकृतिक आपदा के कारण इस वर्ष दिवाली का त्यौहार काफी धीमा रहा है। आपदा के कारण सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग जंजैहली बगस्याड शिल्हीबागी जरोल छतरी व नाचन विधानसभा क्षेत्र के गोहर स्यांज चैलचौक आदि बाजार में इस साल दिवाली के उपलक्ष में डेकोरेशन पटाखे मिठाइयां भिन्न प्रकार की दुकानें सजी मगर जिस हिसाब से व्यापारियों ने सामान लाया था उसे हिसाब से ग्राहकी व खरीदारी नहीं हो पाई। विभिन्न प्रकार की दुकानें लगने के बावजूद मार्केट में ज्यादा रश देखने को नहीं मिला। दुकानदारों को कहना है जितना हमने माल लाया उसे हिसाब से ग्राहक बहुत कम है और खरीददारी भी कम हो रही है बावजूद उसके लोगों में दिवाली को लेकर काफी उत्साह रहा लोगों ने घर में पूजा अर्चना कर भिन्न भिन्न प्रकार की रंगोली बनाएं दुसरे को दिवाली की बधाई दी । वहीं लोगों ने दिवाली के त्योहार में पूजा अर्चना के साथ-साथ आतिशबाजी और मिठाइयों का भी आनंद उठाया।

### पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने जताया पूर्व विधायक के निधन पर शोक

**कुल्लू (अप्रस/अशेष शर्मा)।** विलासपुर सदर से विधायक रहे डाक्टर बाबू राम गौतम के निधन पर पूर्व मंत्री ठाकुर सत्य प्रकाश ने गहरा दुख और अपनी भावहीनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि हमने अपने एक सच्चे मित्र, कर्मठ वरिष्ठ कांग्रेस नेता, समाज में अपनी एक अलग पहचान स्थापित करने वाले राजनैतिज्ञ व्यक्तित्व को खोया है जिसकी भरपाई करना आज के समय में असम्भव है। उन्होंने कहा कि डाक्टर बाबू राम गौतम की शराफत और मिलनसारी की मिसाल हिमाचल प्रदेश विधान सभा में आज भी याद की जाती है । वे हिमाचल प्रदेश पूर्व विधायक परिषद के महामंत्री तथा प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं, उनकी समाज सेवा को समूचा प्रदेश याद करता रहेगा कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए डाक्टर गौतम अपने अंत समय तक समर्पित थे । उनके निधन पर प्रेम लता ठाकुर पूर्व जिला परिषद सदस्य, वलदेव सिंह ठाकुर पूर्व सेवादल संगठक हिमाचल प्रदेश, खीमी राम चौहान इंटक अध्यक्ष जिला कल्लू, डोला सिंह महंत, ओम प्रकाश शर्मा, ओम चन्द, धनी राम पूर्व जिला परिषद सदस्य, डी आर जोशी, रमेश ठाकुर, देवीदयाल, देवी सिंह सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की है।

### ठियोग में एनएच पर 3 दिन पहले हुई टारिंग उखड़ी



**शिमला (अप्रस)।** शिमला जिला के ठियोग में नेशनल हाईवे-5 पर इन दिनों सड़क की टारिंग का काम चला हुआ है। मगर दो-तीन दिन पहले की गई टारिंग अभी से उखड़नी शुरू हो गई है। इससे, क्वालिटी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। एसडीएम ठियोग ने सब-स्टैंडर्ड काम पर संज्ञान लेते हुए दोबारा से टारिंग करने के निर्देश दिए है। बता दें कि चार दिन पहले ही ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर ने ठियोग बाजार में पूजा करके टारिंग का काम शुरू करवाया। इसके बाद बाजार में लगभग सवा दो किलोमीटर के पैच में सड़क की टारिंग का काम शुरू किया गया। कई जगह टारिंग अभी से उखड़नी शुरू हो गई है। ठियोग बाजार में लगभग ढाई किलोमीटर सड़क पर टारिंग के लिए सरकार ने लगभग 3 करोड़ 23 लाख रुपए मंजूर कर रखे हैं। इससे बाजार में लंबे समय बाद टारिंग हो रही है। ठियोग की जनता काफी समय से टारिंग नहीं होने की वजह से धूल के कारण परेशान है। इसे लेकर जब पीडब्ल्यूडी के एनएच विंग ठियोग के एसडीओ कनम बरोटा से बात की गई तो उन्होंने कहा- क्वालिटी जांचने के बाद ही टारिंग हो रही है। इन दिनों टैम्परेचर थोड़ा कम हो गया है और ओस पड़ रही है। उन्होंने बताया कि चलते हुए ट्रैफिक में टारिंग नहीं होती। इसे देखते हुए उन्होंने प्रशासन को लिख रखा है कि टारिंग के वक्त ट्रैफिक रोका जाए। चलते हुए ट्रैफिक में टारिंग से यह समस्या रहती है। उन्होंने बताया- यदि सड़क टूटती है तो ठेकेदार को ही ठीक करनी है। तब तक उसके बिल का भुगतान नहीं किया जाएगा। एसडीएम ठियोग शशांक गुप्ता ने बताया कि जहां सड़क की टारिंग उखड़ी है, वहां दोबारा टारिंग करने को कह दिया गया है। फर्स्ट लेयर में थोड़ा बहुत उखड़ता है, दूसरी लेयर के बाद ऐसी दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि एनएच पर ट्रैफिक बंद नहीं होता। टारिंग के वक्त ट्रैफिक को सिंगल लेन कर दिया है। इसे पूरी तरह बंद नहीं कर सकते।

# कनाडाई पैराग्लाइडर का 48 घंटे बाद मिला शव

हिमाचल में 12795 फीट की ऊंचाई पर क्रैश हुआ पैरग्लाइडर; एयरलिफ्ट करके टांडा मेडिकल कॉलेज लाया गया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**धर्मशाला, 21 अक्तूबर।** हिमाचल प्रदेश के धौलाधार की ऊंची पहाड़ियों में लापता 27 वर्षीय कनाडाई महिला पैराग्लाइडर मेगन एलिजाबेथ रॉबर्ट्स का शव बरामद कर लिया गया है। बीर-बिलिंग से उड़ान भरने के 48 घंटे बाद सोमवार को उनका शव हिमानी चामुंडा के पास तलन जोत से मिला। दुर्घटनास्थल करीब 12,795 फीट की ऊंचाई पर एक दुर्गम और टेढ़े-मेढ़े इलाके में था।

मेगन रॉबर्ट्स ने बीते शनिवार को उड़ान भरी थी, जिसके बाद से वह लापता हो गई थीं। निर्धारित लैंडिंग स्थल पर न पहुंचने पर जिला प्रशासन ने बीड़ पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन और स्थानीय पर्वतारोहियों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया।

सर्च ऑपरेशन के दौरान मेगन का क्षतिग्रस्त ग्लाइडर रविवार को ही हिमानी चामुंडा मंदिर से उत्तर दिशा में क्रैश स्थिति में मिला। दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र के कारण यहां हेलिकॉप्टर लैंडिंग मुश्किल थी। बचाव दल के सदस्य राहुल सिंह पहले हेलिकॉप्टर से रस्सी के सहारे मौके पर उतरे।

### रेस्क्यू दल के राहुल ने पूरी रात अकेले शव के पास बिताई

अधिकारियों के अनुसार, मेगन की मौत कड़ाके की ठंड और चट्टानों पर गिरने से हुई। मेगन के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान बताए जा रहे है। बीड़ घाटी में शव देखे जाने के बाद रेस्क्यू दल के सदस्य राहुल सिंह ने 12800 फीट की ऊंचाई पर पूरी रविवार रात शव के साथ अकेले बिताई।

### सोमवार को एयरलिफ्ट किया गया शव

सोमवार सुबह हेलिकॉप्टर से बचाव दल के पांच अन्य सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद टीम ने मिलकर बर्फ और चट्टानों के बीच से शव को करीब 500 मीटर ऊपर पहाड़ी तक पहुंचाया, जहां से उसे सुरक्षित एयरलिफ्ट कर गग्गल एयरपोर्ट लाया गया।

### कनाडा दूतावास को सौंपा जाएगा शव

अब मृतक महिला का शव टांडा मेडिकल कॉलेज में रखा गया है। इसे अब दिल्ली स्थित कनाडा दूतावास को सौंपा जाएगा।

### धौलाधार क्षेत्र में 26 हादसे हो चुके

इस घटना ने धौलाधार क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग की चुनौतियों को एक बार फिर उजागर किया है। धौलाधार की दुर्गम भौगोलिक संरचना और तेजी से बदलते मौसम के कारण पिछले पांच सालों में कांगड़ा और मंडी जिलों में 26 पैराग्लाइडिंग हादसे दर्ज किए गए हैं, जिनमें 12 लोगों की जान जा चुकी है।

## सब इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार के साथ तीन और पुलिस अधिकारियों के कंधों पर चमके इंस्पेक्टर के स्टार

### कुल्लू जिला के 4 उप-निरीक्षक पदोन्नत बने इंस्पेक्टर



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 21अक्तूबर।** जिले के 4 पुलिस कर्मचारियों को उप निरीक्षक से इंस्पेक्टर पद पर प्रमोट किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन (आईपीएस) द्वारा नव-पदोन्नत अधिकारियों सब इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार कार्यकारी प्रभारी भुंतर, सब इंस्पेक्टर ईशांत सेन, सब इंस्पेक्टर रजत और सब इंस्पेक्टर शशांक चौहान को निरीक्षक को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति उपरांत औपचारिक रूप से स्टार लगाए गए ।

कुल्लू जिला के 4 उप -निरीक्षक पदोन्नत बने इंस्पेक्टरपुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कर्मचारियों को कहा कि उनके कंधों पर अब बड़ी जिम्मेदारी आ गई है। क्योंकि प्रमोशन के साथ एक नई जिम्मेदारी मिलती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाना। वहीं चारों पुलिस अधिकारियों ने कहा कि विभाग की ओर से जो भी काम दिया जाएगा, उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान (ईसीपीएस) भी उपस्थित रहे। सभी नव-पदोन्नत निरीक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# आपदा जोखिमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा





**कुल्लू 21 अक्तूबर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड निरमंड व आनी के ग्राम पंचायत चवाई, ग्राम पंचायत दलाश, ग्राम पंचायत निथर, ग्राम पंचायत बागा सराहन के बागी पुल गाँव में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

'समर्थ 2025' जिला स्तरीय जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों सहारा कला जत्था के कलाकारों ने गीतों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

कलाकारों ने लोगों को भूकंपरोधी भवन निर्माण, आपदाओं के समय बरती जाने वाली सावधानियों, तथा भूकंप, भूस्खलन और आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में जागरूक किया।

कलाकारों ने लोगों से आग्रह किया कि भवन निर्माण से पूर्व उचित वास्तुकार से परामर्श लेकर ही भूकंपरोधी निर्माण सामग्री का प्रयोग करें, जिससे आपदाओं के समय नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। कार्यक्रमों के दौरान चवाई पंचायत की प्रधान गीता भूषण, दलाश पंचायत प्रधान सत्येंद्र शर्मा, निथर पंचायत प्रधान जगदीश व बागा सराहन पंचायत उप-प्रधान सालगी राम सहित अन्य पंचायत सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों को संगठित कर भाजपा को मजबूत बनाएंगे: गोविंद ठाकुर

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर 21 अक्तूबर।** भाजपा ने संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नेरचौक निवासी एवं कारोबारी गोविंद ठाकुर को प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया है। गोविंद ठाकुर की संगठनात्मक दक्षता, व्यापारी वर्ग में प्रभाव और समाज में व्यापक संपर्क को देखते हुए पार्टी ने एक बार फिर उन पर विश्वास जताया है। उनकी नियुक्ति से भाजपा को व्यापारी वर्ग में नई ऊर्जा और मजबूती मिलने की संभावना है।

गोविंद ठाकुर का संगठनात्मक अनुभव व्यापक रहा है। वर्ष 1996 से 2008 तक वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सक्रिय कार्यकर्ता रहे। 2017 से 2024 तक उन्होंने विश्व हिंदू परिषद में विशेष प्रांत संपर्क प्रमुख के रूप में कार्य किया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 में भी वे भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक रहे हैं। वे 2014 से प्रदेश व्यापार मंडल के प्रेस सचिव के रूप में निरंतर कार्यरत हैं, जबकि 2017 से 2024 तक नेरचौक व्यापार मंडल के अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका सराहनीय रही। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए गोविंद ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में लगभग पांच लाख छोटे-बड़े व्यापारी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कारोबार से जुड़े हैं। व्यापार प्रकोष्ठ इन सभी को संगठित कर भाजपा को और अधिक मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कमी से व्यापार जगत को राहत मिली है और बाजार में सकारात्मक माहौल बना है।

गोविंद ठाकुर ने कहा कि ÷एक देश, एक चुनाव÷ जैसी नीति व्यापारियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी क्योंकि इससे स्थिरता और नीति निरंतरता बनी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता व्यापारी वर्ग की समस्याओं को उठाना और उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ना रहेगा।

प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। टैक्स, निरीक्षणों और नियमों के बोझ से व्यापारी वर्ग परेशान है, जबकि छोटे और मध्यम व्यापारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ व्यापारियों की आवाज को सशक्त रूप से उठाएगा और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए कार्य करेगा।

गोविंद ठाकुर ने कहा कि पार्टी ने जो भी दायित्व सौंपा है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाया जाएगा।

# हिमाचल में दिवाली पर कसोल इन होटल में भीषण आग

रामपुर में 4 दुकानें जलकर राख; नगरोटा बगवां और शिमला में भी 4 शॉप जली





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 21 अक्तूबर।** हिमाचल प्रदेश में दिवाली पर्व को उत्साह के साथ मनाया गया। दिनभर लोगों ने बाजार में पटाखें और मिठाइयों की खरीददारी की। रात में 8 से 10 बजे तक खूब पटाखे फोड़े।

वहीं दिवाली पर कई जगह आग की घटनाओं से लाखों रुपए का नुकसान भी देखने को मिला है। कुल्लू जिला के मणिकर्ण में बहुमंजिला कसोल इन होटल में रात को भीषण आग लग गई। इससे होटल की ऊपरी मंजिल जलकर राख हो गई।

दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इससे अफरा-तफरी मच गई। होटल की ऊपरी मंजिल में आग से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। बताया जा रहा है कि आतिशबाजी की वजह से होटल में आग लगी है।

इस दौरान होटल में ठहरे टूरिस्ट और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मगर किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### रामपुर में चार दुकानें जलकर राख

शिमला जिला के रामपुर बुशहर के खोपड़ी मंदिर के पास चार-पांच दुकानों में आग भड़क गई। इससे दुकानों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाकर इसे आसपास फैलने से रोका। शिमला के साथ लगते ग्रामीण क्षेत्र बनूटी में भी बीती रात को अचानक आग भड़क गई। इससे तीन दुकानें जलकर राख हो गई। कोई भी दुकानदार अपना सामान बाहर नहीं निकाल पाया।

### नगरोटा बगवां में दुकान जलकर राख

कांगड़ा जिला के नगरोटा बगवा के पठियार में भी रात में इलेक्ट्रिक दुकान में आग भड़क गई। इससे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। हमीरपुर जिला के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के सलौणी कस्बे में भी दीपावली की रात शारदा इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

# फरीदाबाद में 15 फीट ऊंचे आशादीप का प्रज्ज्वलन प्रकाश एकता और आशा का संदेश लेकर जगमगाया दीपोत्सव

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** प्रकाश के पावन पर्व दीपावली के अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल जी के उपस्थिति में लेबर चौक फरीदाबाद पर 15 फीट ऊँचे भव्य दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह दीप केवल एक प्रतीक नहीं बल्कि एकता सद्भाव और आशा के अमृत प्रकाश का संदेश लेकर पूरी फरीदाबाद नगरी को आलोकित कर गया।

विपुल गोयल जी ने दीप प्रज्ज्वलन के अवसर पर कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। जब हम समाज के हर वर्ग तक यह रोशनी पहुँचाने का संकल्प लेते हैं तभी यह पर्व अपने सच्चे अर्थों में सार्थक होता है कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों महिलाओं, युवाओं और



विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई।

वातावरण में गूंजते दीप जलाओ आशा बढ़ाओ के नारों ने इस आयोजन को जनोत्सव का स्वरूप प्रदान किया। विपुल गोयल जी द्वारा प्रज्ज्वलित यह 15 फीट ऊँचा भव्य दीप पुराने घी और तेल के टिनों से निर्मित किया गया था जो परंपरा और पर्यावरणीय चेतना का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करता है। दीपोत्सव स्थल पर भजन सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और दीपदान के माध्यम से समाज में प्रेम भाईचारा और सकारात्मकता का संदेश दिया गया। फरीदाबाद के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल दीपावली का उत्सव है बल्कि अमृतकाल की भावना और नए भारत की आशा का भी प्रतीक है।



विपुल गोयल जी ने दीप प्रज्ज्वलन के अवसर पर कहा कि यह आशादीप हमारे उस संकल्प का प्रतीक है जो हर फरीदाबादी के दिल में है कि फरीदाबाद को न सिर्फ हरियाणा में बल्कि पूरे देश में उत्कृष्ट बनाना है दीपावली का अर्थ सिर्फ घरों की रोशनी नहीं होता बल्कि समाज शहर और देश में नई ऊर्जा नई प्रेरणा और नए अवसरों का प्रकाश फैलाना होता है। आज जब हर कोई अपने घर को सजाने में व्यस्त है हम सब मिलकर अपने पूरे शहर को रोशन करने का कार्य कर रहे हैं यही फरीदाबाद की पहचान है यह शहर त्योहार भी मनाता है और विकास का दीप भी जलाता है यह 15 फीट का आशादीप उन सभी हाथों की मेहनत का परिणाम है जो दिन रात लगकर फरीदाबाद को सुंदर सशक्त और आधुनिक बना रहे हैं यह उन कामगारों प्रोफेशनल्स कर्मचारियों और नागरिकों का प्रतीक है जिन्होंने हमारे साथ मिलकर इस शहर को संवारने में योगदान दिया है। विकसित भारत विकसित हरियाणा और उत्कृष्ट फरीदाबाद का लक्ष्य यह आशादीप हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के विकसित हरियाणा और हमारे अपने लक्ष्य उत्कृष्ट फरीदाबाद की दिशा में उठाया गया एक और बड़ा कदम है अगली दीपावली तक हमारा संकल्प है कि हम फरीदाबाद को एक नेक्स्ट लेवल डेवलपमेंट सिटी बनाएँगे। इन्फ्रास्ट्रक्चर से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वच्छता पर्यावरण और स्मार्ट शहरी सेवाओं में फरीदाबाद को हर मानक पर सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में स्थापित करेंगे जिस प्रकार दीपावली से दीपावली तक हम अपने घरों को और सुंदर बनाते हैं उसी प्रकार हमें दीपावली से दीपावली तक अपने फरीदाबाद को और उत्कृष्ट बनाना है।



## दीपावली की रात वर्दियों के गोदाम में लगी आग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**व्यासपुर।** व्यासपुर सढौरा रोड बस स्टैड़ के सामने स्थित शांति कालोनी में कपड़ों और वर्दियों के रॉ मैटेरियल के एक बड़े गोदाम में दीपावली की रात करीब दस बजे अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखे कपड़े, वर्दियां व अन्य मटेरियल जलकर राख हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के दुकानदारों व घरों में हड?प मच गया। गोदाम मालिक अनिल कुमार ने दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाडि?ां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट या किसी बड़े पटाखें के गोदाम में गिरने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

## सरकारी स्कूलों के 100 गज के दायरे में नशीले पदार्थ बेचने पर लगी पाबंदी

**टोहाना (संजीव सिंगला)।** हरियाणा के सभी स्कूलों के 100 गज के दायरे में तंबाकू, गुटखा एवं नशीले पदार्थों की बिक्री पर तत्काल कार्रवाई के आदेश आज हरियाणा सरकार सहायक निदेशक पंचकूला ने सभी जिलों में उपमंडल के अधिकारियों को जारी किए हैं हरियाणा सरकार से प्राप्त पत्र में लिखा हुआ है कि सब जिलों के अधीन कार्यकर्त अधिकारी जैसे क्तश्व.ह,क्तस्न्ट, प्रिंसिपल हेडमास्टर सभी को निर्देश दिए गए हैं अपने अधीनस्थ विद्यालय के 100 गज के दायरे में तंबाकू गुटका व निशुल्क पदार्थों के किसी भी बिक्री संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण करें यदि कहीं कोई नशीला पदार्थ संबंधी गतिविधि पाई जाती है तो नजदीक के पुलिस स्टेशन को सुनिश्चित करें हरियाणा के सभी सरकारी स्कूलों के 100 गज के दायरे में तंबाकू गुटखा व नशीले पदार्थों पर रोक लगाने की पुण्यात कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों के नुकसान की आशंका

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** शहर के रेलवे रोड स्थित बंसल फर्नीचर हाउस की पहली मंजिल पर दीवाली की रात आग लगने से दुकान में रखा लाखो का फर्नीचर का सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भीषण थी कि इसे बुझाने में दमकल विभाग की चार गाड़ियों को करीब पांच घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग आतिशबाजी के कारण लगी है या बिजली का शार्ट सर्किट से होने से यह तो जांच के बाद ही सामने आएगा। लेकिन दुकान मालिक नरेश बंसल की माने तो इस आगजनी से लाख का नुकसान हुआ है।



शहर के मुख्य बाजार मे रेलवे रोड पर स्थित बंसल फर्नीचर हाऊस मे देर रात करीब साढे 9 बजे अचानक आग की लपटे उठती देख वहा आसपास के दुकानदार व राहगीरो की भीड इकठ्ठी हो गई। भीड को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। मौके पर पहुंचे दुकान मालिक नरेश बंसल ने बताया कि वह रोजाना की तरह करीब 8 बजे दुकान बढाकर घर चले गए थे। लेकिन देर रात करीब 10 बजे किसी जानकार ने फोन करके दुकान मे आग लगने की सूचना दी। जिसके बाद वह मौके पर पहुंच कर देखा तो दुकान की उपरी मंजिल से धुआं और आग की लपटें उठ रही थीं।

## शहीदों की चिताओं पर हर वर्ष लगेंगे मेले : एसपी सिद्धांत जैन

पुलिस शहीदी दिवस पर फतेहाबाद में भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 21 अक्तूबर।** फतेहाबाद पुलिस लाइन आज शौर्य, त्याग और बलिदान की अनगिनत कहानियों का साक्षी बनी, जहां पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर एक भावनाओं से ओतप्रोत श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता *पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस* ने की। उन्होंने हरियाणा के वीर सपूतों सहित समस्त पुलिस शहीदों के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके अमर बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर *एसपी जैन* ने फतेहाबाद जिले के वीर शहीदों को विशेष रूप से स्मरण किया। उन्होंने 25 जुलाई 1991 को सिरसा में उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए सिपाही महेंद्र सिंह और 22 अप्रैल 2008 को अपराधियों से मुकाबला करते हुए शहीद हुए मुख्य सिपाही साजन्ट को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को मंच पर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन शहीदों का बलिदान पुलिस विभाग ही नहीं, पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। समारोह की शुरुआत मौन श्रद्धांजलि और राष्ट्रध्वज को सलामी के साथ की गई, जिसमें जिले भर से सैकड़ों पुलिस अधिकारी एवं जवान सम्मिलित हुए। *एसपी जैन* ने अपने जोशीले भाषण में कहा कि ÷पुलिस स्मृति दिवस कोई साधारण दिन नहीं, बल्कि पुलिस बल के त्याग, समर्पण और अनुकरणीय साहस का प्रतीक है। शहीदों की शहादत अमर है और उनका ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। उन्होंने कहा कि आतंकी घटनाएं, दंगे, प्राकृतिक आपदाएं या महामारी–हर संकट की घड़ी में सबसे पहले पुलिस ही मोर्चा संभालती है, और जनसुरक्षा सुनिश्चित करती है। कोरोना महामारी के दौरान फतेहाबाद पुलिस द्वारा निभाई गई भूमिका इसका ज्वलंत उदाहरण है। एसपी जैन ने फतेहाबाद पुलिस की बहादुरी के उदाहरणों का भी उल्लेख किया।

## शाहजहांपुर में कबड्डी खेलों का भव्य आयोजन सरपंच सूरजपाल उर्फ भूरा रहे मुख्यातिथि

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** गांव शाहजहांपुर में बीते रविवार को कबड्डी खेलों का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साहपूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 वर्ष तक के खिलाड़ियों को भाग लेने का अवसर दिया गया, जिसमें कुल 30 टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया।

प्रतियोगिता में शाहजहांपुर गांव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि निमट्ठे गांव (गुरुग्राम) की टीम दूसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच सूरजपाल उर्फ़ भूरा ने दोनों विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए और खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण युवाओं में ऊर्जा,



अनुशासन और एकता का संचार करते हैं।

इस अवसर पर रज्जू सरपंच, जागेश्वर भाटी, खेल आयोजक देवेंद्र भाटी, डॉ. रमेश रावत, नैनपाल रावत के पुत्र विक्रांत रावत, अरुण भाटी और रामपाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## चेयरमैन डॉ. सुरेश नांदल ने कर्मचारी को दी नई इलेक्ट्रिक स्कूटी का तोहफा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 21 अक्टूबर।** जे.आर. किसान होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुरेश नांदल ने आज कॉलेज के वरिष्ठ कर्मचारी रामदयाल को नई इलेक्ट्रिक स्कूटी की चाबी भेंट की। डॉ. नांदल ने बताया कि रामदयाल पिछले लगभग 12 वर्षों से कॉलेज में कार्यरत हैं और अपनी ईमानदारी, निष्ठा और सेवाभावना के लिए सदैव प्रशंसा के पात्र रहे हैं। उम्र बढ़ने के साथ साइकिल से रोज़ाना कॉलेज आना उनके लिए कठिन हो गया था। इसे देखते हुए चेयरमैन डॉ. नांदल ने उन्हें यह स्कूटी एक उपहार (गिफ्ट) के रूप में प्रदान की, ताकि वे अपनी दैनिक यात्रा अधिक आराम और सुविधा के साथ कर सकें। इस अवसर पर बी.एड. कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. मीना मलिक, डॉ. अमरेंदर सिंह, डॉ. सविता दहिया, डॉ. सुमन अन्तिल एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## नान्दल खाप की विशेष बैठक में सामाजिक सरोकारों पर हुआ मंथन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 21 अक्तूबर।** नान्दल समाज सेवा समिति (रजि. नं. 2053) के तत्वावधान में आज नान्दल भवन, बोहर में अखिल भारतीय नान्दल खाप की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खाप के प्रधान ओमप्रकाश नान्दल ने की। इस अवसर पर अनेक सामाजिक एवं प्रशासनिक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का संचालन संजीत नान्दल (महासचिव) ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से एडवोकेट जसवंत नान्दल को खाप के प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया। साथ ही वर्ष 2024-2025 का वित्तीय विवरण खाप कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर गांव कृतिक खेती के सरपंच जयप्रकाश नान्दल



को उनके द्वारा किए गए प्राकृतिक खेती और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधान ओमप्रकाश नान्दल ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं समाज के लोगों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा समाज में एकता, सहयोग और प्रगति का संदेश दिया। बैठक में उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने हाल ही में पुलिस विभाग में हुई चर्चित आत्महत्याओं पर गहरा रोष व्यक्त किया और सरकार से मांग की कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महासचिव संजीत नान्दल, डा. सुरेश नान्दल (कोषाध्यक्ष), बल्बीर, रघुबीर सिंह माजरा, अजयपाल, रामफल, इन्द्र, बिल्लू कुताना, सुरेश फौजी, धर्मबीर, कृष्ण कालिमा, काला, विरेन्द्र काला, रामबीर, सतीश मालरा, कुलदीप, विरेन्द्र जे.ई., और धनीराम आर्य सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 1 नवंबर से सभी तहसीलों में कागज रहित होगा पंजीकरण अनिवार्य : डॉ. वीरेंद्र

**पानीपत (सुभाष जैन)।** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 1 नवंबर 2025 से हरियाणा के सभी जिलों में कागज रहित पंजीकरण अनिवार्य कर दिया जाएगा। इस तिथि के बाद, मौजूदा अपॉइंटमेंट-आधारित पंजीकरण प्रणाली जिला की सभी तहसीलों में बंद कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि उपरोक्त तिथियों के बाद पुरानी पंजीकरण प्रणाली काम नहीं करेगी।

सुचारू डेटा स्थानांतरण सुनिश्चित करने के लिए सभी नामांतरण प्रविष्टियाँ 25 अक्टूबर 2025 से पहले शामिल की जानी चाहिए। सभी हितधारकों को सलाह दी जाती है कि वे इस समय नए स्टाम्प पेपर न खरीदें।

तैयारी — मुख्यमंत्री दिखाएंगे झंडी, सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर फतेहाबाद में होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

## एकता व भाईचारे के संदेश के साथ दौड़ेगा जिला फतेहाबाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहाबाद, 21 अक्टूबर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को फतेहाबाद जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और वे सुबह 7 बजे पंचायत भवन, फतेहाबाद से रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह मैराथन देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश के साथ दौड़ेगी और एमएम कॉलेज मैदान में इसका समापन होगा। जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम में



आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है ताकि फतेहाबाद जिले का प्रत्येक नागरिक सरदार पटेल के विचारों और राष्ट्रनिष्ठा के संकल्प से जुड़ सके।

मंगलवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय स्थित एनआईसी रूम में रन फॉर यूनिटी आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता तथा हरियाणा सरकार में विशेष कार्य अधिकारी पंकज नैन के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस के पश्चात जिला के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित रूप से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ रूट प्लान का निरीक्षण किया और सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह दौड़ राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक होगी, जिसमें स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थी, खिलाड़ी, नेहरू युवा केंद्र के युवा, महिला समूह, सीनियर सिटीजन, समाजसेवी संस्थाएं और आम नागरिक शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रतिभागी अपने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के जज्बे के साथ दौड़ेंगे, जो एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसी भावना को आगे बढ़ाने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाता है।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की तैयारियां समय पर और विभागीय समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सहायता, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और मीडिया कवरेज की रूपरेखा पहले से तैयार कर ली जाए ताकि यह आयोजन गरिमामयी और प्रेरणादायक बन सके।

## 52 राजाओं को मुगलों की कैद से गुरु हरगोविंद साहिब ने रिहा करवाया था : ओंकार सिंह

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला छावनी।** हिंदू और सिख भाईचारे के सांझे त्यौहार दीपावली व बंदी छोड़ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इनैलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहाकि सिख धर्म में दीपावली के पर्व को 'बंदी छोड़ दिवस' के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक इतिहासकारों के मुताबिक मुगलों ने जब मध्य प्रदेश के ग्वालियर के किले को अपने कब्जे में लिया तो इसे जेल में तबदील कर दिया था जहां मुगल सल्तनत के लिए खतरा माने जाने वाले लोगों को कैद करके रखा जाता था। बादशाह जहांगीर ने यहां 52 राजाओं के साथ सिख धर्म के 6वें श्री गुरु हरगोविंद साहिब को भी कैद रखा था। सम्राट जहांगीर को सपने में एक फकीर लगातार गुरु साहिब को आजाद करने का हुक्म देने लगा। बादशाह इस सपने से परेशान रहने लगा। उसने इस सपने का जिक्र एक फकीर से किया। फकीर ने गुरू हरगोविंद साहिब को तत्काल रिहा करने की सलाह दी। रिहाई का आदेश जारी हुआ तो गुरु साहिब जी ने 52 कैदी राजाओं को भी रिहा करने की मांग रख दी और कहा कि उनके बिना वह जेल से बाहर नहीं जाएंगे। सम्राट जहांगीर को उन 52 राजाओं को रिहा करना मुगल सल्तनत के लिए खतरनाक लग रहा था। उसने फकीर की सलाह पर हुक्म जारी किया कि जितने राजा गुरु हरगोविंद साहिब का दामन थाम कर बाहर आ सकेंगे वे रिहा कर दिए जाएंगे। बादशाह को लग रहा था कि 52 राजा इस तरह बाहर नहीं आ पाएंगे। कैदी राजाओं को रिहा करवाने के लिए गुरु साहिब ने 52 कलियों का चोला सिलवाया।

**ऐतिहासिक दिवाली 2025**

# भारतीय खुदरा बाजार ने तोड़े रिकार्ड, कारोबार 6.5 लाख करोड़ के पार

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 21 अक्टूबर।** इस वर्ष की दिवाली भारतीय खुदरा व्यापार के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ÷दिवाली त्यौहार बिक्री 2025÷ पर जारी रिपोर्ट के अनुसार देशभर में कुल ?6.05 लाख करोड़ का अभूतपूर्व कारोबार हुआ, जिसमें ?5.40 लाख करोड़ वस्तुओं की बिक्री और ?65,000 करोड़ सेवा क्षेत्र से रहा। यह अब तक का सबसे बड़ा त्योहारी व्यापार आंकड़ा है।

कैट की रिसर्च शाखा 'कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी' द्वारा देश के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों (राजधानियों व टियर-2 व टियर-3 शहरों) पर आधारित सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई है।

कैट चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष हरीश गर्ग ने बताया कि यह व्यापारिक सफलता न केवल



आर्थिक शक्ति को दर्शाती है, बल्कि 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी दिवाली' जैसे अभियानों की सफलता को भी रेखांकित करती है। गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी के 'मजबूत ब्रांड एंबेसडर' के रूप में उभरे हैं, जिनके आह्वान का असर देशभर में महसूस किया गया। हरीश गर्ग ने कहा कि 'दिवाली 2025 भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता, परंपरा और तकनीकी विकास का प्रतीक बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खुदरा व्यापार क्षेत्र अब आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बन चुका है।'

**स्वदेशी वस्तुओं की मांग में भारी उछाल:** रिपोर्ट के अनुसार, 87 फीसदी उपभोक्ताओं ने विदेशी वस्तुओं की जगह भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दी, जिससे चीनी उत्पादों की मांग में तीव्र गिरावट आई। भारतीय निर्मित वस्तुओं की बिक्री में 25 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**व्यापार में 25 प्रतिशत की सालाना वृद्धि:** दिवाली 2024 में रुपये 4.25 लाख करोड़ के मुकाबले इस वर्ष कुल बिक्री में 25 फीसदी की वृद्धि हुई। गर्ग ने बताया कि 85 प्रतिशत व्यापार गैर-कॉरपोरेट एवं पारंपरिक बाज़ारों से हुआ, जो स्थानीय व्यापारियों की सशक्त वापसी का प्रमाण है।

### प्रमुख क्षेत्रों में बिक्री का वितरण

- किराना व एफएमसीजी: 12 फीसदी
- सोना-चाँदी: 10 फीसदी
- इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल्स: 8 फीसदी
- कंज्यूमर ड्यूरेबल्स: 7 फीसदी
- परिधान व वस्त्र: 11 फीसदी (रेडीमेड + पारंपरिक)
- गिफ्ट आइटम: 7 फीसदी
- होम डेकोर व फर्नीचर: 10 फीसदी
- मिठाई, नमकीन, फल, मेवा: 11 फीसदी
- अन्य वस्तुएँ: 19 फीसदी

### सेवा क्षेत्र भी रहा सक्रिय

- सेवा क्षेत्र में भी रुपये 65,000 करोड़ का व्यापार दर्ज किया गया, जिसमें पैकेजिंग, हॉस्पिटैलिटी, टैक्सी, ट्रैवल, इवेंट मैनेजमेंट, डिलीवरी व मैनपावर जैसी सेवाओं ने बड़ी भूमिका निभाई।

### जीएसटी दरों में कटौती ने दी राहत

- 72 फीसदी व्यापारियों का मानना है कि जीएसटी दरों में तर्कसंगत कटौती से बिक्री को सीधा लाभ मिला है। उपभोक्ताओं ने भी मूल्य स्थिरता को एक बड़ी सकारात्मक बात माना।

### उपभोक्ता और व्यापारी विश्वास उच्चतम स्तर पर

- ट्रेडर कॉन्फिडेंस इंडेक्स (TCI): 8.6/10
- कंज्यूमर कॉन्फिडेंस इंडेक्स (CCI): 8.4/10

– गर्ग ने कहा कि यह आंकड़े दर्शाते हैं कि उपभोग में यह तेजी स्थायी है, जो बढ़ती आय और स्थिर महंगाई दर के कारण आई है। यह रुझान आगामी सर्दी, शादी-विवाह और अगले त्योहारी मौसम तक जारी रहने की उम्मीद है।

### 50 लाख अस्थायी रोजगार का सृजन

–गर्ग ने बताया कि दिवाली 2025 के दौरान 50 लाख अस्थायी नौकरियों का सृजन हुआ। ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों ने 28 फीसदी व्यापार में योगदान देकर देशभर में आर्थिक संतुलन को दिखाया।

### सरकार को दिए गए सुझाव

- जीएसटी प्रक्रियाओं का सरलीकरण
- टियर-2 व टियर-3 शहरों में लॉजिस्टिक्स हब का विकास
- डिजिटल पेमेंट्स पर बैंक कमीशन समाप्त किया जाए
- शहरी बाज़ारों में ट्रैफिक, पार्किंग व अतिक्रमण प्रबंधन बेहतर किया जाए
- 'स्वदेशी' अभियान को संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जाए

## यूटी पुलिस ने भी मनाया दिवाली का त्यौहार

एसएसपी कंवरदीप कौर ने नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों को मिठाइयाँ बांटी

पटाखों से संबंधित 137 और आग लगने की घटनाओं की 22 कॉल आईं

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 21 अक्तूबर।** ब्यूटीफुल सिटी चंडीगढ़ में मंगलवार को दिवाली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया।वही यूटी पुलिस ने भी इस त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया। यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते के शहर में झपटमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न स्थानों पर 42 फ्लोटिंग नाके लगाए गए थे।इस संबंध में व्यस्त बाजारों,कॉलोनियों और रिहायशी इलाकों में लगभग 850 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।बाजारों में विशेष महिला दस्ता तैनात किया गया था। दिवाली के जश्न के उपलक्ष्य में ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को मिठाइयाँ भी वितरित की गई। यहाँ तक कि एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर ने शहर में ड्यूटी की निगरानी करते हुए व्यक्तिगत रूप से पुलिसकर्मियों को मिठाइयाँ वितरित कीं।इस प्रकार,शहर में दिवाली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। वही दूसरी ओर, पीसीआर वाहनों को हाई अलर्ट पर रहने के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित किया गया था। आम जनता की सुविधा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों, खासकर स्कूलों के मैदानों में, विभिन्न पार्किंग स्थलों पर वाहनों की पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए 38 पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए थे। इसके अलावा, पटाखों से संबंधित 137 और आग लगने की घटनाओं की 22 कॉल आईं।

## मोहाली में आदतन चोर से 6 बाइक बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**खरड़, 21 अक्तूबर।** मोहाली जिले की खरड़ पुलिस ने सन्नी एन्क्लेव में सक्रिय एक आदतन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजू कुमार उर्फ प्रियार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की कुल छह मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

सन्नी एन्क्लेव चौकी इंचार्ज हरदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्रीन मार्केट में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि आरोपी राजू कुमार मुंडी खरड़ के लेबर चौक के पास बिना नंबर की काली हीरो बाइक पर घूम रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने पहले चोरी की गई बाइक बरामद की। उसकी निशानदेही पर पांच अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं। इन वाहनों के इंजन नंबर जानबूझकर मिटा दिए गए थे ताकि उनकी पहचान मुश्किल हो सके। डीएसपी खरड़ करण सिंह संधू ने बताया कि राजू कुमार एक आदतन चोर है और कई पुरानी चोरी की वारदातों में भी शामिल रहा है।

पुलिस अब उससे अन्य चोरी के मामलों की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से इलाके में बढ़ती चोरी की वारदातों पर अंकुश लगने की उम्मीद है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाना खरड़ में एफआईआर दर्ज की गई है। उसे खरड़ अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

## गोवर्धन पूजा व विश्वकर्मा दिवस पर सरकारी छुट्टी घोषित

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ प्रशासन ने 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा व विश्वकर्मा दिवस के मौके पर बुधवार को पब्लिक होली-डे घोषित किया है। सभी सरकारी दफ्तर, बोर्ड कारपोरेशन व इंडस्ट्रियल अदारे बंद रहेंगे। इससे पहले प्रशासन ने इन दोनों पर्व पर वैकल्पिक होली-डे घोषित किया था।

## हाईकोर्ट ने हरियाणा की जिला अदालतों में 27 जज बदले
### विधायकों व सांसदों के केस ट्रांसफर करने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 अक्तूबर।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा में 27 न्यायिक अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। यह आदेश सोमवार को दीपावली के अवसर पर किए गए हैं। जिन्हें तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि मनीष दुआ को छोड़कर अन्य अधिकारी अपने वर्तमान कार्यभार को तुरंत छोड़ कर अपने नए कार्यभार को संभालें। मनीष दुआ का ट्रांसफर एवं नियुक्ति 3 नवंबर 2025 से प्रभावी होगी।

ऑर्डर में लिखा है कि संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश यह सुनिश्चित करेंगे कि यदि कोई अधिकारी सांसदों, विधायकों के मामलों से निपट रहा है, तो ऐसे मामलों को वहां निर्धारित अगली तारीख से पहले ही सक्षम क्षेत्राधिकार वाले किसी अन्य न्यायालय को सौंप दिया जाए। हाईकोर्ट के ऑर्डर में लिखा है कि पंचकूला, फरीदाबाद और गुरुग्राम में विशेष रूप से पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की है। इसका आदेश चाइल्ड रेप की घटनाएं बढ़ने का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिया था।


दीपावली / विश्वकर्म दिवस के शुभ अवसर पर खन्ना विशेषांक
































अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)